डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

श्रवण शुक्ल पक्ष 07, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 11 अगस्त 2024, वर्ष-30, अंक-294, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com




**सेंसेक्स**
79,705.91 ↑ +819.69

**डॉलर**
83.971 ↑ -0.042

**पलामू सर्राफा**
10 ग्राम 69,830
01 किलो 80,670

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

# इंजीनियरिंग कॉलेज में परीक्षा के दौरान मारपीट, परीक्षार्थियों ने फाड़ी उत्तर पुस्तिकाएं



- **जांच कर दोषियों पर होगी कार्रवाई : प्राचार्य**
- **डीएवी इंजीनियरिंग कॉलेज डालटनगंज का परीक्षा केंद्र था**

### परीक्षार्थी मनमानी करना चाह रहे थे

राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में डीएवी इंजीनियरिंग कॉलेज डालटनगंज का परीक्षा केंद्र बनया गया था। परीक्षा शुरू होने के बाद छात्रों व छात्रों के बीच किसी बात को लेकर बहस शुरू हो गई। जानकारी के अनुसार छात्र मनमानी करना चाह रहे थे, लेकिन शिक्षकों ने जब छात्रों को मनमानी करने से रोका तब छात्र ने उत्तरपुस्किा को विरोध स्वरूप फाड़कर खिलड़की रास्ते भाग गएं।



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बसौरा में स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय पलामू में बीटेक चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा के दौरान छात्रों व शिक्षकों के बीच परीक्षा कक्षा में जमकर हंगामा किया गया। इस दौरान परीक्षा दे रहे छात्रों ने परीक्षा की उत्तर पुस्तिका फाड़ने व कुछ छात्रों द्वारा खिड़की का शीशा तोड़कर भागने की घटना मामला सामने आया है। घटना के संबंध में पूछने पर एग्जाम ऑब्जर्वर अमित कुमार ने बताया कि प्रथम पाली में बीटेक चतुर्थ सेमेस्टर में छात्रों व शिक्षकों द्वारा नोक-झोक की घटना हुई है। इस कारण सेकंड शेष पृष्ठ 11 पर

# भाजपा विधायक 10 सालों में पांच उपलब्धि नहीं गिना पा रहे : राजेंद्र सिन्हा




- **कार्यकर्ताओं ने विधानसभा क्षेत्र से झामुमो के चुनाव लड़ने व जिला अध्यक्ष को उम्मीदवार बनाने की मांग पार्टी से रखी**
- **सतबरवा में झामुमो का कार्यकर्ता सम्मेलन**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव को लेकर झामुमो ने तैयारी शुरू कर दी है। कार्यकर्ताओं का मन टटोलने के लिए शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा का प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सतबरवा के बलवंत सिंह नामधारी कॉलेज में हुई। सम्मेलन में एक स्वर से डालटनगंज, चैनपुर, भंडरिया विधानसभा क्षेत्र से झामुमो के चुनाव लड़ने व पार्टी का उम्मीदवार जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्ह को बनाने की मांग की गई। हाल के दिनों में झामुमो विधानसभा चुनाव की तैयारी में जोरशोर से लगा है। सभी प्रखंडों में कार्यकर्ता सम्मलेन आयोजित किया जा रहा हैं। पलामू में झामुमो के प्रति लोगों का प्रति दिन रुझान बढ़ रहा है। इससे झामुमो काफी मजबूत हुई है। झामुमो अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा के नेतृत्व में पलामू में कार्यकर्ता सम्मेलन में लोग बढ़ चढ़ कर भाग ले रहें हैं। कार्यकर्ता सम्मेलन के मुख्य अतिथि राजेंद्र प्रसाद सिन्हा का झामुमो कार्यकताओं ने शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### वित्त सचिव टीवी सोमनाथन दो साल के लिए कैबिनेट सचिव नियुक्त हुए

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वित्त सचिव टीवी सोमनाथन को 30 अगस्त से 2 साल के लिए कैबिनेट सचिव नियुक्त किया है। वे 1982 बैच के आईएएस अधिकारी राजीव गौबा का स्थान लेंगे। सरकार की ओर से शनिवार को जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने टीवी सोमनाथन, आईएएस की कैबिनेट सचिवालय में विशेष कार्य अधिकारी के रूप में नियुक्ति को भी मंजूरी दे दी है, जो कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से लेकर कैबिनेट सचिव का पदभार ग्रहण करने तक लागू रहेगा। तमिलनाडु कैडर के 1987 बैच के आईएएस के वरिष्ठ अधिकारी टीवी सोमनाथन को अप्रैल 2021 में वित्त सचिव नियुक्त किया गया था।

### अनंतनाग में मुठभेड़, दो जवान शहीद, तीन जख्मी

**अनंतनाग।** जम्मू-कश्मीर में अनंतनाग जिले के कोकरनाग के अहलान इलाके में शनिवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। यह मुठभेड़ क्षेत्र में चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान शुरू हुई। पहले मुठभेड़ में एक जवान के घायल होने की खबर आई, इसके कुछ देर बाद एक और जवान जख्मी हो गया। सेना की ओर से जारी किए गए अपडेट में दो जवानों की शहादत की खबर आई, साथ ही तीन और जवानों के जख्मी होने की भी जानकारी मिली। सेना की ओर से बताया गया कि विशिष्ट खुफिया इनपुट के आधार पर, भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ शनिवार को सामान्य क्षेत्र कोकेरनाग, अनंतनाग में एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया है।

# जेजेएमपी के दो उग्रवादी हथियार के साथ गिरफ्तार

- **दो दिनों में पलामू पुलिस को दो बड़ी सफलता**
- **जेजेएमपी का पूर्व एरिया कमांडर रहा है ललन भुइयां**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस को उग्रवादी विरोधी अभियान में लगातार सफलता मिल रही है। दो दिनों के अंदर पुलिस ने उग्रवादी संगठनों के तीन बड़े उग्रवादियों को पकड़कर उग्रवादी संगठनों की कमर तोड़ दी। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार की रात्रि चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बरांव चढ़नवा मोड़ के पास से जेजेएमपी के पूर्व एरिया कमांडर व वर्तमान में पलामू के चैनपुर, रामगढ़, पांकी, सतबरवा, सदर थाना, लातेहार के गारू, लातेहार के विभिन्न कांडों का टॉप लीडर ललन भुइयां, उर्फ अर्जुन,उर्फ अर्जुन सिंह व उसका सहयोगी वीरेंद्र भुइयां को गिरफ्तार करने में सफल रही है। पुलिस ने उनके पास से एक लोहा का पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस व एक मोटरसाइकिल बरामद किया है। शनिवार को पलामू पुलिस कप्तान रीष्मा रमेशन ने अपने कार्यालय में पत्रकारों को बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दो संदिग्ध लोग बरांव के पास घुम रहें हैं। सूचना के सत्यापन के बाद एसडीपीओ शेष पृष्ठ 11 पर

### अपराधी मोनू सोनी का सहयोग रहा है ललन

ललन भुइयां व वीरेंद्र भुइयां पलामू में लूट की योजना बनाने क्रम में ही पुलिस के हाथों के पकड़े गए। ललन जेजेएमपी का पूर्व एरिया कमांडर रह चुका है। जेल से बाहर आने के बाद वह मोनू सोनी के साथ सोना लूट की घटनाओं में शामिल रहा है।

### स्वास्थ्यकर्मी का बाइक लूटा था

25 जुलाई को गढ़वा जिला के डंडा थाना क्षेत्र में ललन भुइयां, वीरेंद्र भुइयां ने एक स्वास्थ्यकर्मी को गोली मारकर उसकी बाइक लूट कर उसका इस्तेमाल गुमला में सोना लूटने में किया जाना था। इस दौरान रास्ते में बाइक खराब होने पर लूट के लिए दूसरी बाइक का इस्तेमाल किया गया।

### विरेन्द्र पर दर्ज मामले

- डालटनगंज सदर थाना में विभिन्न धारा के तहत मामला।
- सतबरवा थाना शस्त्र अधिनियम के तहत मामला।
- गुमला थाना में विभिन्न धारा के तहत बीएनएस आर्म्स एक्ट, डंडा थाना में भी विभिन्न धारा के तहत व बीएनएस व 27 आर्म्स एक्ट का मामला।

### ललन पर दर्ज मामले

- पांकी थाना में 17 सीएलए एक्ट, शस्त्र अधिनियम व 17 सीएलए एक्ट मामला।
- गारू थाना में विभिन्न धारा के तहत व17 सीएलए एक्ट का मामला
- चैनपुर थाना व रामगढ़ थाना में विभिन्न धारा व शस्त्र अधिनियम 17 सीएलए एक्ट का मामला।

# झारखंड के कलाकारों के लिए बनेगी विशेष पॉलिसी : हेमंत सोरेन



- **विश्व आदिवासी दिवस के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए मुख्यमंत्री**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन शनिवार को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान रांची के ऐतिहासिक परिसर में आयोजित दो दिवसीय ₹झारखंड आदिवासी महोत्सव, 2024 के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 में राज्य सरकार द्वारा झारखंड के कलाकारों के लिए विशेष पॉलिसी बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के कलाकार झारखंड की कला-संस्कृति को संरक्षित करने का कार्य कर रहे हैं। यहां के कलाकारों को आने वाले दिनों में एक बेहतर नीति और कार्ययोजना बनाकर आगे बढ़ाने का काम उनकी सरकार करेगी ताकि झारखंड के कलाकार देश और दुनिया में अपने हुनर का प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य के कलाकार झारखंड की कला-संस्कृति को निरंतर आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। इनके प्रयासों को और मजबूती प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल और कला, संस्कृति के क्षेत्र में झारखंड की पूरे विश्व में अलग पहचान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल के क्षेत्र में बात करें तो हॉकी इंडिया में झारखंड के खिलाड़ियों का अहम योगदान रहा है। देश की महिला हॉकी टीम में इस राज्य की महिला खिलाड़ियों ने एक अलग मुकाम हासिल की है।

**गीत-नृत्य झारखंड की कला-संस्कृति का अहम हिस्सा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समय बारिश का मौसम है। खेत-खलिहान से जुड़े लोगों के मन में भी उत्साह है और सामाजिक सरोकार रखने वाले लोगों के मन में भी उत्साह है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड आदिवासी बहुल राज्य है। यहां के आदिवासी समाज के लोग यहां की कला-संस्कृति को संरक्षित करने का काम करते हैं। राज्य की समृद्ध कला-संस्कृति का सीधा जुड़ाव प्राकृतिक से भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गीत-नृत्य यहां की कला-संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो अनवरत चलता रहता है। इसी कड़ी में विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर आयोजित झारखंड आदिवासी महोत्सव में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई चुनौतियों का सामना करते हुए आदिवासी समाज के लोग अपनी कला-संस्कृति, रहन-सहन और समृद्ध आदिवासियत को बचाने के लिए जद्दोजेहद में लगे हैं।

**धीरे-धीरे ही सही लेकिन आदिवासी समाज के लोग अब हर क्षेत्र में बढ़ रहे हैं आगे :** मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यापार जगत हो, न्यायपालिका शेष पृष्ठ 11 पर

## आज | कल




# अब होमगार्ड को मिलेगा प्रतिदिन 1088 रुपया भत्ता

- **होमगार्ड जवानों को पुलिसकर्मियों की तरह समान काम, समान वेतन मिलेगा**
- **हाईकोर्ट ने दिया था आदेश, एससी ने सरकार के आवेदन को कर दिया था खारिज**



**रांची।** झारखंड में होमगार्ड को अब पुलिसकर्मियों के बराबर डेली ड्यूटी वेज का भुगतान किया जाएगा। सीएम हेमंत सोरेन ने शनिवार को इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दी। मंजूर प्रस्ताव के अनुसार, ड्यूटी पर तैनात किए जाने वाले होमगार्ड को प्रतिदिन 1088 रुपए की दर से भुगतान किया जाएगा। अब तक उन्हें डेली ड्यूटी वेज के तौर पर 500 रुपए का भुगतान किया जाता है। बता दें कि झारखंड हाईकोर्ट ने पिछले साल 12 जनवरी को राज्य सरकार की ओर से दायर एसएलपी की सुनवाई के दौरान आदेश दिया था कि होमगार्ड जवानों को तीन माह के अंदर पुलिसकर्मियों के अनुमान्य मूल वेतन के बराबर समान कार्य का समान वेतन का लाभ दिया जाये। इस पर सरकार ने हाईकोर्ट से होमगार्ड जवानों को समान कार्य शेष पृष्ठ 11 पर

# मुख्यमंत्री ने जन्मदिन पर दिखाया हाथ पर लगे कैदी का निशान



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को 49वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने जेल के दिनों को याद करते हुए हाथ पर लगे कैदी के निशान को दिखाया। साथ ही सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर आदिवासी, मूलवासी, पिछड़ों और दलितों के पक्ष में आवाज बुलंद करने का संकल्प भी लिया। हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर हाथ पर लगे कैदी के निशान को दिखाते हुए लिखा कि जन्मदिन के मौके पर बीते एक साल की स्मृति मेरे मन में शेष पृष्ठ 11 पर

# आदिवासियों की नहीं घुसपैठियों की सरकार चल रही : हिमंता

- **राज्य के 19 विधानसभा क्षेत्र में 20 प्रतिशत से भी ज्यादा घुसपैठिए बढ़े**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** असम के मुख्यमंत्री व भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने शनिवार को राज्य सरकार और इसके मुखिया हेमंत सोरेन पर युवाओं से धोखाधड़ी करने, झूठ बोलने और छलने का आरोप लगाया। हिमंता ने कहा कि आज राज्य में दो ही प्रमुख मुद्दे हैं। पहला... राज्य सरकार के वादा खिलाफी पर जनता में आक्रोश और दूसर घुसपैठियों से राज्य को बचाना। उन्होंने कहा कि घुसपैठियों के कारण राज्य की डेमोग्राफी बदल चुकी है। राज्य के 19 विधानसभा क्षेत्र में 20% से ज्यादा घुसपैठिए बढ़े हैं। चाहे तारानगर हो, गोपीनाथपुर हो या गायबथान यहां आदिवासी मुख्यमंत्री का नहीं घुसपैठियों का शासन चल रहा। हमारी सरकार आते ही घुसपैठ पर रोक लगेगी।

कहा, हेमंत जितना झूठ बोलने वाला मुख्यमंत्री कहीं नहीं है। हेमंत रात को सपना देखते हैं और सुबह में वादा कर देते हैं। जनता जानना चाहती है आपके वादे पूरे कब होंगे। हेमंत सोरेन न वादा निभाते हैं न अपनी वादाखिलाफी पर जनता से माफी मांगते हैं। मुख्यमंत्री के बोलने का तरीका डेमोक्रेटिक नहीं है। वह 5 लाख नौकरी के वादे, बेरोजगारी भत्ता, बांग्लादेशी घुसपैठ पर बोलने को तैयार नहीं हैं। ऐसी सरकार अगर आगे चली तो राज्य के युवाओं का कोई भविष्य नहीं बचेगा। हॉस्टल में आदिवासी बेटा रो रहा और हेमंत सरकार उन्हें नक्सली बताकर मुकदमा दर्ज करा रही। राज्य सरकार को ममता बनर्जी धमकाती है और हेमंत सोरेन चुप रहते हैं। क्या यही झारखंडी अस्मिता की रक्षा है। युवाओं, महिलाओं, किसानों, शेष पृष्ठ 11 पर

# इंडिया

## सदन में व्यक्तिगत विवादों से ध्वस्त होती उच्च परंपराएं और बढ़ता खर्च



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

संसद के उच्च सदन राज्यसभा में नेताओं के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के बौद्धिक लोगों के कारण इसे विशेष सम्मान प्राप्त है और इसका गौरवपूर्ण इतिहास उच्च परंपराओं का है पर इसके साथ लोकसभा में भी जो दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं घटीं उससे न सिर्फ संसद की गरिमा को ठेस पहुंची बल्कि गुड्डी फिल्म की चुलबुली हीरोइन और अनेक फि ल्मों की गंभीर अभिनेत्री जया बच्चन के संसदीय व्यवहार के साथ चयन पर भी सवाल उठ खड़े हुए। जया जी ने उपराष्ट्रपति सह राज्यसभा के सभापति पर आरोप लगाया कि उनका टोन स्वीकार्य नहीं है और वे भी उनके साथी हैं अलग नहीं! क्या सभापति एक सांसद मात्र होता है? या उपराष्ट्रपति का संवैधानिक पद समकक्ष न होकर निर्णायक का होता है और प्रोटोकॉल में सांसद से ऊपर होता है? सत्ताधारी सांसदों के अनुसार उनका स्वयं का व्यवहार और टोन सभापति या उपसभापति के प्रति सम्मानजनक न होकर अहंकार भरा होता है जिस कारण इन्होंने संसद के बाहर सभापति से माफी की मांग की जो इतिहास में पहली बार हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा सहित सदन में उपस्थित अनेक वरिष्ठ सदस्यों ने उनके व्यवहार को अनुचित बताकर कार्रवाई की मांग की। एक दिन पहले लोकसभा में अखिलेश यादव ने भी इसी प्रकार के आरोप लगाए थे और कुछ दिनों पूर्व सदन में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी अध्यक्ष पर उंगली उठाई और माइक बंद करने का आरोप तक लगाया जिसपर सभी को बताया गया कि सदन में जो बातें रखी जाती हैं उन्हें सत्यापित करना पड़ता है और कार्यवाही नियमों के अनुसार चलती है न कि दबाव में मनमाने ढंग से । 29 जुलाई को को अपने नाम के साथ अमिताभ जोड़ने पर जया बच्चन ने हंगामा किया इस पर उपसभापति हरिवंश ने जवाब दिया कि जो राज्यसभा के रिकॉर्ड में है, वो पुकारा। दूसरा एपिसोड 2 जुलाई को सामने आया जब जब सदन में खुद जया बच्चन ने अपना नाम जया अमिताभ बच्चन कहा उस दिन सदन में खूब ठहाके लगे।



जया बच्चन 2004 से समाजवादी पार्टी कोटे से राज्यसभा में पांचवीं बार राज्यसभा के लिए चुनी गई हैं। पर 2024 के बजट सत्र में पहली बार नाम को लेकर विवाद हुआ है और ये विवाद बढ़ता जा रहा है अब तक तीन बार ये विवाद हो चुका है, कभी जया बच्चन अमिताभ जोड़े जाने से नाराज हो जाती हैं, तो कभी वो खुद अपने नाम के साथ अमिताभ लगा देती हैं. ऐसे में सत्ता पक्ष के नेता ये भी सवाल कर रहे हैं कि जया बच्चन को जया अमिताभ बच्चन कहे जाने पर आपत्ति क्यों है? जब उन्होंने शपथ ली थी, तब भी उनका नाम जया अमिताभ बच्चन ही पुकारा गया था, लेकिन तब उन्होंने इस पर कोई आपत्ति नहीं की थी। पर पिछले 10 दिनों 3 बार हुए व्यर्थ लगते विवाद से ढाई लाख रुपए प्रति मिनट की दर से संचालन लागत व्यर्थ गया है, सत्ता पक्ष और अन्य कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार विपक्ष राज्यसभा के सभापति के खिलाफ आर्टिकल 67 के तहत अविश्वास प्रस्ताव लगा सकता है अनेक सदस्यों के हस्ताक्षर हो चुके हैं आवश्यक संख्या 50 है। ये प्रस्ताव फिलहाल कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के दफ्तर में रखा हुआ हैं। इस पर निर्णय अभी नहीं लिया गया पर अगली बैठक में संभावना है। विवाद के पीछे बड़ा कारण ये है कि जया बच्चन महाराष्ट्र से आती हैं। जहां विवाहित महिलाओं के सरनेम में महिला के नाम के बाद उसके पति का नाम लिखा जाना अनिवार्य होता है। इसलिए जया बच्चन के नाम के पीछे अमिताभ लगा हुआ है। झारखंड के दो प्रसंग बहुत चर्चित हैं बिहार के जमाने में एक राजनीतिक परिवार के व्यवसायी रोज शो से वापसी में राज्यपाल के साथ उनकी कार में बैठ गए थे तो एडीसी ने बाद में उन्हें प्रोटोकॉल समझाया था। झारखंड राजभवन के एक शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल के साथ उनके सोफे पर बैठे पूर्व मुख्यमंत्री को तत्कालीन राज्यपाल जस्टिस एम रामा जोईस ने एडीसी को बोलकर उठा दिया था। बहुत से संवैधानिक पद नेताओं की सादगी के कारण साधारण लगते हैं पर प्रोटोकॉल या सामान्य शिष्टाचार की मांग है कि हमें उनका आदर करना चाहिए अन्यथा उनकी विश्वसनीयता और सम्मान कम होगा जो लोकतंत्र के लिए उचित नहीं।

# उपचार के साथ फाइलेरिया के प्रति लोगों को जागरूक करना भी जरूरी : डॉ. ईश्वर सागर



● सीएचसी में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन पखवाड़ा कार्यक्रम शुरू, 25 अगस्त तक चलेगा कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को फलेरिया पखवाड़ा कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी,जिला पार्षद विजय रविदास व प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मुन्ना चंद्रवंशी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा फलेरिया मरीजों तक सुलभता के साथ दवा और उपचार पहुंचाया जा रहा है, लेकिन फाइलेरिया से बचाव हेतु लोगों को जागरूक करना भी बेहद जरूरी है। श्री चंद्रवंशी ने लोगों से इस अभियान में जुड़कर स्वास्थ्य लाभ लेने का अपील की। जिला पार्षद विजय रविदास ने कहा कि फ्लेरिया से बचाव ही सबसे कारगर उपाय है। चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार ने बताया कि फ्लेरिया उन्मूलन पखवाड़ा 25 अगस्त तक मनाया जायेगा।

**घर- घर जाकर लोगों को दवा दी जायेगी :** इसके तहत आज सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर बूथ स्थापित किया गया है। बूथों पर लोगों को आईडीएसी दावा खिलाई जा रही है। रविवार से घर ।घर जाकर लोगों को दवा दी जायेगी। उन्होंने बताया कि फलेरियां उन्मूलन पखवाड़ा कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु 275 टीम गठित किया गया है, जिसमें स्वास्थ्य सहिया, आंगनबाड़ी सेविका और अनुबंधित स्वास्थ कर्मी को रखा गया है। इसके अलावा विश्रामपुर, पांडू,उंटारी व नावा बाजार प्रखंड के लिए चार आरआरटी टीम का भी गठन किया गया है। जिसके प्रमुख चिकित्सा पदाधिकारी रहेंगे। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया रोग से पीड़ित मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाने के लिए वाहन की भी व्यवस्था की गई है। मौके पर उप प्रमुख सतेंद्र नारायण सिंह,चिकितस पदाधिकारी डॉ दिनेश कुमार सिंह, बीपीओ मणि पांडेय, डॉ मनोज थॉमस, नेत्र चिकित्सक मनोज कुमार,इदरिश हवारी, सुनील कुमार चौधरी, बीपीएम पंकज पांडेय, बैम पंकज सिंह,बीडीएम रंजीत कुमार, एमटीएस पंकज कुमार, विनोद तिवारी, इस्लाम खलीफा, मिथलेश दुबे, एलटी संतोष कुमार, अनिल पांडेय, एमटीएस पंकज कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### हाथी पांव के नाम से चर्चित है फइलेरिया रोग : उप प्रमुख

**हैदरनगर।** प्रखंड के बभंडी पंचायत सचिवालय में विभागीय कार्यक्रम के तहत शनिवार को फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ उपप्रमुख पप्पू कुमार पासवान व मुखिया जितेन्द्र सिंह ने किया। पंचायत के दर्जनों गांवों से आये ग्रामीणों को उन्होंने बताया कि हाथी पांव के नाम से फाइलेरिया रोग चर्चित हो चुका है। यह रोग खून चूसने वाले कीड़ों के काटने से उत्पन्न होता है। इसके काटने के बाद कृमियों से संक्रमित होकर मानव शरीर के त्वचा, आंखों व अन्य अंगों को नुकसान पहुंचाता है। इससे खुजली, त्वचा की विकृति के साथ ही अंधापन होने का खतरा बढ़ता है। महिलाओं में इस रोग के होने से हाथ, पैर व जननांगों में सूजन के लक्षण सामने आते हैं। इससे बचाव के लिये सरकार ने बहुयामी अभियान शुरू कर सुदूर गांवों तक स्वास्थ्य विभाग की टीम के सहयोग से निःशुल्क दवा उपलब्ध करा रही है। जिसे सेवन में कतई कोताही नहीं करनी चाहिए।

## बीडीओ और सांसद प्रतिनिधि ने फाइलेरिया की दवा खाकर किया लोगों को जागरूक

मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** शनिवार को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता और बीडीओ रौशन कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बिनेश कुमार, दन्त चिकित्सा पदाधिकारी, डॉ. नीलम लकड़ा, डॉ. विकास कुमार गुप्ता के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 25 अगस्त तक पूरे हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में चलाया जायेगा। जिसमें 01 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार रूप से व्यक्तियों को छोड़कर सबको दवा का सेवन किया जाना है, दवा का सेवन पूरी तरह से सुरक्षित है। इसके खाने से हांथी पांव जैसी खतरनाक बीमारी नहीं होती है। उद्घाटन समारोह में ही प्रखंड विकास पदाधिकारी, सांसद प्रतिनिधि ने स्वयं दवा खाकर लोगों को दवा के प्रति जागरूक किया। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक बिभूति कुमार, प्रखंड लेखा प्रबधक प्रेममणि सुधांशु सहित सभी चिकित्सा कर्मी उपस्थित थे।



## एक नजर

### किसानों को फसल बीमा से अच्छादित करने की मांग

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष सह पलामू जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि पलामू जिले के किसान लगातार तीन वर्षो से सुखाड़ की मार झेल रहे हैं, लेकिन एक सप्ताह से लगातार बारिश हो रही है। लगभग 50 प्रतिशत धान की रोपाई हो गई है। उम्मीद है कि एक सप्ताह के अंदर सभी किसान का रोपाई हो जाएगी। बढ़ी हुई मंहगाई के कारण खेती करना अब आसान नहीं है। उन्होंने कहा है कि किसान कर्ज लेकर खेती कर रहे हैं। ऐसे में सरकार से मांग की है कि किसानों के लिए महत्वकांक्षी योजना प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों द्वारा लगाई गई। सभी खरीफ फसल को फसल बीमा योजना से अच्छादित करने की आवश्यकता है, ताकि किसान सुखाड़ की डर से भयभीत न हो । फसल का बीमा हो जाने से क्षतिपूर्ति मिलने का प्रावधान हो जाता है।

### पाटन के व्यक्ति की गुजरात में मौत

**पाटन।** प्रखंड के राजहारा पंचायत के बिल्हौरी गांव के 40 वर्षीय व्यक्ति की ट्रेन के धक्के से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार व्यक्ति विदेशी सिंह गुजरात कमाने गया हुआ था। एक कंपनी के रूम में रहता था और वहीं काम करता था। रूम के ही नजदीक रेलवे लाइन थी। मंगलवार को रेलवे लाइन को पार करने के दौरान उसे ट्रेन से धक्का लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक विदेशी सिंह के परिवार को इसकी सूचना दी गई। कंपनी और परिवार वाले की सहयोग से शुक्रवार को उनके शव को वापस गांव बिल्हौरी लाया गया। मृतक के पत्नी और दो छोटे-छोटे बच्चे भी है। मृतक एक महीना पहले कमाने गुजरात गया हुआ था। व्यक्ति पेशे से एक डंपर का ड्राइवर था। परिवारजनों का रो-रो का बुरा हाल है।

### पंचायत सचिवालय में ऑफलाइन आवेदन किया जा रहा संग्रह

**नावा बाजार।** मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना को लेकर नावाबाजार प्रखंड के राजहारा पंचायत सचिवालय में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जहां प्रत्येक दिन आनलाइन आवेदन अपलोड किए जा रहे हैं। वहीं में सर्वर डाउन होने के कारण आनलाइन आवेदन अपलोड करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि ऑफलाइन आवेदन भी पंचायत में संग्रह किए जा रहे हैं। मुखिया चंदन कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना का लाभ पंचायत क्षेत्र के अधिक से अधिक लोगों को मिले शिविर लगाकर आवेदन संग्रह किया जा रहा है। आने वाले सभी को आनलाइन किया जा रहा है। सर्वर की धीमी गति के कारण आनलाइन आवेदन में थोड़ी परेशानी हो रही है। मुख्यमंत्री के द्वारा ऑफलाइन आवेदन संग्रह करने का निर्देश प्राप्त है। प्रत्येक दिन शिविर आयोजित कर आवेदन संग्रह किए जा रहे हैं। किसी को परेशान होने की जरूरत नहीं है।

## एनएसएस की चांदनी कुमारी का राष्ट्रीय झंडोत्तोलन कार्यक्रम में चयन, लोगों दी बधाई





नवीन मेल संवादाता

**पांकी।** पांकी प्रखंड के मजदूर किसान महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना-राष्ट्रीय कैडेट कोर की स्वयं सेविका चांदनी कुमारी का का चयन स्वतंत्रता झंडोत्तोलन दिवस समारोह नई दिल्ली लाल किला परिसर में किए जाने वाले एवं कार्यक्रम के साक्षी के रूप में किया गया है। इनके चयन होने से महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, प्रखंड, जिला एवं राज्य गौरवान्वित हुआ है। महाविद्यालय के अध्यक्ष कालीचरण सिंह एवं सचिव डॉ. बिंदेश्वर सिंह ने चाँदनी को बधाई एवं शुभकामना देते हुए कहा कि इनका चयन होने से इस क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। नीलांबर- पीतांबर विश्वविद्यालय मेदिनीनगर के कुलपति एवं आयुक्त बाल किशुन, कार्यक्रम समन्वयक एनएसएसडॉक्टर प्रदीप कुमार, पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पलामू उपायुक्त शशि रंजन एवं नीलांबर -पीतांबर विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. शैलेश मिश्रा, विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारीगण ने चांदनी कुमारी के इस चयन पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय एवं पलामू जिले के लिए बहुत ही गर्व की बात है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ दिलीप कुमार राम, कार्यक्रम पदाधिकारी पुरुषोत्तम सिंह, विधायक पांकी विधानसभा क्षेत्र के कुशवाहा डॉ. शशि भूषण मेहता,पांकी प्रमुख पंचम प्रसाद, जिला परिषद सदस्य खुशबू कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण मुंडा, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. महेंद्र प्रसाद, थाना प्रभारी उत्तम तिवारी सहित महाविद्यालय परिवार के छात्र- छात्राएं, कार्यक्रम पदाधिकारी पुरुषोत्तम सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्ववर्ती एवं वर्तमान स्वयंसेवक सेविकाएं, दान दाता सदस्य , ग्रामीण एवं प्रखंड वासियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चांदनी कुमारी के चयन से हम गौरवान्वित महसूस करते हैं।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में धूमधाम से मनाई गई गोस्वामी तुलसीदास की जयंती



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य मृत्युंजय प्रसाद, संजय सिन्हा, शशि कुमार, राजेश्वर सिंह यादव, अभिषेक पाठक ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती एवं गोस्वामी तुलसीदास के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया। सभी धर्म को रामचरित मानस की रचना देने वाले संत तुलसीदास के जयंती को लेकर स्कूल में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य ने सभी भैया-बहनों को विद्यालय के प्रत्येक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। तुलसी जी का जीवन परिचय देते हुए उनके विषय में भैया बहनों को अभूतपूर्व जानकारियां प्रदान की, उनके जीवन से संबंधित प्रेरक प्रसंग, रचनाएं भी सुनाई। इस दौरान विद्यालय के आचार्य शशि कुमार ने गोस्वामी तुलसीदास के बारे में विस्तार से विद्यालय के भैया-बहनों को जानकारी दी। भगवान राम को मर्यादा पुरुषोतम कहा जाता है। क्योंकि स्वयं राम ही इस समाज में एक ऐसे उदाहरण है, जो मर्यादा को बचाएं रखा। पिता के कहने पर राजपाट छोड़कर वन को चले गए और माता सीता के चरित्र पर उंगली उठी, तो उनका पहले अग्निपरीक्षा लिया। और राम-सीता के पूरे जीवन को तुलसीदास ने रामचरित मानस में पिरोया है। वहीं आचार्य संजय सिन्हा ने दोहा व राम स्तुति प्रस्तुत कर वातावरण को भक्ति रस से सराबोर कर दिया।

### पुरस्कृत किये जायेंगे प्रतियोगिता में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले

इस मौके पर विद्यालय के सभी भैया- बहनों के लिए सुलेख, चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सभी वर्गों में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैया -बहनों को विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। धन्यवाद ज्ञापन आचार्य अभिषेक पाण्डेय के द्वारा किया गया। इधर जयंती समारोह को सफल बनाने में हिंदी विभाग के प्रमुख योगेन्द्र महतो, प्रचार-प्रसार प्रमुख राजकुमार सिंह,रंजीत मिश्र, हर्षदा उपाध्याय, दीपक पाण्डेय, छाया कुमारी, अ जय कुमार, नीतीश मिश्रा, मनोज सिंह, धर्मेंद्र कुमार सहित सभी आचार्य-दीदी जी का सराहनीय योगदान रहा।

## न्यूज बॉक्स

### स्वतंत्रता दिवस पर विभिन्न स्थानों में झंडोत्तोलन का समय तय



**मोहम्मदगंज।** प्रखंड विकास पदाधिकारी पारितोष प्रियदर्शी की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से विभिन्न स्थानों में स्वतंत्रता दिवस पर झंडोत्तोलन का समय तय किया गया। इसके अनुसार प्रखंड कार्यालय में सुबह 9.15, पशुपालन विभाग 9.30, थाना 9.45, जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 9.55 और सिंचाई विभाग, वन विभाग, बीआरसी, स्तरोन्नत रामवि, एसबीआई, जेआरजीबी व शिशु शिक्षा मंदिर में 10 वहीं सभी पंचायत सचिवालयों में 10.15 बजे झंडोत्तोलन का समय निर्धारित किया गया है। इसकी सूचना सभी संबंधित कार्यालयों को दे दी गई है। बैठक सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह, खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी नौशाद आलम, सीएचओ रामी किण्डो, युवा समाजसेवी सुशील कुमार मेहता और अन्य कई लोग शामिल थे।

### विधायक ने किया पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास



**पाटन।** प्रखंड के दुल्ही बाजार से कजरमा भुईंयाँ टोली तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक पुष्पा देवी ने ऑनलाइन किया। शिलान्यास पूर्व सांसद मनोज कुमार की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण परियोजना से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधाएं मिलेंगी और विकास की रफ्तार में वृद्धि होगी। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि जिला परिषद छतरपुर विधानसभा उमेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि पाटन संजय कुमार सिंह विधायक प्रतिनिधि, पड़वा के विधायक प्रतिनिधि वशिष्ठ मेहता किशनपुर विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह, पड़वा मंडल अध्यक्ष राकेश कुमार पांडे, सेमरी के पूर्व मुखिया शिव शंकर प्रसाद, श्रवन मिश्रा, नॉलेज सिंह,प्रमोद सिंह, अमित सिंह नवल सिंह, कामाख्या सिंह, निरंजन सिंह, प्रकाश पांडे, अभिजीत साहू, गोलू प्रसाद, कामता सिंह क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने इस पहल का स्वागत किया और इसके शीघ्र पूर्ण होने की कामना की।

### चार धाम मंदिर में हुआ फलदार पौधों का रोपण



**हुसैनाबाद।** जपला-धरहरा नहर मोड़ स्थित चारधाम मंदिर परिसर में अध्यक्ष सह भाजपा युवा नेता अजय प्रसाद गुप्ता ने एक दर्जन से अधिक फलदार पौधों का रोपण किया। उन्होंने बताया कि पौधे बढ़ाने की दिशा में सभी को बढ़चढ़कर पौधे रोपित करना चाहिए। अध्यक्ष सह भाजपा युवा नेता अजय प्रसाद गुप्ता की अगुवाई में पपीता, अनार, अमरूद, आम, नींबू आदि पौधे अपने हाथ से एक-एक पौधा लगाया और लोगों को इनकी नियमित देखभाल करने का जिम्मा सौंपा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण बचाने के लिए पौधे लगाना और उन्हें पेड़ बनने तक देखभाल करने से बड़ी कोई समाजसेवा नहीं हैं, क्योंकि समाज को स्वच्छ पर्यावरण देना पुण्य का कार्य है और वैसे भी अपने धार्मिक ग्रंथ भी पेड़- पौधों की पूजा करने की नसीहत देते हैं। समाज सेवा का पर्याय भी नेक काम करना ही है। उन्होंने कहा कि समाजसेवी संस्थाओं के साथ-साथ प्रत्येक नागरिकों को भी पौधे रोपित करना । ताकि क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण बना रहे। इस मौके पर पंडित द्रोणाचार्य तिवारी, रोहित कुमार, अक्षय कुमार, भोलू पंडा समेत मंदिर समिति के कई लोग मौजूद थे।

### कवलपुरा में पीसीसी पथ का शिलान्यास



**मोहम्मदगंज।** प्रखंड क्षेत्र के गोड़ाडीह पंचायत अंतर्गत कवलपुरा गांव में 15 वें वित्त मद से मेंहदी के घर से प्राथमिक विद्यालय तक के लिए स्वीकृत पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास जिला पार्षद प्रतिनिधि सह युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस पथ निर्माण की स्वीकृति जिला पार्षद अंजू देवी की अनुशंसा पर मिली है। उन्होंने कहा कि जिला पार्षद के चुनाव में क्षेत्र में विकास संबंधी जनता से किए गए वादे को पूरा करने की दिशा में हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में इस पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया है। कार्यक्रम में प्रखंड 20-सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह के अलावा ब्रह्मदेव राम, अमरीका पासवान,नागेंद्र गुप्ता,असेन्द्र पासवान, रोहित,बच्चन पासवान, बूटाई पासवान और दरोगा पासवान सहित अन्य कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# मौत का कुआं बन गया है एनएच 98 पर जान जोखिम में डालकर लोग कर रहे हैं यात्रा

### गड्ढे के कारण वहां आए दिन दुर्घटनाएं घट रही हैं

नवीन मेल संवाददाता

**नावाबाजार।** एनएच 98 की जर्जर व गड्ढे में तब्दील सड़क मौत का कुआं बन गया है। इस सड़क से गुजरने वाले लोग सदैव अनहोनी को लेकर आंशकित रहते हैं। सड़क पर बने बड़े बड़े गड्ढे जो दूर से दिखाई नहीं देते हैं। सड़क पर तेज रफ्तार से चल रहे वाहन गड्ढे से अपने को बचाने में सामने वाले वाहन से टकराकर असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। वहीं कई मोटरसाइकिल सवार गिरकर अपनी जान गवां रहे हैं या गंभीर रुप से घायल भी हैं। वहीं आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। सड़क की स्थिति काफी खराब होने के कारण वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विदित हो कि चार वर्ष पूर्व एनएच 98 का निर्माण कराया गया है। जो गाड़ियों के नियमित परिचालन में क्षतिग्रस्त हो गड्ढे में तब्दील हो हो गई है। यह कोई पहली बार नहीं यहां गड्ढे प्रायः देखी जाती रही है, जो संवेदक की ओर से निर्माण कार्य कराने में एक बड़ी लापरवाही को दर्शाता है। इसके प्रति प्रशासन भी गंभीरता नहीं दिखा रही, जबकि सड़क मार्ग से अधिकारियों का आना-जाना सदैव बना है। अगर यही स्थिति रही तो किसी भी दिन बड़ा हादसा भी हो सकता है।



### स्थानीय लोग इसे प्रशासन की लापरवाही मानते हैं

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर पहले छोटा गड्ढा था जो धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है। प्रतिदिन इस मार्ग पर आते जाते वाहन चालकों को इसकी जानकारी है पर नये वाहन चालक दूर से इस गड्ढे को समझ नहीं पाते। जो दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। प्रशासनिक लापरवाही का दंश सड़क दुर्घटना के शिकार हुए लोगों को झेलना पड़ रहा है। इन दिनों सड़क दुर्घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि होने से अब सड़क मार्ग से यात्रा करना खतरे से खाली नहीं रह गया है। बेशक प्रशासन सड़क दुर्घटना रोकने को लेकर प्रयास करती रही है। बावजूद सड़क दुर्घटना लगातार बढ़ती जा रही है। इसका प्रमुख कारण प्रशासनिक लापरवाही सहित बदहाल व्यवस्था भी है। सांकेतिक चिन्ह नहीं होने की वजह से वाहन अक्सर दुर्घटना का शिकार हो जाते है। गड्ढों में तब्दील हो गयी सडक पर प्रशासनिक पहल होती नहीं दिख रही। सड़क पर बने बड़े बड़े गड्ढे लगातार दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। सड़क की बदहाली किसी से छुपी नहीं है।

## चार वर्षों में भी नहीं बन पाया कोल्ड स्टोरेज, व्यपारियों में असंतोष



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय साप्ताहिक बाजार प्रांगण में बन रहा कोल्ड स्टोरेज 4 वर्ष में भी किसानों और व्यापारियों के लिए उपयोगी नहीं हो सका है। जबकि इसका जब निर्माण कार्य शुरू किया गया था, तब इलाके के किसानों और व्यापारियों को इससे लाभ की उम्मीद जगी थी। बताया जाता है कि इसके चालू होने के बाद इसमें भंडारण की क्षमता 30 मीट्रिक टन की होगी। ऊर्जा के वैकल्पिक व्यवस्था भी इसके संचालन के लिए होगी। जिससे बिजली नहीं रहने पर भी इसका निर्बाध रूप से संचालन होता रहेगा,मगर इसका निर्माण पूरा नहीं होने से किसानों और व्यापारियों में निराशा है। करीब 4 साल में अब तक केवल भवन निर्माण के अलावा और कोई भी संसाधन इसमें मुकम्मल नहीं किया जा सका है। किसानों और व्यापारियों का कहना है कि जब इसका निर्माण किया जा रहा था, तब उन्हें विभिन्न प्रकार के कच्चे माल के इसमें स्टोरेज को लेकर उम्मीद जगी थी। जो अभी तक पूरी नहीं हो सकी है। इसका उन्हें मलाल है। अब तो आधा अधूरा निर्माण कराकर इसे यूंही लावारिस हालत में छोड़ दिया गया है। जहां इसका निर्माण कब पूरा होगा और किसानों व व्यापरियों के लिए कब तक उपयोगी साबित होगा, यह बताने वाले भी कोई नहीं मिलता है। स्थानीय स्तर पर विभागीय अधिकारी भी इसके बारे में अनभिज्ञता जाहिर करते हैं। बताया गया कि कृषि एवं सहकारिता विभाग के तहत इस कोल्ड स्टोरेज के निर्माण को मंजूरी दी गई है।

### मंत्री से मिलकर बताएंगे स्थिति : राहुल सिंह



इसके संबंध में कांग्रेस सहकारिता विभाग के चेयरमैन राहुल सिंह का कहना है कि वे विभागीय मंत्री को इसकी स्थिति से अवगत कराएंगे। उनकी कोशिश होगी कि जल्द ही इसे किसानों और व्यापारियों के लिए उपयोगी साबित किया जा सके। वहीं किसानों एवं व्यापारियों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी पारितोष प्रियदर्शी से इस कोल्ड स्टोर को चालू कराने की दिशा में कारगर कदम उठाने की मांग की है।

# पहाड़ी मुहल्ले से लगे चनवारी में अवैध बाउंड्री वाल हटाने के लिए बुलडोजर चला

## दस्तावेज प्रस्तुत करने तक आगे की कार्रवाई रोकने की मांग



**☐ महिलाओं ने कहा कि अगर उन्हें यहां से उजाड़ दिया गया तो उनके पास रहने के लिए जगह नहीं है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** निगम क्षेत्र के कोयल नदी किनारे पहाड़ी मुहल्ले से लगे चनवारी में अवैध बाउंड्री वाल हटाने हेतु शनिवार को सदर सीओ अमरदीप बल्होत्रा के नेतृत्व में बुलडोजर चलाया गया। अतिक्रमण को हटाने के क्रम उनके साथ कार्रवाई हेतु शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार, सिटी मैनेजर सतीश कुमार, टीओपी 1 प्रभारी एवम शहर थाना के कई जवान शामिल थे। हालांकि जिन लोगों का बाउंड्री वॉल तोड़ा गया उन लोगों में से कई ने इसका विरोध किया। साथ ही जमीन के दस्तावेज अपने पास होने की भी बात कही। सदर अंचलाधिकारी के अनुसार उन्हें सरकारी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर बाउंड्री देने की जानकारी मिली थी। उन्होंने आगे बताया कि पूर्व में दो बार में जांच के लिए यहां पहुंचे थे, लेकिन किसी ने भी बाउंड्री दिए गए स्थल पर अपना कब्जा होने का दावा नहीं किया। घटना से पहले भी वह कई घंटे तक रुके रहे तो वहां कोई नहीं पहुंचा। इसके बाद अमीन द्वारा जांच किए जाने पर सारे बाउंड्री वॉल अवैध पाए गए। इसके बाद बाउंड्री वॉल गिराने हेतु जेसीबी को लगाया गया। हालांकि कई लोगों द्वारा दस्तावेज होने तथा दस्तावेज प्रस्तुत करने तक बाउंड्री वॉल नहीं तोड़ने की बात पर उन्होंने तत्काल कार्रवाई को रोक दिया है। महिलाओं ने कहा कि अगर उन्हें यहां से उजाड़ दिया गया तो उनके पास रहने के लिए जगह नहीं है, प्रशासन उन्हें दूसरी जगह भी मुहैया करे।

### महिलाओं ने ब्याज पर पैसे लेकर जमीन एग्रीमेंट पर लेने की बात कही

घटना की जानकारी मिलने पर मोहर्रम इंतजामियां कमेटी के जनरल खलीफा जीशान खान, शहरयार अली, मुस्तफा कमाल शाहिद और इसराइल आजाद उक्त स्थल पर पहुंचे। इसके बाद जीशान खान ने बाउंड्री वॉल किए गए स्थान पर अपना दावा कर रहे लोगों के तरफ से दस्तावेज प्रस्तुत करने तक प्रशासनिक कार्रवाई नहीं करने का आग्रह किया। जमीन पर दावा कर रही महिलाओं ने ब्याज पर पैसे लेकर जमीन एग्रीमेंट पर लेने की बात कही। साथ ही उन्हें जिनके द्वारा जमीन एग्रीमेंट पर दी गई है; उन पर भी कार्यवाई करने का अनुरोध किया।

## एक नजर

### पंडित रामदीन पांडेय की जयंती आज


डॉ. सत्यकेतु संजय

मेदिनीनगर। गोस्वामी तुलसीदास की 527 वीं जयंती सह पंडित रामदीन पांडेय की 129 वीं जयंती पर स्थानीय बंधन मैरेज हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मेयर अरूणा शंकर, स्वागताध्यक्ष अधिवक्ता शिवनाथ अग्रवाल होंगे। कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के तौर पर पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह, ज्ञानचंद पांडेय, श्यामनारायण दुबे, बलराम तिवारी, अखिलेश्वर प्रसाद, अनिल कुमार सिंह, विजयानंद सरस्वती, डा. रमेश चंचल, हरिवंश प्रभात, केडी सिंह,गोकुल बसंत, ओमप्रकाश द्विवेदी शामिल रहेंगे। यह जानकारी डॉ. सत्यकेतु संजय ने दी।

### बीए-बीएसी में नामांकन 12 अगस्त से

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर के गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय कॉलेज में अध्ययन कर रहे बीए/बीएससी तृतीय सेमेस्टर सत्र 2020-23 एवं 2021- 24 का नामांकन 12 अगस्त से शुरू होगा। विद्यार्थी 31 अगस्त तक अपना नामांकन विद्यालय में करा सकेंगे। इसके बाद उनका नामांकन नहीं लिया जाएगा। इसकी जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य आई जे खलखो ने पत्र जारी कर दी।

### नए सीओ के रूप में मनीष कुमार सिन्हा ने लिया प्रभार



**हरिहरगंज ।** अंचल कार्यालय में नव पदस्थापित अंचल अधिकारी मनीष कुमार सिन्हा ने शनिवार को अंचल कार्यालय का पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार के मौके पर उपस्थित बीडीओ कुमार अरबिंद बेदिया ने नव पदस्थापित अंचलधिकारी को फूल माला देते हुए कहा कि हरिहरगंज अंचल के अतिरिक्त प्रभार में रहकर मुझे काफी सुखद अनुभव मिला है। यहां पर अपनी पारी की शुरूआत करने को लेकर मैं नव पदस्थापित सीओ को शुभकामना देता हूँ। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार, अंचल निरीक्षक संजीव कुमार, राजस्व उप निरीक्षक रामपद प्रजापति, संतोष उरांव ,जयप्रकाश सहित प्रखंड व अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## श्रावणी मेला व प्रतिभा सम्मान समारोह आज, मारवाड़ी युवा मंच ने की तैयारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मारवाड़ी युवा मंच द्वारा आज प्रातः 11:30 बजे प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नवादा में सेवारत, अतिरिक्त जिला जज आशुतोष खेतान को अमंत्रित किया गया है। इस समारोह में मारवाड़ी समाज के विभिन्न पदों पर सफलता प्राप्त किये छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 1:00 बजे से श्रावणी मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में विभिन्न प्रकार के बच्चों के खेलने के लिए गेम, वर्चुअल रियलिटी क्रिकेट, विभिन्न प्रकार के आभूषण, कपड़े, गृह सज्जा जैसे अन्य बुटीक भी हैं। साथ ही साथ विभिन्न प्रकार की स्वादिष्ट केक ,गुपचुप, चाट-पापड़ी एवं और भी प्रकार के स्टॉल लगाए जा रहे हैं।

## न्यूज बॉक्स

### समृद्धि की पाठशाला में क्रांति दिवस मनाकर बच्चों को दिया संदेश



**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि सदस्य अमन चक्र ने क्रांति दिवस के सम्मान में बच्चों से झंडा बनाने का विचार दिया। सदस्य आशा शर्मा ने सबों के साथ मिलकर कार्यक्रम को रोचक बनाया। वक्ताओं ने कहा कि पन्द्रह अगस्त को स्वतंत्रता मिली, लेकिन उससे पहले देश वासियों को बहुत संघर्ष करना पड़ा। उन सारे संघर्षों में भारत छोड़ो आन्दोलन बहुत महत्वपूर्ण है। अगस्त क्रांति मैदान मुंबई की गोवालिया टैंक मैंदान जहाँ से महात्मा गॉधी ने 'करो या मरो',अंग्रेजों, भारत छोड़ो' का नारा दिया था और यह नारा देश की जनता ने सच कर दिखलाया। संस्था की अध्यक्षा शीला श्रीवास्तव ने बच्चों के बीच गांधी जी द्वारा दिया गया मंत्र 'करो या मरो'जैसे शब्दों के महत्व को बतलाया। पूर्व सैनिक ब्रजेश शुक्ला ने व्यापक रूप से अगस्त क्रांति पर प्रकाश डाला। आशीष भारद्वाज ने देशभक्ति नारे लगाकर बच्चों में उत्साह भरने का काम किया। आकाशवाणी उद्घोषिका एवं संस्था की सदस्य शालिनी श्रीवास्तव ,संध्या शेखर ,बैजन्ती गुप्ता, वीणा राज, ममता गुप्ता, संजू शुक्ला, पूनम सिंह, स्वरूपा श्रीवास्तव , राहुल जी सबों ने मिलकर क्रांति दिवस को यादगार बनाया और प्रत्येक वर्ष मनाने के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने तेरे मिट्टी में मिल जावां, ऐसा देश है मेरा, संदेशे आते हैं जैसे भावपूर्ण गाने पर नृत्य किया। क्रांति दिवस के इतिहास को बच्चों युवाओं के बीच हमेशा याद किया जाना चाहिए। संस्था की प्रबंधक अहिल्या गिरि ने सबों को धन्यवाद दिया।

### बांग्लादेश में उपद्रवियों को सबक सिखाए मोदी सरकार: रूचिर तिवारी

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कर राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने बांग्लादेश में हुई राजनीतिक और अस्थिरता पर चिंता व्यक्त की है। तिवारी ने बांग्लादेश में हो रहे वहां के नागरिकों को खास कर हिंदुओं पर अत्याचार को दुखद बताया। साथ ही इस विषय पर हमारे देश के प्रधानमंत्री मोदी खामोश बैठे हैं कुछ नहीं बोल रहे हैं जबकि देश के संसद में वह हिंदुओं के बारे में और हिंदुओं के अत्याचार के बारे में बड़े-बड़े लंबे-लंबे भाषण देते रहते हैं, लेकिन आज जब बांग्लादेश के शरणार्थी मदद मांग रहे हैं तो इस पर वह खामोश बैठे हुए हैं। तिवारी ने केंद्र सरकार से मां की है कि वहअविलंब बांग्लादेश के शरणार्थियों को मदद करें एवं उन पर हो रहे अत्याचार का मुंह तोड़ जवाब बांग्लादेश को दें। प्रधानमंत्री मोदी अपने देश की सेना की क्षमता को समझें और बांग्लादेश में उपद्रव मचा रहे उपद्रवियों पर लगाम कसने का आदेश सेना को दें।

### ओबीसी. एकता अधिकार मंच ने अधौरा में किया जनसंवाद



**मेदिनीनगर।** ओबीसी. एकता अधिकार मंच, झारखंड प्रदेश के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद के नेतृत्व में झारखंड राज्य के राजधानी रांची से चलकर गढ़वा जिला के अंतर्गत कांडी प्रखंड के अधौरा गांव में जनसंवाद आयोजित किया गया। मंच को संबोधित करते हुए ओबीसी. एकता अधिकार मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि झारखंड अलग होने के बाद यहां पिछड़ा एवं ओबीसी आबादी 60 प्रतिशत से अधिक हैं, फिर भी सामाजिक आर्थिक आधार पर ओबीसी. को एकमात्र 14 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था लागू की गई है। झारखंड में रहने वाले पिछड़े एवं अति पिछड़े वर्ग के द्वारा जातीय जनगणना के आधार पर 52 प्रतिशत आरक्षण की मांग के समर्थन की आवाज उठाना जरूरी है । हर सरकार को पिछड़ा वर्ग की लोगों को सभी क्षेत्रों में आरक्षण लागू करना होगा , चाहे वह सरकारी संस्था हो या गैर सरकारी संस्था सभी में 52 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था हो। साथ ही सभी ओबीसी. छात्र-छात्राओं के लिए निः शुल्क शिक्षा की व्यवस्था कर उन्हें पढ़ने के लिए ओबीसी. छात्रावास की व्यवस्था हर जिले में हो। पिछड़ा वर्ग में प्रगतिशील सामाजिक राजनीतिक लोग हैं, फिर भी उन्हें सत्ताधारी राजनीतिक लोग चुनावी फायदे के लिए गुणवत्ताहीन तरीके से उपयोग कर रहे हैं। हम सबको एकजुट होना होगा और अपने हक अधिकार के लिए लड़ना होगा। मौके पर जगन्नाथ साहू , इसराइल अंसारी, जगदीश साव, गुड्डू चंद्रवंशी , गोरखनाथ चौधरी, पिंटू यादव, अमर प्रसाद , विजय कामदेव , संजीत कुमार गुप्ता , रंजन प्रसाद , अरुण कुमार गुप्ता, हरेंद्र चंद्रवंशी , माला चंद्रवंशी , ज्ञानी प्रजापति सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

### हेमंत सोरेन का 49 वां जन्म दिवस मनाया गया

**मेदिनीनगर।** जेलहाता स्थित जेएमएम जिला कार्यालय में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का 49 वां जन्म दिवस मनाया गया। मौके पर उपस्थित झामुमो कार्यकताओं ने एक दूसरे को केक व मिठाई खिलाकर मुख्यमंत्री के जन्मदिन की खुशियां बांटी। मौके पर जन्म दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने कहा की हेमंत सोरेन जन-जन के नेता हैं। उन्होंने सभी वर्गों का ख्याल रखते हुए महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई जिसका एक उदाहरण मइयां योजना के रूप में देखा जा सकता है। केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी ने कहा के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उनके जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं तथा पूरे राज्य वासियों के तरफ से उन्हें आभार प्रकट करता हूं। जिला सचिव सन्नु सिद्दीकी ने कहा की हेमंत सोरेन जैसे मुख्यमंत्री का मिलना पूरे राज्य के लिए सौभाग्य की बात है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पूरा राज्य समृद्धि की ओर अग्रसर है। इस कार्यक्रम में सचिव सन्नू सिद्धिकी, युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष लल्लन चौधरी,कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज, संगठन सचिव अरविंद चौधरी, प्रखंड उपाध्यक्ष जमिल अहमद खान, मुस्ताक खान, करीम अंसारी, निवास चौधरी, बिहारी मेहता, मो फैजल, मो निजाम, अनिल राम, अजय राम, राम बाबू, राम अवतार सिंह, अनिल सिंह, सोल्जर सिंह, अजीत यादव, अरविंद भुइया गोविंद कुमार समेत सैकड़ों झामुमो के कार्यकर्ता शामिल हुए।

## निगम की समस्याओं को लेकर झामुमो का प्रतिनिधि मंडल नगर आयुक्त से मिला




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय मुख्यालय होने के चलते मेदिनीनगर नगरनिगम को स्वच्छ, सुंदर एवं समृद्ध बनाना हम सबों की जिम्मेदारी है, और विकसित नगर निर्माण एवं जनसुविधा बहाल करने के लिए जनता के प्रतिनिधि को पदाधिकारियों के साथ सामंजस्य बैठाकर सहयोग करना चाहिए। मेदिनीनगर की जनता को युवा नगर आयुक्त आईएएस मोहम्मद जावेद हुसैन से उम्मीद बढ़ी है। ये बातें कही है झामुमो नेता दीपक तिवारी ने। नगर आयुक्त से उनके वेश्म में दीपक तिवारी की सकारात्मक मुलाकात हुई। बरसात के समय में नारकीय हालात से निजात दिलाने के लिए युवा नेता दीपक तिवारी ने जनसुविधा बहाल करने को लेकर पांच सूत्री मांगपत्र सौंपा। दीपक ने बताया कि जलाशयों की सुदृढ़ीकरण, सरकारी संपत्ति के संरक्षण, पीने का साफ पानी, डीडीटी छिड़काव, दवा युक्त फॉगिंग मशीन, स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त करने के विषय में नगर आयुक्त ने संतोषजनक जानकारी उपलब्ध कराई है। नगरनिगम क्षेत्र में वार्ड स्तर तक सुविधा देने के लिए आवश्यक कदम उठाने का भरोसा दिया गया है। साथ ही बताया कि बारिश के चलते कमोबेश समय लगेगा, लेकिन सभी मांगों पर कारवाई की जा रही है।

### जल्द ही जलाशयों को अतिक्रमण मुक्त किया जायेगा

नगरनिगम कार्यालय सुविधा संपन्न है, कर्मचारियों की ढूलमूल नीति को सख्ती से दुरूस्त करने के आवश्यकता है। जल्द ही जलाशयों को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। इतना ही नहीं सभी सरकारी संपत्ति का सीमांकन, चारदीवारी करके निगम अपने अधीन संरक्षित करेगी। वहीं बरसात में बीमारियों के प्रकोप से बचाने के लिए दवा युक्त फॉगिंग मशीन, डीडीटी छिड़काव, सुदना, शाहपुर, चियांकी, बारालोटा जलापूर्ति योजना से पीने का पानी में ब्लीचिंग पाउडर मिश्रित कर साफ पानी आपूर्ति करना, सभी स्ट्रीट लाइट को नये सीरे से दुरूस्त करने पर बल दिया गया है। तिवारी को नगर आयुक्त मोहम्मद जावेद हुसैन ने जनता की समस्याओं से अवगत कराते रहने पर हर संभव मदद करने एवं कारवाई करने का भरोसा दिया है। आने वाला वक्त मेदिनीनगर नगरनिगम क्षेत्र का कायाकल्प होता दिखाई पड़ने लगेगा। मौके पर माहताब खान, आलोक तिवारी, परवेज अख्तर, विकास कुमार उपस्थित रहे।

## अवैध खनन, परिवहन,भंडारण के खिलाफ छतरपुर में छापेमारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अवैध खनन, परिवहन, भंडारण के रोकथाम को लेकर उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश के आलोक में छतरपुर में शनिवार की रात्रि 8:00 बजे थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, खान निरीक्षक हरेंद्र गुप्ता, शुभम कुमार के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान के दौरान अवैध रूप से चिप्स पत्थर ले जा रहे चार हाइवा को जप्त किया गया। अवैध कारोबार में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी गयी। बता दें कि उपायुक्त शशि रंजन ने पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया है कि जिले में किसी भी कीमत पर अवैध खनन, परिवहन, भंडारण नहीं की घटना होने पर संबंधित क्षेत्र के पदाधिकारियों पर कार्रवाई होगी। इसे लेकर छतरपुर में थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, खान निरीक्षक हरेंद्र गुप्ता, शुभम कुमार के नेतृत्व में शनिवार को रात्रि 8:00 बजे छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान के दौरान छतरपुर में चार हाइवा को चिप्स व पत्थर ले जाते पकड़ा गया। थाना प्रभारी व खान निरीक्षक द्वारा चालक से कागजात की मांग की गई। चालक द्वारा जांच पदाधिकारियों को किसी भी प्रकार का कागजात उपलब्ध नहीं कराया गया। इसके बाद चिप्स पत्थर समेत हाइवा को जप्त कर लिया गया। जांचोंपरांत वाहन चालक, वाहन मालिक व संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज करने को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## आदिवासियों का संचित ज्ञान और संस्कृति वैज्ञानिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण : दिलीप



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** 'विश्व आदिवासी दिवस' पर आदिवासी समुदायों की संस्कृति, पारंपरिक संगीत, नृत्य व अन्य सांस्कृतिक गतिविधि व विरासत के प्रति सम्मान बढ़ाने की आवश्यकता है। उनके अधिकारों की सुरक्षा जरूरी है। आदिवासियों के संचित ज्ञान को पहचानना सांस्कृतिक व वैज्ञानिक दोनों दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। उक्त बातें आजसू के पलामू जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी ने कही। वे चियांकी में विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। जिला अध्यक्ष ने कहा कि आज आदिवासियों के उत्थान व विकास करने का संकल्प लेने का दिन है। झारखंड खनिज संपदा से भरा पड़ा है। हरा-भरा खुशहाल राज्य में भी आदिवासी बेरोजगार हैं। शिक्षा व स्वास्थ्य में पीछे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। आजसू आदिवासियों के उत्थान के लिए संघर्ष जारी रखेगा। मौके पर संगठन सचिव शिव शंकर ने कहा कि आदिवासी समाज के पास औषधियों का भंडार है।

### आदिवासी होते हैं प्राकृतिक संरक्षक : चंद्रशेखर सिंह छोटू

आदिवासियों की पहचान प्राकृतिक संरक्षक के रूप में है। जल, जंगल व जमीन को बचाने में आदिवासी समाज अग्रणी रहा है। पूरे विश्व में आदिवासी की संख्या घट रही है। यह चिंता का विषय है। आदिवासी समुदाय को आगे बढ़ाने की जरूरत है। उनके मान सम्मान को बनाए रखना हम सभी का धर्म है। कहा कि राजनीतिक परिस्थितियों में डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के अब तक के जनप्रतिनिधियों ने आदिवासी समाज को ठगने का काम किया है। इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । आजसू आदिवासियों के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेगी। आर्थिक, सामाजिक व सांस्कृतिक रूप से सबल बनाएगी। पार्टी के संगठन सचिव शिव शंकर प्रसाद ने आदिवासी समाज के लोगों के साथ जुड़कर कार्य करने पर बल देने की बात कही ' पार्टी ने आदिवासी समाज के देवेंद्र सिंह, ज्योति सिंह, मंगरू मुंडा, कोचे मुंडा, ब्रह्मदेव उरांव, जोखन उरांव, चंदेश्वर उरांव, फुलवा देवी जयंती देवी, सुदामा कोरवा, अर्जुन परहिया आदि को माला पहनाकर व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

## कार्यक्रम

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में मेंहदी कला प्रतियोगिता का आयोजन

# मेंहदी कला का हाथ पर प्रदर्शन किया




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के सभाकक्ष शनिवार 10 अगस्त को छात्राओं के द्वारा अंतर सदन मेंहदी कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी सदन बायरन, इलियट, शेक्सपीयर एवं कीट्स के छात्राओं ने निर्धारित विषय पर आधारित मेंहदी कला का हाथ पर प्रदर्शन किया। कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के छात्रों को दो समूहों में विभाजित किया गया। समूह ए में कक्षा छटवीं से आठवीं तक तथा समूह बी में कक्षा नवीं से बारहवीं तक की छात्राएँ थी।

### सावन के महीने में मेंहदी का पारंपरिक महत्व है: प्राचार्य

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने सभी छात्रों को अंतर सदन मेंहदी कला प्रतियोगिता की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सावन महीने में मेंहदी का अपना पारंपरिक महत्व है। मेंहदी के प्रयोग से त्वचा की अनेक बीमारियों का इलाज स्वतः हो जाता है। इसके माध्यम से छात्राओं में श्रृजन क्षमता का भी विकास होता है। उन्होंने बच्चों के सृजनात्मक अभिरुचियों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने बच्चों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया।

### प्रतियोगिता में सम्मानित की गईं छात्राएं

**समूह ए में** साक्षी कुमारी बायरन सदन से आराध्या पाल कीट्स सदन से अमीषा पाण्डे शेक्सपीयर सदन से, तथा सादफ इलियट सदन से प्रथम स्थान पर रहे। तनु प्रिया बायरन सदन से, गुनगुन कुमारी इलियट सदन से, आकृति कुमारी कीट्स सदन से तथ प्रिया कुमारी शेक्सपीयर सदन से द्वितीय स्थान पर रहे। प्रिया दुबे बायरन सदन से, श्वेता इलियट सदन से, अंजली कीट्स सदन से तथा स्वाती शेक्सपीयर सदन से तृतीय स्थान पर रहे। **वहीं, समूह बी** में ईशिता बायरन सदन से, सिद्धि श्री बायरन सदन से, तान्या मेहता इलियट सदन से, निर्जला कीट्स सदन से तथा आर्या मौर्या शेक्सपीयर सदन से प्रथम स्थान पर रहे। पूजा भारती बायरन सदन से, भूमिका कुमारी इलियट सदन से, जिया इलियट सदन से, नायशा सिन्हा कीट्स सदन से द्वितीय स्थान पर रहे। लक्की बायरन सदन से, अनामिका एवं सौम्या श्रुति इलियट सदन से, तनिष्का, आयुषी रानी एवं रागिनी शर्मा कीट्स सदन से तृतीय स्थान पर रहे।

### छह मुहान पर चला वाहन जांच अभियान

**मेदिनीनगर।** रेड़मा चौक एवं छः मुहान पर सघन जांच अभियान चलाया गया। इसके तहत चार पहिया वाहन एवं दोपहिया वाहनों की जांच की गई। जिसमें दो पहिया वाहनों के कुछ चालक बगैर हेलमेट एवं बिना लाइसेंस तथा ट्रिपल लोड थे और गाड़ी चला रहे थे उनके जिनके वाहनों को जब्त कर वाहन को सुरक्षार्थ हेतु शहर थाना में रखा गया जिसमें 12 दो पहिया वाहनों को परिवहन कार्यालय डाल्टनगंज फाइन हेतु भेजा गया। है । परिवहन कार्यालय डाल्टेनगंज से 11 मोटरसाइकिल गाड़ियों का चालान फाइन राशि 16,150 रुपया एवं 02 ई रिक्शा का फाइन चालान राशि 2300 रुपया वसूला गया है। टोटल चलान फाइंड राशि 18,450 रुपए का आया।

## एक नजर

### विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बने सुरेन्द्र यादव



**धुरकी।** प्रखंड के रक्सी पंचायत के उत्क्रमित विद्यालय में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को विद्यालय प्रबंधन समिति का चुनाव कराया गया। इसमें समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, एवं सदस्य का चुनाव अभिभावकों की उपस्थिति में किया गया। स्थानीय मुखिया अंजु देवी की अध्यक्षता में उक्त चुनाव संपन्न हुआ। उपस्थित अभिभावकों ने सर्वसम्मति से 12 सदस्यों का चयन किया। 12 सदस्यों में से सुरेन्द्र यादव को अध्यक्ष पद के लिए सर्वसहमति से चुन लिया गया। उपाध्यक्ष पद के लिए पार्वती देवी का चयन किया गया। चुनाव के समय धुरकी थाना के एसआई शैलेंद्र यादव भी उपस्थित थे। मौके पर अक्षय यादव,भोला यादव,प्रमचंद यादव, अवधेश भुईमा,अक्षय पासवान,नरेश राम, चंद्रिका यादव,विपिन यादव,चंद्रमा यादव,भरदुल भुईया, सूर्यमन यादव,आदि ग्रामीण मौजूद थे। वही अध्यक्ष बने जाने पर अध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक को फूल का माला पहनकर स्वागत किया ।

### 1.481 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ एक गिरफ्तार

# मादक पदार्थो के तस्करों के विरूद्ध कार्रवाई जारी रहेगी: एसडीपीओ

**पुलिस गांजा तस्करों का नेटवर्क पता लागाने में जुटी**

नवीन मेल संवाददाता

**रमना।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर अवैध रूप से गांजा की खरीद-बिक्री करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी श्रीबंशीधर नगर अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी ने शनिवार को पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि पुलिस क्षेत्र में लगातार गांजा खरीद बिक्री की सूचना मिल रही थी। सूचना के सत्यापन के बाद तत्काल ही एक छापामारी दल का गठन कर शिव कुमार पाठक के 50 वर्षीय पुत्र जीतेंद्र पाठक के घर पर छापामारी की गई। इस दौरान उसके घर से अवैध गांजा के साथ उसे गिरफ्तार कर लिया है। अवैध जब्त गांजा 1.481 किलोग्राम है। उन्होंने बताया कि पूछताछ में जीतेंद्र अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस गांजा तस्कर के नेटवर्क का पता लगाने में जुट गयी है।छापामारी दल में पुनि रतन कुमार सिंह अंचल निरिक्षक नगर उंटारी, पुअनि सह थाना प्रभारी मो, असफाक आलम रमना थाना, पुअनि ओम प्रकाश महतो रमना थाना, पुअनि ऋषिकेस सिंह रमना थाना, आरक्षी सुरेन्द्र यादव, श्रीकांत पासवान, चालक आरक्षी लव कुमार दुबे के नाम शामिल है।



**तस्करों का पता लगाने में जुटी पुलिस**

पुलिस यह पता कर रही है जीतेंद्र कहां से गांजा लाकर बिक्री करता था। उन्होंने कहा कि पुलिस अनुमंडलीय क्षेत्र किसी प्रकार के मादक पदार्थो का अवैध खरीद बिक्री करने वालों को नहीं छोड़गी। उन्होंने बताया कि पूछताछ के बाद जीतेंद्र को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## प्रखंड में नियम को ताक पर रख चल रहे निजी स्कूल

नवीन मेल संवाददाता

**मेराल।** प्रखंड के विभिन्न गांवों में निजी विद्यालय एक दर्जन से अधिक अवैध रूप से चल रहे हैं। जिससे इस क्षेत्र के बच्चों के भविष्य साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। शिक्षा विभाग के पदाधिकारी अवैध रूप से चल रहे विद्यालयों पर मौन साधे हुए हैं। अवैध रूप से चल रहे विद्यालयों में प्रखंड के पतरिया गांव के साथ साथ गेरुआ मोड़ स्थित, संगवरिया गांव, हसनदाग, पेशका गांव, अटोला चौक, ओखरगाड़ा हाई स्कूल के पास,निजी स्कूल मेराल आस्था डीपीएस, आदि सहित कई विद्यालय हैं इन सभी निजी विद्यालयों में बिना प्रशिक्षित शिक्षक बच्चों को पढ़ा रहे हैं, जिससे बच्चों का भविष्य अंधकार में है। इन सभी विद्यालयों ने शिक्षा विभाग के नियमों का धजिया उड़ाते हुए अवैध रूप से स्कूल चला रहे हैं। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंभा चौबे से पूछे जाने पर बताया कि अवैध रुप से चला रहे स्कूल पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## राशन हेराफेरी मामले में डीलर ने बीडीओ ने को सौंपा आवेदन

नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के परती कूशवानी पंचायत के डीलर चंद्रदेव बैठा ने प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी विकास कुमार सिंह को लिखित आवेदन देकर राशन आवंटन में हेराफेरी की शिकायत की है। बीडीओ को दिये गये आवेदन में डीलर ने उल्लेख किया है कि उनका जनवितरण प्रणाली दुकान के साथ गांव के ही डीलर लालमुनि चेरो का दुकान टैंग है। लालमुनि चेरो का दुकान का राशन का आवंटन उनके दुकान में होने के बजाय अगस्त माह का राशन का आवंटन आमवाडीह गांव के डीलर सोमनाथ विश्वकर्मा को मिल गया है। उन्होंने बीडीओ से इसमें सुधार कराते हुए आवंटन को अपने जनवितरण प्रणाली की दुकान में दिलाने का आग्रह किया है। ताकि लाभुकों को ससमय राशन वितरण किया जा सके।



## न्यूज बॉक्स

### मिथिलेश ने केक काटकर मनाया सीएम हेमंत का जन्मदिन



**गढ़वा।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जन्मदिन गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वास्थ्य मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शनिवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत जन्मदिन केक काट कर मनाया। इस दौरान मंत्री ने सभी को केक व मिठाई खिलाई। साथ ही गरीब व असहाय लोगों के बीच मंत्री ने अपने हाथों से भोजन वितरण किया। उन्होंने हेमंत सोरेन को दीघार्यु होने की कामना की। साथ ही सभी ने झारखंड के अनवरत विकास के लिए इस बार फिर से हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि झारखंड के नायक व आदिवासी अस्मिता के रक्षक राज्य के यशस्वी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जन्मदिन पर पूरे राज्य की जनता उनके दीघार्यु होने व पुनः मुख्यमंत्री बनाने की कामना कर रही है। मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय, सलीम जफर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### बीडीओ ने आईसीटी लैब, स्मार्ट क्लास का किया उद्घाटन



**खरौंधी।** प्रखंड विकास पदाधिकारी रविन्द्र कुमार ने शनिवार को स्तरोन्नत +2 उच्च विद्यालय राजी में नवीन स्थापित आईसीटी लैब व स्मार्ट क्लास का फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रविन्द्र कुमार ने कहा कि विद्यालय में पिछले कुछ महीनों से काफी परिवर्तन दिखाई दे रहा है, जो प्रसंशनीय है। विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पहल से यह संभव हो सका है। उन्होंने सभी शिक्षकों से टीम भावना से कार्य करते हुए बच्चों की सर्वांगीण विकास में अहम योगदान देने की बात कही। उन्होंने विद्यालय में बच्चों को स्वच्छ पानी के लिए जलमीनार लगवाने की बात कही। साथ ही बच्चों को पूरे तन्मयता के साथ पढ़ाई करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की टिप्स भी दिया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक देवाशीष कुमार चौबे, आलोक कुमार चौबे, संजय कुमार,संतोष कुमार यादव, लियाकत अली अंसारी, अनुज प्रसाद यादव, प्रयोगशाला सहायक नागेंद्र कुमार, लिपिक आशुतोष कुमार, आईसीटी इंस्ट्रक्टर सनेश कुमार पाल, जमालुद्दीन अंसारी, सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

### विश्व आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड में शुक्रवार को अखिल भारतीय आदिवासी महासभा द्वारा विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि आदिवासीयों को अपने हक एवं अधिकार के लिए जागरूक होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आदिवासी की संस्कृत को भी बचाए रखने की आवश्यकता है। वक्ताओं ने पुराने जमाने की याद दिलाते हुए कहा कि आदिवासी लोग पुराने जमाने में पेड़ पौधा के पत्तियों से अपनी सिंगार किया करते थे। पत्तियों के बने माला, उसकी टोपी, कान एवं गला में पहनने के लिए पेड़ की पत्तियां फूलों और छालों की श्रृंगार बनाया जाता था। इस श्रृंगार से लोग पारंपरिक ढंग से सज-संवरकर रहा करते थे। इस कार्यक्रम में भी पेड़ के पतियों की माला और पेड़ के पत्ते का टोपी पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नृत्य संगीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष सुदर्शन उरांव,मंगलेश सिंह, गोविंद उरांव, जीतू सिंह, शिवकुमार सिंह, रामनाथ उरांव,कामख्या उरांव, जगरनाथ उरांव, कौशल्या देवी, मानमती देवी, ललिता देवी सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## स्तरोन्नत प्लस उच्च विद्यालय में करियर गाइडेंस सत्र का आयोजन




नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी।** स्तरोन्नत +2 उच्च विद्यालय राजी में प्रोजेक्ट इंपैक्ट के तहत कैरियर गाइडेंस सत्र का आयोजन किया गया। बच्चों के कैरियर को गाइड करने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी रविन्द्र कुमार के द्वारा बच्चों को बहुत ही रोचक एवं आकर्षक ढंग से समझाया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा लगभग एक घंटा बच्चों को संबोधित किया गया। अपने जीवन के अनुभव से जुड़ी घटनाओं तथा छात्र जीवन के अनुभव को बच्चों के बीच में साझा किया गया। बच्चों को लक्ष्य बनाकर के पढ़ाई करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि पैदा करने हेतु ग्रुप बनाकर के पढ़ाई करने तथा समय का प्रबंध करने की हिदायत भी दी गई। तथा यह भी वादा किया गया की मैं भी बीच-बीच में विद्यालय में आता रहूंगा और आप सभी से लगातार मार्गदर्शन करता रहूंगा। उन्होंने बच्चों को टॉपिक दिया की जब मैं अगली बार आऊंगा तो आप सभी से कुछ निश्चित बिंदु पर बात करूंगा जिसकी सूचना आपको पूर्व में दे दी जाएगी। सभा का समापन करते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज कुमार सिंह के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी का आभार प्रकट किया गया। मौके पर शिक्षक देवाशीष कुमार चौबे, आलोक कुमार चौबे, संजय कुमार, संतोष कुमार यादव, लियाकत अली अंसारी, अनुज प्रसाद यादव, प्रयोगशाला सहायक नागेंद्र कुमार, लिपिक आशुतोष कुमार, घनश्याम दास, मुकेश कुमार, आईसीटी इंस्ट्रक्टर सनेश कुमार पाल, श्जमालुद्दीन अंसारी, अजय तिर्की, सावित्री कुमारी उपस्थित थे।

### सदर अस्पताल से मोटरसाइकिल की चोरी

**गढ़वा।** सदर अस्पताल से शनिवार को एक मोटरसाइकिल की चोरी हो गई है। इस संबंध में गढ़वा थाना क्षेत्र के जाटा गांव निवासी मैनेजर प्रजापति का पुत्र रामप्रवेश प्रजापति ने बताया कि उसके बहन को गढ़वा सदर अस्पताल में प्रसव के लिए भर्ती कराया गया था। इसके बाद प्रसव होने के बाद उसे छुट्टी कराकर अपने घर ले जाने के लिए अपने साला से मोटरसाइकिल मांग कर गढ़वा सदर अस्पताल भर्ती कराया था। सदर अस्पताल के बाहर मोटरसाइकिल लगाकर सदर अस्पताल के अंदर गया था। वापस लौटने के बाद इस मोटरसाइकिल गायब था। रामप्रवेश प्रजापति ने अपनी मोटरसाइकिल की खोज किया, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चलने के बाद इसकी जानकारी अस्पताल प्रबंधन को दी इसके बाद उसे गढ़वा थाना भेज दिया गया।

## रेल प्रोजेक्ट कार्यक्रम के तहत ली गई परीक्षा

नवीन मेल संवाददाता

**डंडई ।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में शनिवार को छात्राओं के बीच टेस्ट परीक्षा आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय के वर्ग 9 ,10 और 12 वीं के छात्राओं के बीच टेस्ट परीक्षा कार्यक्रम आयोजित करने का काम किया गया। रेल प्रोजेक्ट कार्यक्रम के तहत आयोजित परीक्षा में संस्कृत, सामाजिक विज्ञान, भूगोल, विज्ञान विषय का टेस्ट लिया गया। उसके अनुसार वर्ग 9 के छात्राओं ने जहां संस्कृत और सामाजिक विज्ञान की परीक्षा लिखने का काम किया। वहीं वर्ग 10 के छात्राओं ने विज्ञान, 12 वीं की छात्राओं ने भूगोल विषय की परीक्षा लिखी। परीक्षा को लेकर विद्यालय की ओर से विशेष इंतजाम किया गया था। सभी छात्राओं को अलग-अलग स्थान पर बैठा परीक्षा लेने का काम किया गया। मौके पर विद्यालय के पॉलिटेक्निक साइंस की शिक्षिका पूनम कुमारी ने जानकारी ने बताया कि विद्यालय का यह रूटिंग चार्ट है। सप्ताह के हर शनिवार को विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं के बीच टेस्ट परीक्षा आयोजित किया जाता है। उसके दो और तीन दिन के अंदर परीक्षा फल भी उनके बीच घोषित कर दिया जाता है।

## चोरी की साइकिल बरामद, पांच गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** उन्नति का पहिया योजना के तहत कल्याण विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं के बीच वितरण के लिए प्रखंड मुख्यालय के अंदर कैंपस में रखी गई 13 साईकिल की चोरी के मामले में भवनाथपुर थाना पुलिस ने चोरी कांड का उद्भेदन कर 12 साइकिल को बरामद कर पांच चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यह जानकारी शनिवार को थाना परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता में श्रीबंशीधर नगर एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि साइकिल चोरी के मामला का उद्भेदन के लिए श्रीबंशीधर नगर एसडीपीओ व पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह के निर्देश पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन कर त्वरित कार्रवाई करते हुए लगातार छापामारी की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस टीम को सूचना मिली कि अरसली के लामी टोला में अनिल बियार का लड़का नया साईकिल खरीदा है। सत्यापन में पता चला कि उक्त साइकिल बनखेता के विमलेश कुमार यादव उर्फ विक्की पिता विजय प्रसाद यादव ने बेची है। इस आधार पर पुलिस ने जब उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि उसे बुका के शंभू राउत उसका भाई तथा दोस्तो ने भवनाथपुर प्रखंड कार्यालय से साइकिल चोरी कर उसे सात साइकिल बेचने के लिए दिया था। उन्होंने बताया कि जब शंभू राउत को पकड़कर सख्ती से पूछताछ की गई तो इसमें संलिप्त अन्य चोर आदित्य कुमार उर्फ अजीत राउत पिता गोखुल राउत, विकास कुमार पिता बीरबल राउत तथा बबल राउत पिता लखन राउत को गिरफ्तार किया गया। कहा कि उपरोक्त चोरों द्वारा चोरी की साइकिल को बनखेता के अलग-अलग बच्चों को बेच दिया था। जिसमें मिले पैसा को शंभू व विकास मौज मस्ती कर खत्म कर दिया। अधिकांश पैसा उधार था। चोरों के निशानदेही पर चोरी गए 13 साइकिलों में 12 साइकिल को जब्त करते हुए उपरोक्त पांचों चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। प्रेसवार्ता में थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, एसआई प्रदीप उरांव, पुअनि नारायण प्रसाद, निरंजन प्रसाद शर्मा एवं पुलिस के जवान शामिल थे।

### ध्वजारोहण को लेकर बैठक

**मझिआंव।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण को लेकर प्रखंड कार्यालय सभागार में बैठक आहूत की गई हैं। जिसमें ध्वजा रोहण को लेकर बिंदूवार रूप से विचार विमर्श किया गया। सरकारी व गैरसरकारी संस्थानों पर समयानुसार ध्वजारोहण करने का निर्देश दिया गया।प्रखंड प्रमुख,जिला परिषद,सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि,20 सूत्री अध्यक्ष, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रेफरल अस्पताल, सभी पंचायत समिति, सभी मुखिया, प्रभारी कृषि पदाधिकारी, प्रचार ऐसी वायसर चंद्रवंशी महाविद्यालय, प्राचार्य मुखदेव हाई स्कूल, प्राचार्य राधा कृष्ण बालिका उच्च विद्यालय, प्राचार्य कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, अध्यक्ष प्रगतिशील यूनियन, अध्यक्ष चेंबर ऑफ कॉमर्स,जेएसएलपीएस कार्यालय, सभी पंचायत सचिव से भाग लेने की अपील की गई है।

### बाइक से गिर कर घायल

**गढ़वा।** कांडी थाना क्षेत्र के पतहरिया गांव निवासी स्वर्गीय शिव गोविंद शर्मा की पत्नी पानपति देवी मोटरसाइकिल से गैस सिलेंडर लेकर गिरने से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि पानपति देवी मोटरसाइकिल अपना गैस सिलेंडर भराने के लिए कांडी गई हुई थी। वहां गैस सिलेंडर भरवा कर वापस लौट रही थी। इस क्रम में चलती मोटरसाइकिल से सिलेंडर लेकर गिर जाने से वह घायल हो गई।

## कल्याण गुरुकुल में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम



नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र के झगडाखाड़ गांव स्थित कल्याण गुरुकुल में शनिवार की शाम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर के डॉ. पंकज पाठक द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। प्राथमिकी उपचार के लिए मेडिसीन वितरण किया गया। मौके पर दंत चिकित्सक डॉ. पंकज पाठक ने कल्याण गुरुकुल के छात्रों को नशा ने नहीं करने की सलाह दी। उन्होंने कहा की नशा एक भयानक और स्लो पॉवाइजन वाली घातक बीमारी है। उन्होंने नशा से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। डॉ. पंकज ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है जो हमारे समूल जीवन को नष्ट कर देती है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी सबसे ज्यादा नशें की लत से पीड़ित हैं। उन्होंने छात्रों से कहा कि मेहनत से पढ़ाई कर भविष्य में आगे बढ़े और नशे की लत से स्वयं और अपने परिवार के सदस्यों को दूर रखने का प्रयास करें। मौके पर उन्होंने छात्रों और शिक्षकों को प्राथमिक उपचार के मेडिसिन भी दिया। इस मौके पर गुरू कूल के प्रधानाचार्य बृज किशोर, शिक्षक रमेश उरांव, रामविलास सहित अन्य उपस्थित थे।

### गढ़वा प्रखंड के विभिन्न गांवों में मंत्री ने किया भ्रमण

# जनसेवा ही जनप्रतिनिधि का असली धर्म : मिथिलेश

**कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट निदान किया, साथ ही शेष समस्याओं की यथाशीघ्र निदान करने की बात कही**

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल व स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शनिवार को गढ़वा प्रखंड के विभिन्न गांव में जनता संवाद का आयोजन किया। इस दौरान मंत्री ने तिवारी मरहटिया के केवटाहा टोला आश्रम के समीप, दुबे मरहटिया गांव के पंचायत भवन में, टेनवा टोला स्थित शिव मंदिर के समीप व ग्राम टेढ़ी हरैया में मदरसा के समीप आयोजित जनता संवाद में ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए। मंत्री ने कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट निदान किया। साथ ही शेष समस्याओं की यथाशीघ्र निदान करने की बात कही। मौके पर उन्होंने कहा किमंत्री ने कहा कि सबों के आशीर्वाद से काफी कम समय में पूरे गढ़वा में बेहतर विकास कार्य हुआ है। जिस दिन से गढ़वा की जनता अपना सेवक चुना है। उस दिन से दिन रात एक करके वे पूरे गढ़वा की समस्याओं को दूर करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि जब तक गढ़वा के एक-एक गांव की सारी समस्याओं का निदान नहीं हो जाता, तब-तक वह चैन से बैठने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पिछली बार सबों ने सेवा का मौका दिया उसका परिणाम आज दिख रहा है। आने वाले विधानसभा चुनाव में बहुरूपियों के चक्कर में नहीं फसें। सोच समझ कर कार्य करने वाले को ही वोट दें। मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ, मुखिया पूनम तिवरी, परेश तिवारी, नीरज तिवारी, मनोज तिवारी, प्रभा शंकर दुबे, जितेंद्र राम, छोटू पासवान, अनुज दास, सुनीता देवी, बंधु राम, जितेंद्र चौधरी, रवि तिवारी, मनीष द्विवेदी, देवकांत तिवारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**ग्रामीणों की समस्याओं को समाधान कर रहें हैं: मंत्री**

पूरे गढ़वा में किसी भी क्षेत्र में ग्रामीणों को कोई कोई समस्या न हो इसीलिए वह प्रत्येक गांव, प्रत्येक टोला में घूम-घूम कर लोगों से मिल रहे हैं। उनकी समस्याओं को जान कर निदान भी कर रहे हैं। जनता का सेवा ही जनप्रतिनिधि का असली कर्म व धर्म है। जब तक क्षेत्र की जनता खुशहाल नहीं होगी। क्षेत्र में सारी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं होगी तब तक वे चैन से नहीं बैठेंगे।

## युवक की संदेहास्पद स्थिति में मौत पुलिस ने खोजी कुत्ता का लिया सहयोग

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के ओबरा गांव के धरती टोला निवासी सुखदेव सिंह के पुत्र अमरेश कुमार सिंह 25 वर्ष की संदेहास्पद परिस्थितियों में मौत हो गई। शनिवार की सुबह उसका शव घर से करीब 400 मीटर दूर स्थित सूनसान स्थान में एक नीम के पेड़ से गमछा के सहारे लटकता पाया गया। ओबरा गांव के मोतीलाल सिंह ने अमरेश कुमार सिंह के शव को नीम के पेड़ से लटकता देख क र उसके घर वालों को सूचना दिया। इसके बाद मृतक के परिजन व उसके पड़ोसी वहां पहुंचे। गढ़वा थाना पुलिस जानकारी को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव के पोस्टमार्टम कराने के लिए वहां से उठाने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने खोजी कुत्ता बुलाकर इसकी जांच कराने की मांग की। पुलिस ने खोजी कुत्ता बुलाया, लेकिन कुत्ता ने घटनास्थल से चलकर मृतक के घर में ही घुस गया। ग्रामीणों ने खोजी कुत्ता की कार्रवाई को ही गलत बताने लगे। इसके बाद ओबरा पंचायत की मुखिया कौशिल्या देवी ने लोगों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। इसके बाद पुलिस ने वहां से शव को उठाकर सदर अस्पताल में लाकर पोस्टमार्टम कराकर मृतक के परिजनों को सौंप दिया।




**देवी धाम में नागपंचमी देखने गया था**

मृतक के पिता सुखदेव सिंह ने बताया कि अमरेश कुमार सिंह शुक्रवार की रात नौ बजे घर में खाना खाने के बाद गांव के देवीधाम पर नागपंचमी के मौके पर आयोजित कीर्तन में भाग लेने चला गया था। गांव के लोगों के साथ देवीधाम पर ही रात 1:30 बजे तक देखा गया। इसके बाद शनिवार की सुबह में उसका शव पेड़ से लटकता पाया गया। उन्होंने बताया कि उन्हें किसी पर शक नहीं है। लेकिन अमरेश की मौत की घटना को लेकर स्तब्ध हैं।

## एक नजर

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मेहंदी प्रतियोगिता

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मुरत यादव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बालूमाथ में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय की बहनों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कक्षा अष्टम की बहन कंचन, प्रीति, अदिति, सप्तम से पूनम, माही, निक्कू, षष्ठ से मिस्टी, वंदना, अनुप्रिया, स्वाति बहनों ने अच्छा कला का प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधक अवनीकांत पाठक द्वारा आगामी 15 अगस्त को पुरस्कृत किया जाएगा। मौके पर विद्यालय के भैया बहनों के अलावा कई शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

### फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का बीडीओ ने किया शुरूआत

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। शुरूआत बालूमाथ प्रखंड विकास प्राधिकारी सोमा उरांव ने फाइलेरिया का दावा ग्रामीणों के बीच वितरण कर की। मौके पर सैकड़ों ग्रामीणों ने फाइलेरिया उन्मूलन की दवा खाया। बीडीओ ने कहा कि यह एक संक्रमक रोग है, जो मच्छरों से होती है। इससे बचाना है। फाइलेरिया बीमारी को हमेशा के लिए दूर भगाना है। यहअभियान 10 से लेकर 25 अगस्त तक चलाई जाएगी। ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि मलेरिया दवा का सेवन अवश्य करें, ताकि फाइलेरिया मुक्त प्रखंड बन सके। मौके पर डॉ. अमरनाथ प्रसाद के अलावा कई चिकित्सा कमी, ग्रामीण व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### सड़क किनारे लगाई गई सोलर लाइट चोरी

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सड़क किनारे प्लस टू उच्च विद्यालय के पास सरकारी कोष से लगाई गई सोलर लाइट चोरी हो गई। घटना शुक्रवार की रात की है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त सोलर लाइट 1 वर्ष पूर्व लगाई गई थी। सोलर लाइट के माध्यम से सड़क से गुजरने वाले राहगीरों को रात्रि में काफी सुविधा होती थी। चोरों द्वारा सोलर पैनल को छोड़ लाइट व बैटरी की चोरी की गई है। इसकी कीमत हजार रुपए बताई जा रही है।

### घर-घर तिरंगा लगाने का आह्वान

**गिद्धौर (चतरा)।** आजादी के 78 वां वर्षगांठ पर पूरे धूमधाम के साथ मनाने की तैयारी प्रखंड में शुरू हो गई है। विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में 15 अगस्त को कार्यक्रम प्रस्तुत किया जागेगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक संस्थाओं की साफ-सफाई की जा रही है।15 अगस्त को लेकर विद्यालयों को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। 15 अगस्त के दिन विभिन्न विद्यालयों द्वारा मनमोहक प्रभात फेरी निकाली जाएगी। वहीं विद्यालयों में संस्कृत कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। घर-घर तिरंगा लहराने का आह्वान किया गया है। सभी ग्रामीणों से अपने-अपने घर पर तिरंगा लगाने की अपील की गई है।

# सात लाख लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने का लक्ष्य : बैद्यनाथ राम

**10 से 25 अगस्त 2024 तक चलेगा अभियान**

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिले में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर शुक्रवार को सदर अस्पताल में स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग, उत्पाद एंव मद्य निषेद विभाग के मंत्री बैद्यनाथ राम, उपायुक्त गरिमा सिंह व जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर मंत्री, उपायुक्त ने फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कर लातेहार जिला को फाइलेरिया मुक्त बनाने की अपील की। मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि अपने जिले से ही नहीं बल्कि इस देश से भी फाइलेरिया रोग का समूल नाश करने के लिए अभियान के दौरान आपके घर पर आने वाले स्वास्थ्य कर्मी के सामने ही दवा का सेवन करें। लातेहार जिला अन्तर्गत 7 लाख 96 हजार 385 जनसंख्या को इस वर्ष फाइलेरिया रोधी दवा खिलाकर आच्छादित किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया रोग के बारे में जागरूक करेंगे। साथ ही अपने सामने दवा खिलाएंगे। किसी भी स्थिति में दवा का वितरण नहीं किया जाएगा। दवा फाइलेरिया रोग से सुरक्षित रखेगी। इसको खाना है फेंकना नहीं। 1 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती व अति गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को यह दवाएं नहीं खिलाई जाएंगी। उपायुक्त गरिमा सिंह ने बताया कि 10 से 25 अगस्त तक लातेहार जिला अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों द्वारा लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलायी जायगी। कार्यक्रम के पहले दिन शनिवार को स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बूथ पर लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा डीईसी, एलबेंडाजॉल, आइभरमेक्टिन की खुराक खिलायी जाएगी। फाइलेरियारोधी दवा खिलाने के लिए जिले में कुल 1054 बूथ बनाया गया है। सभी स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर छूटे हुए व्यक्तियों को फाइलेरिया रोधी दवा की खुराक खिलायी जाएगी। सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि फाइलेरियारोधी दवा का सेवन खाली पेट नहीं करें। 1 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाएं व गंभीर बीमारी से ग्रसित व्यक्ति फाईलेरिया रोधी दवा का सेवन नहीं करें। मौके पर उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, जिला कुष्ट निवारण पदाधिकारी डॉ, शोभना टोप्पो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ, चंदन, राज्य प्रतिनिधि विनय कुमार, प्रवीण शर्मा, मो. शाहबाज, राज्य सलाहकार, सदर के डॉ. सहित अन्य उपस्थित थे।




### फाइलेरिया की दवा खिलाने का अभियान 10 से 25 अगस्त तक

**चंदवा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की शुरूआत प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ. नीलिमा कुमारी, मुखिया संगीत लकड़ा, डॉ तरुण जोश लकड़ा ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। कार्यक्रम में चिकित्सा प्रभारी ने कहा कि यह अभियान अगले 15 दिनों तक चलेगा। दो वर्ष से ज्यादा उम्र वाले प्रत्येक व्यक्ति फाइलेरिया( हाथी पांव) से सुरक्षित रहने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही फाइलेरिया की दवा का सेवन जरूर करें। स्वास्थ्यकर्मी प्रतिदिन 20 घरों में जाकर फाइलेरिया की दवा खिलाएंगे। डॉ. तरुण ने बताया कि फाइलेरिया संक्रमित मादा क्यूलेक्स मच्छर द्वारा प्रसारित होने वाला गंभीर रोग है। यह एक लाइलाज बीमारी है। इस रोग के लक्षण आमतौर पर पांच वर्ष या कभी-कभी इससे भी अधिक समय के पश्चात दिखते है। खाली पेट या गर्भवती महिलाएं उक्त दवा का सेवन नही करेंगे। बताया गया कि 1 लाख 11 हजार 87 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 148 बूथ बनाये गए हैं। मंच संचालन रमेश राम ने किया। मौके पर जेएसएलपीएस के सुरेंद्र कुमार,बीपीएम अमित कुमार सिंह,एमटीएस कृष्णकांत, स्वास्थ्यकर्मी बिनीता कुमारी, जोशीला लकड़ा,कमला चेरमाको, देवाशीष पंडा,सुमित कुमार, प्रवीण कुमार उर्फ भोला,मो. हसीब,बीरबल भगत समेत कई लोग मौजूद थे।

### विधायक ने नवनिर्मित सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया

**बरवाडीह।** स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह ने शनिवार को अपने समर्थकों के साथ प्रखंड के गुलजार बाग स्थित मदरसा के समीप नवनिर्मित सामुदायिक भवन का विधिवत नारियल फोड़कर व फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि प्रखंड के का सभी क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास हो रहा है। उन्होंने कहा की बरवाडीह प्रखंड के साथ साथ पूरे विधान सभा क्षेत्र में संपर्क पथ के आलावा मुख्य सड़क का निर्माण पूरे जोरशोर से कराया जा रहा है। उन्होंने कहा बरवाडीह मंडल रोड निर्माण करना,बरवाडीह को अनुमंडल बनाना मेरी प्राथमिकता सूची में शामिल है। जल्द इसे अमली जामा पहनाया जाएगा। इससे पूर्व विधायक का गुलजार बाग स्थित मदरसा परिसर में पहुंचने पर स्वागत किया गया। मौके पर गुलजार बाग मदरसा के संरक्षक दाउदनगर के नवाब सैय्यद शबा कादरी, 20सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी,रविन्द्र राम,अनिल कुमार सिंह,प्रेम सिंह पिंटू,फिरोज अहमद मुन्ना,सदर सेकेट्री शमीम अहमद मुन्ना,मदरसा के मौलाना खुस्तर साहब,विक्की खान, मुन्ना,फैयाज अहमद,गुलाम मुस्तफा समेत कई लोग शामिल थे।

### एनटीपीसी के निर्माणाधीन बॉयलर से गिरकर कामगार की मौत

**टंडवा (चतरा)।** शनिवार को नार्थ करनपुरा टंडवा ईकाई के प्लांट परिसर में केपीसीएल नामक कंपनी के एक कामगार की दर्दनाक मौत निमार्णाधीन बॉयलर से गिरकर मौके पर ही हो गई। वहां उक्त कामगार की पहचान केरेडारी थाना क्षेत्र के कराली निवासी कृष्णा पासवान के रुप में की गई है। घटना की सूचना पाकर सैंकड़ों कामगारों ने कंपनी प्रबंधन पर सुरक्षा मानकों की घोरअनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कार्य का बहिष्कार कर दिया। परिजनों व जनप्रतिनिधियों ने एनटीपीसी के गेट के सामने ही 50 लाख रुपए मुआवजा व आश्रित परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग करते हुए धरना पर बैठ गये। ग्रामीणों की माने तो विभिन्न कंपनियों द्वारा सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी करते हुए परियोजना क्षेत्र के अंदर भारी धांधली बरती जा रही है। बता दें कि पिछले माह राणा कंस्ट्रक्शन कंपनी के लापरवाही का शिकार होकर एक कामगार अपनी जान गंवा बैठा। इस वर्ष हुई दो बड़ी घटनाओं की बात करें तो 30 मार्च को कन्वेयर बेल्ट व 19 अपैल को भंडारण क्षेत्र में हुए अगलगी की घटना से भारी नुकसान होने के साथ ही कंपनियों द्वारा लापरवाही बरतने के बड़े संकेत मिले थे। उच्चस्तरीय जांच की मांग को स्थानीय प्रबंधन द्वारा ठंढ़े बस्ते में डाल कर लीपापोती कर दिया गया। बहरहाल देर शाम हुई वार्ता में 18 लाख नकद व 11.5 लाख रुपए इंश्योरेंस का 29.5 लाख रुपए व एक आश्रित को नौकरी देने पर सहमति बनी। उक्त राशि 15 दिनों के अंदर भुगतान किया जाएगा। मौके पर कंपनी प्रबंधन, अधिकारी, स्थानीय प्रशासन, जनप्रतिनिधि व अन्य मौजूद थे।

### पशुपालक परेशान, विभाग से मिली बकरियों की हो रही मौत

**मयूरहंड (चतरा)।** मुख्यमंत्री पशुधन योजना के अंतर्गत जिले के मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत कदगावांकला पंचायत के सेवई में 7 लाभुकों को 90 प्रतिशत व 75 प्रतिशत अनुदान के तहत 7 यूनिट (चार बकरी एवं एक बकरा) का वितरण एक सप्ताह पूर्व पशुपालन विभाग द्वारा किया गया था। इनमें एक यूनिट में अनुसूचित जाति लाभुक को 25, ओबीसी लाभुक को 65 सौ रुपए प्रति यूनिट भुगतान करना पड़ा है। लाभुकों ने कर्ज कर रोजगार करने को लेकर बकरियां तो घर ले जाने के बाद ही बकरियों की मौत होना शुरू हो गयी। इससे लाभुकों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। लाभुक अनिता देवी,अजय कुमार,शांति देवी,गोबिंद रविदास ग्राम सेवई ने बताया कि गब्य विकास विभाग द्वारा बीमार बकरियों का वितरण कर दी गई। बताया भी नहीं गया। घर लाने पर एक एक कर बकरियों की मौत हो जा रही है। सबसे ज्यादा परेशानी लाभुकों को प्रखंड में सरकारी मवेशी चिकित्सा पदाधिकारी नहीं रहने से भी हो रही है, जिसके कारण बकरियों का इलाज के अभाव में मौत हो जा रही है। सरकार आत्म निर्भर के लिए योजना तो चलाई पर विभागीय निरंकुशता के कारण लाभुक आत्म निर्भर होने के जगह कर्जदार हो रहें हैं। पीड़ित लाभुकों ने इसकी सूचना मुखिया अशोक कुमार भुइयां को देकर न्याय की मांग की है। पशुपालन पदाधिकारी जमालउद्दिन ने बताया कि तत्काल प्रभाव से मेडिकल टीम भेजकर जांच कराया जाएगा और उचित कार्रवाई की जाएगी।

### मुखिया सहित कई लोगों ने खाई फाइलेरिया की दवा

**कुन्दा (चतरा)।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर कुन्दा स्वास्थ्य केंद्र में फाइलेरिया की दवा खिलाई गई। स्वास्थ्य केंद्र में कुन्दा मुखिया मनोज साहू ने दवा खा कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। उसके बाद स्वास्थ्य केंद्र में उस्थित कई लोगों को दवा खिलाई गई। मौके आयुष चिकित्सक वीरेन्द्र कुमार ने सभी लोगों से 11 से 25 अगस्त तक फाइलेरिया की दवा खाने की अपील की। कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सक डॉ. कुमार संजीव, लैब टेक्नीशियन संजीव कुमार, विनेश कुमार, इंद्रदेव यादव, विजय पासवान, सुनीता टोपनो, संतोष यादव समेत कई मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### अल्पसंख्यक विद्यालय के शिक्षक ने काला बिल्ला लगाकर विरोध किया

**महुआडांड़।** संत जोसेफ प्लस टू विद्यालय अल्प संख्यक शिक्षक काला बिल्ला लगाकर एमएसीपी, 10 वर्षीय काल पर प्रोन्नति लागू नहीं करने के विरोध स्वरूप सरकार के खिलाफ विरोध प्रकट किया। इस संबंध मे वरीय शिक्षक देवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि 10 से अधिक समय होने के बाद भी सरकार द्वारा आज तक अल्प संख्यक विद्यालयों के शिक्षक की एमएसीपी मांग को लागू नहीं कर रही। सरकार व संबंधित विभाग को मांग को लेकर आवेदन दिया जा चुका है। विरोध प्रदर्शन में प्राचार्य फादर दिलिप एक्का,देवेन्द्र मिश्रा,सुमन,बिमल सरोज सहित कई अन्य शिक्षक शामिल थे।

### स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नेतरहाट में फुटबॉल मैच का आयोजन

**महुआडांड़।** नेतरहाट में स्वतंत्रता दिवस को लेकर फुटबॉल मैच का आयोजन सयुंक्त रूप से कराया जा रहा है। नेतरहाट आवासीय विद्यालय, होटल संघ, मुखिया, थाना के साथ आम लोगों में भागीदारी कराया जा रहा है। टूर्नामेंट में कुल 22 टीम भाग ले रही है। शनिवार को उद्घाटन मैच नैना व बटूवाटोली के बीच खेला गया। जिसमें बटूवाटोली की टीम विजय रही। टूर्नामेंट का फाइनल मैच 15 अगस्त को होगा। मौके पर नेतरहाट आवासीय विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार, पूर्व पंचायत समिति सदस्य अजय प्रसाद, थाना प्रभारी अरविंद होरेंज मुखिया रामबिशुन नागेशिया सहित कई अन्य लोगों के साथ आयोजन समिति के सदस्य मौजूद थे।

### 29 श्रद्धालुओं का जत्था बाबाधाम रवाना

**चंदवा।** नवयुवक कांवरिया संघ महावीर मंडल कंचन नगरी व हरैया से शनिवार को 29 श्रद्धालुओं का जत्था बाबाधाम के लिए रवाना हुआ। यात्रा पर रवानगी से पूर्व श्रद्धालुओं ने गुलायची बाबा मंदिर, मां उग्रतारा नगर भगवती मंदिर में मत्था टेक कर यात्रा की शुरूआत की। श्रद्धालुओं ने बताया कि यात्रा के पहले पड़ाव में सभी बाबाधाम में भगवान शिव को जलाभिषेक करेंगे। श्रद्धालुओं के जत्थे में नवयुवक कांवरिया संघ महावीर मंडल कंचन नगरी चंदवा के सुनील कुमार,सरोज साह, संतोष साह,धीरज साह,संजय साह,शशि कुमार,विकास कुमार,प्रदीप साह,रागिनी देवी, प्रभा देवी,अर्पणा देवी,संतोषी देवी,ममता देवी,अंजली कुमारी, बरखा कुमारी,पिंकी कुमारी समेत 23 सदस्य बाबा धाम के लिए रवाना हुए।

### स्वतंत्रता दिवस मनाने को लेकर बैठक, समय निर्धारित



**बारियातू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में शनिवार को झंडोत्तोलन समय सारणी निर्धारित करने को लेकर प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता मे प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी नंद कुमार राम की देख रेख में सभी राजनीतीक दल, प्रखंड व पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा कई विभाग के कर्मी उपस्थित थे। बैठक में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी झंडोत्तोलन करने का निर्णय लिया गया। इसके बाद समय सारणी पर चर्चा की। चर्चा के बाद सर्वसम्मति से प्रखंड सह अंचल कार्यलय परिसर में 8:30, पशुपालन विभाग 8:40, जेएमएम कार्यालय 8:45, मेमर्स प्रिंस भारत गैस 8:50, राजकीय मध्य विद्यालय बारियातू 8:55, झारखंड राज्य आवासीय विद्यालय व जामिया इस्लामिया इटके में 9:00, बीआरसी कार्यालय 9:05, स्वास्थ्य उपकेंद्र बारियातू 9:10, राजद कार्यालय 9:15, सभी पंचायत सचिवालय मे 9:20, बीजेपी कार्यालय 9:25, आजसू कार्यालय 9:30, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बारियातू में सभी प्रावेट विद्यालय के समय मे झंडोत्तोलकरेंगे। सांसद प्रतिनिधि कार्यालय 9:40, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक 9:45, कांग्रेस पार्टी कार्यालय 9:50, लैम्पस कार्यालय 9:55, परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय 10:00, सभी प्राईवेट विद्यालय 10:05, बारियातू थाना परिसर में 10:30 बजे समय निर्धारित की गई है.मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझु, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार पशु चिकित्सा प्रभारी सुशीला बागे,एएसआई नीरज दुबे,प्रिंस भारत गैस संचालक मुंसी साव सहित कई गन्य मान्य लोग मौजूद थे।

### 286 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को कल्याण विभाग द्वारा प्रखंड के विभिन्न विद्यालय के आठवीं कक्षा में अध्यनरत 286 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। साइकिल का वितरण प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव, प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी चितरंजन शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर प्रखंड के विभिन्न मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक के साथ शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। बताया गया कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय गांगपुर के 40, उर्दू मध्य विद्यालय किरकिरा के 23,बारियातू के 39,पिंडारकोण के 39, तिलैया के 35, मारंगी के 22,लुब्धिया के 23 एवं गिद्धौर के 65 छात्र छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। बताया गया कि कल्याण विभाग द्वारा दूसरे अलॉट में 450 साइकिल का आवंटन प्राप्त है। शेष साइकिल का वितरण जल्द ही किया जाएगा। मौके पर बीआरपी कृष्ण मुरारी शर्मा, सीआरपी राजकुमार राजू, प्रेमचंद कुमार गुप्ता, शिक्षक गेंदेश्वर उरांव, संदीप कुमार सिंह,धर्मेंद्र कुमार दांगी,दीपक कुमार, वीरेंद्र यादव, मो,तौहीद, रंजीत सिंह सहित विभिन्न विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### मगध कोल माइंस विस्तारीकरण के लिए रैयतों के साथ जीएम ने की बैठक, बनी सहमति



**बालूमाथ।** संघमित्रा क्षेत्र अंतर्गत संचालित मगध कोल माइंस के आरा ग्राम में मगध सीसीएल जीएम नृपेंद्र नाथ व पिओ एस सतनारायण ने आरा ग्राम के भुरैयतों के साथ बैठक की। बैठक में माइंस विस्तारी कारण को लेकर पर चर्चा की गई। मौके पर रैयतों ने कहा कि सीसीएल हम रैयतों को नौकरी मुआवजा पुनर्वास रोजगार मुहैया कराये तभी हम सभी ग्रामीण जमीन देकर मांइस विस्तार के लिए सहमति देंगे। साथ ही जितने नौकरी के लिए फाइल लगे हैं। उन सभी लोगों को नौकरी जल्द से जल्द दें। साथ ही ग्रामीणों ने कहा कि हम सभी ग्रामीण आपस में बैठकर विचार विमर्श करके माइंस विस्तार के बारे में बात करेंगे। इस दौरान जीएम नृपेंद्र नाथ ने कहा कि सीसीएल नौकरी पुनर्वास योजना के तहत भु रैयतों को उनका हक अधिकार देगी। मौके पर सीसीएल अधिकारी के अलावे भू-रैयत शिवनारायण प्रसाद, पदुम यादव बलदेव साव, मंगल गंझू राजेंद्र प्रसाद जितेंद्र प्रसाद सुधीर साव अखिलेश यादव खेमलाल गंझू विनोद गंझू महेंद्र साव तुलसी साव राजेश राम शंभू साव रूपलाल राणा खुशियाल साव महेंद्र उरांव सहित कई भू-रैयत मौजूद रहे।

### गोस्वामी तुलसीदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई

**लातेहार।** सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य ओमकार नाथ सहाय व मधु कुमारी ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती, गोस्वामी तुलसीदास के चित्र पर दीप जलाकर व पुष्प अर्पित कर किया। रामचरित मानस की रचना करने वाले संत शिरोमणि तुलसीदास की जयंती को लेकर स्कूल में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य ओंकारनाथ सहाय ने सभी भैया-बहनों को विद्यालय के प्रत्येक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। तुलसी जी का जीवन परिचय देते हुए उनके विषय में भैया बहनों को अभूतपूर्व जानकारियां प्रदान की। उनके जीवन से संबंधित प्रेरक प्रसंग, रचनाएं भी सुनाई। इस दौरान विद्यालय की आचार्या मधु कुमारी ने गोस्वामी तुलसीदास के बारे में विस्तार से चर्चा कर भैया बहनों को बताया कि भगवान राम को मयार्दा पुरुषोतम कहा जाता है। क्योंकि स्वयं राम ही इस समाज में एक ऐसे उदाहरण है जो मयार्दा को बचाएं रखें। पिता के कहने पर राजपाट छोड़कर वन को चले गए और माता सीता के चरित्र पर उंगली उठी, तो उनका पहले अग्निपरीक्षा लिया। आगे उन्होंने बताया कि राम-सीता के पूरे जीवन को तुलसीदास ने रामचरित मानस में पिरोया है। मौके पर विद्यालय के सभी भैया-बहनों के लिए सुलेख,चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सभी वर्गों में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैया-बहनों को विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी सराहनीय योगदान रहा।


## कार्यालय नगर पंचायत, लातेहार।
### अतिअल्पकालिन कोटेशन आंमत्रण सूचना सं0 07/2024–25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निकाय क्षेत्र अन्तर्गत सफाई कार्य एवं कुड़ा उठाव कार्य को ध्यान में रखते हुए Hydraulic Trailer का क्रय नगर पंचायत लातेहार द्वारा की जानी है। विवरण निम्नवत है:–

| S.L. NO | DESCRIPTION | Quantity | Tender Fees | Earnest Money | Rate with all Taxes |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | HYDRAULIC TRAILER Hydraulic Trailer having dimension 10 X 06 X 2 Fitted with hydraulic tipping jack having floor sheet thickness and side wall sheet thickness of 10G/12G with one axle and 2 Nos. 7.50 X 16 reputed make nylon tyres painted with anti rust coated paint. Pay load capacity of Trailer 8 tonne. | As Per Required | 1000.00 | 15000.00 | |

उपरोक्त कार्य हेतु इच्छुक फर्म /आपूर्तिकर्ता से दिनांक 17.08.2024 के अपराहन् 2.30 बजे तक पूर्ण विवरणी एवं सभी कर सहित अपना कोटेशन नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। कोटेशनदाता से प्राप्त कोटेशन को उसी दिन अपराहन् 3.30 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। कोटेशनदाता को आपूर्ति की जाने वाली संयत्रों का Presentation निविदा समिति के समक्ष दिनांक 17.08.2024 को अपराहन् 3.30 बजे देना अनिवार्य होगा, आपूर्ति किये जाने वाले सामग्रियों की गुणवता अच्छी होने के उपरान्त ही संयत्रों की आपूर्ति ली जायेगी। कोटेशनदाता को कोटेशन के साथ अध्यतन आयकर एकनॉलेजमेन्ट, पैन कार्ड एवं GST प्रमाण पत्र 3B Return एवं प्रतिश्ठित प्रतिश्ठान का निबंधन प्रमाण पत्र, आपूर्ति किये जाने वाले सामग्रियों का रंगीन कैटलॉग /फोटोग्राफ देना अनिवार्य होगा। कोटेशनदाता को कोटेशन के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का बैंकर चेक/बैंक ड्राफट जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत लातेहार के नाम से देय हो जमा करना अनिवार्य होगा। साथ ही विपत्र के भुगतान के समय भुगतान की जाने वाली राशि से नियुमानुसार सुरक्षीत जमा राशि एवं अन्य कर (Tax) की कटौती की जायेगी। कोटेशनदाता से दर प्राप्त होने के उपरांत न्युनतम दरदाता की स्वीकृति प्रदान करते हुये कार्यादेश निर्गत की जायेगी। कार्यादेश निर्गत की तिथि से एक माह के अन्दर उपरोक्त सामग्रियों की आपूर्ति करना आवश्यक होगा। इस संबंध में विशेश जानकारी कार्यालय के कार्य दिवस में जया लक्ष्मी भगत, नगर प्रबंधक, नगर पंचायत लातेहार से प्राप्त की जा सकती है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार।

PR 332420 Urban Development(24-25)D



## कार्यालयः जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार
### जिला समाहरणालय, लातेहार
### आम–सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड राँची द्वारा एल.पी.ए. संख्या 203/2022 एवं अन्य संबंध तथा सदृश्य वादो में पारित न्यायादेश के अनुपालन में सरकार के प्रभारी सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची की अधिसूचना संख्या–283 दिनांक 28.02.2024 के आलोक में झारखण्ड प्रारंभिक शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2012 (यथा संसोधित) के आधार पर जिला द्वारा विज्ञप्ति संख्या–03/2015 एवं 04/2015 के विरूद्ध पुर्व के अंतिम काउंसिलिंग के अंतर्गत सहायक शिक्षकों की नियुक्ति के पश्चात् शेष बचे रिक्त पदों पर एकबारगी अंतिम आवसर के रूप में काउंसिलिंग की प्रक्रिया संकल्प संख्या 283 दिनांक 28.02.2024 की कंडिका 13 के क्रम संख्या I-XII में निहित शर्तो के अधीनदिनांक 01.08.2024 को की गई। निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 1001 दिनांक 06.08.2024 के निदेशानुसार पूनः काउंसिलिंग की प्रक्रिया को निम्नांकित रूप से विस्तारित किया जाता है :–

| क्र0 | निर्धारितअवधि | निर्धारिततिथि |
|---|---|---|
| 1 | दिनांक 31.07.2024 को जिला के वेबस ाइट पर कोटिवार रिक्ति एवं विचारण क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अभ्यर्थीयों की सूची कोटिवार (कट ऑफमार्क्स के साथ) पुनः अभ्य थियों से दावा/आपति प्राप्त किये जाने हेतु जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.inपरप्रकाषन की तिथि | 08.08.2024 |
| 2 | दिनांक 09.08.2024 को प्रकाषित विचारण क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अभ्यर्थियों की सूची पर दावा/आपति निबंधित डाक के माध्यम से अथवा कार्यालय मेंउपस्थितहोकरआवेदन के माध्यम से समर्पितकरने की आवधि | 10.08.2024 से 17.08.2024 तक |
| 3 | दिनांक 01.08.2024 को काउंसिलिंग में भाग लिये अभ्यर्थी जिनका मूल प्रमाण पत्र/अंक पत्र जिला में समर्पित किया गया है, के द्वारा आवेदन समर्पित कर मूल प्रमाण पत्र/अंक पत्र की मॉग करने की स्थिति में उनको अपना अभ्यर्थित्व/दावेदारी/उपस्थिति समाप्त माने जाने का आवेदन कार्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा, तथा अपना मूल प्रमाण पत्र/अंक पत्र कार्यालय से प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 20.08.2024 |
| 4 | विचारण क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अभ्यर्थियों की सूची का जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.inपर प्रकाषन कि तिथि | 22.08.2024 |
| 5 | दिनांक 22.08.2024 को प्रकाषित विचारण क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अभ्यर्थीयों की सूची के आलोक में अहर्ताधारी अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग की तिथि | 25.08.2024 |
| 6 | अंतिम चयन सूची का जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.inपर प्रकाषन की तिथि | 01.09.2024 |

**स्नातक प्रशिक्षित वेतनमान (ग्रेड पे–4600) के पारा/गैर पारा कोटि की शेष रिक्ति एवं कट ऑफ की विवरणी**

| क्र0 सं0 | जिला | विषय | | (पारा कोटि) SC | ST | Gen | BC-I | BC-II | Total | (गैर–पारा कोटि) SC | ST | Gen | BC-I | BC-II | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार | विज्ञान/गणित | रिक्ति | 5 | 6 | 0 | 0 | 0 | 11 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| | | कटऑफ मार्क्स | | - | 51.72 | NA | NA | NA | | NA | 64.63 | NA | NA | NA | |
| 2 | | कला/सामाजिक विज्ञान | रिक्ति | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | कटऑफ मार्क्स | | NA | 58.35 | 58.70 | NA | NA | | NA | NA | NA | NA | NA | |
| 3 | | भाषा | रिक्ति | 2 | 4 | 1 | 0 | 0 | 7 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | कटऑफ मार्क्स | | 46.92 | 49.14 | 57.79 | NA | NA | | NA | NA | NA | NA | NA | |

**इंटर प्रशिक्षित वेतनमान (ग्रेड पे–4200) के पारा/गैर पारा कोटि की शेष रिक्ति की विवरणी**

| क्र0 सं0 | जिला | | (पारा कोटि) SC | ST | Gen | BC-I | BC-II | Total | (गैर–पारा कोटि) SC | ST | Gen | BC-I | BC-II | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार | रिक्ति | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 3 | 27 | 14 | 1 | 0 | 0 | 42 |
| | | कटऑफ मार्क्स | NA | 47.98 | NA | NA | NA | | 64.67 | 52.75 | 58.29 | NA | NA | |

जिला शिक्षा अधीक्षक,लातेहार। PR 332366 Human Resource Developement(24-25)D उपायुक्त, लातेहार।

## एक नजर

### भंडरा में मोबाइल छिनतई के दो आरोपी गिरफ्तार



**भंडरा ।** भंडरा थाना क्षेत्र के भैसमूंदो गांव से बच्चे के हाथ से फरार दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि मोबाईल छिनतई के आरोपियों में गुमला सिसई के करकरी निवासी महमूद अंसारी का 25 वर्षीय पुत्र रफीक अंसारी उर्फ भोलू और बंधनी गांव निवासी सेराजुद्दिन अंसारी का पुत्र एहतेशाम अंसारी शामिल हैं। इन्हें उनके घर से एसआइ पप्पू कुमार द्वारा गिरफ्तार किया गया। जबकि छीना गया मोबाइल रफीक के घर से बिस्तर के नीचे बरामद किया गया। गौरतलब है कि चार अगस्त को भैसमुंदो गांव में मोबाइल के साथ खेल रहे एक बच्चे से मोबाइल छीनकर ये दोनों बाईक से फरार हो गये थे।

### आज भाजयुमो निकालेगा तिरंगा बाइक रैली



**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा गुदरी बाजार स्थित पार्टी नगर कार्यालय अटल भवन में बैठक किया गया। जिसमें आगामी कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि रविवार को समय 10:00 बजे ललित नारायण स्टेडियम से भव्य तिरंगा बाइक रैली का आयोजन युवा मोर्चा के द्वारा किया जाएगा। 12 अगस्त को युद्ध स्मारक स्थल पर शहीदों की प्रतिमा पर साफ सफाई एवं माल्यार्पण, 13 अगस्त को हर घर तिरंगा, 14 अगस्त को विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस (संगोष्ठी) मनाना है। उसके पश्चात कैंडल मार्च निकली जाएगी। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में ध्वजा रोहण कार्यक्रम किया जाएगा।

### पुलिस ने तालाब से एक अज्ञात शव बरामद किया

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित पालकोट थाना स्थित सुन्दरी पहाड़ टोली तालाब से पालकोट थाना पुलिस ने एक अज्ञात अधेड व्यक्ति का शव बरामद किया गया है जिसकी अब तक पहचान नहीं हो पाई है, पालकोट थाना पुलिस को एक सूचना मिली थी की पालकोट थाना स्थित सुंदरीडीह तालाब में एक व्यक्ति का शव तैयार रहा हैं उक्त सूचना मिलते ही पालकोट थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें , अपने दलबल के साथ उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर उक्त शव को , उस तालाब से बाहर निकलवाया और अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस के शीतगृह में 72 घन्टें तक के लिए रखवाया गया हैं , ताकि उक्त शव की पहचानी हो सके, अगर फिर भी 72 घंटे तक , उक्त शव की पहचानी नहीं हो पाती हैं तो उक्त शव का पोस्टमार्टम कराकर उसका अंतिम संस्कार करा दिया जायेंगा।

### कानून प्रदत्त अधिकारों के प्रति जागरूक रहना जरूरी

**लोहरदगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिविल कोर्ट लोहरदगा के तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय मेगा विधिक सशक्तिकरण कैम्प का आयोजन कैरो प्रखंड मुख्यालय में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कृष्कान्त मिश्रा एवं अधिवक्ता सह एक्सपर्ट मध्यस्थ प्रवीण कुमार भारती एवं सिविल कोर्ट लोहरदगा के अनुज कुमार एवं मनीष कुमार उपस्थित थे। सी जे एम कृष्कान्त मिश्रा ने कानून के अनुसार प्रदत्त अधिकारों के प्रति जागरूक रहने को जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सारी सविधाओं के बावजूद जानकारी के अभाव में कानूनी अधिकार का लाभ एवं सरकार द्वारा प्रदत्त विभिन्न योजनाओं का लाभ लोग उठा नहीं पाते।

# लोहरदगा झामुमो ने सीएम हेमंत सोरेन का मनाया बर्थडे



गरीबों के बीच बांटी मिठाई

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

झारखंड मुक्ति मोर्चा लोहरदगा जिला के अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद के नेतृत्व में लोहरदगा जिला कार्यालय में शनिवार को केक काटकर झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री के तस्वीर को केक खिलाकर उनकी लम्बी उम्र की कामना की गई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जन्मदिन के मौके पर लोहरदगा जिले के कुड़ू, कैरो, किस्को के दर्जन भर गांवों में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के आवेदन फॉर्म का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर एक दर्जन से अधिक लोगों ने झामुमो की सदस्यता भी ग्रहण किया। वहीं गरीब लोगों के बीच नास्ता और खाना का पैकेट भी वितरण किया गया। जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने कहा कि जेएमएम के नेता एवं कार्यकर्ता ही नहीं झारखण्ड की जनता अपने लोकप्रिय मुख्यमंत्री का जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मना रही है। वहीं जिला समिति के द्वारा मुख्यमंत्री के जन्मदिन के उपलक्षय में गरीब व असहायों के बीच मिठाई और भोजन वितरण किया। इस मौके पर जिला सचिव अनिल उरांव, केंद्रीय सदस्य समीद अंसारी, केंदीय सदस्य बिनोद यादव, युवा जिला अध्यक्ष अजय उरांव, महिला जिला अध्यक्ष सरिता भगत, जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष सतीम टोप्पो, सचिव मंसूर अंसारी, अनिल कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# दिव्यांग एवं अन्य जरूरतमंदों के लिए भी खुले हुए हैं डालसा के द्वार : पीडीजे



- मेगा विधिक शिविर सह सशक्तिकरण एवं गरिमा सम्मेलन का हुआ आयोजन
- पांच करोड़ से अधिक की परिसंपत्ति का किया गया वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा और जेएसएलपीएस लोहरदगा के संयुक्त बैनर तले 10 अगस्त में सदर प्रखंड परिसर स्थित नए टाउनहॉल में मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर सह गरिमा सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अरविंद कुमार पांडेय, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय श्री सुभाष, उपायुक्त सह उपाध्यक्ष डालसा डा बाघमारे प्रसाद कृष्ण, डालसा सचिव राजेश कुमार, डीपीएम अनिता केरकेट्टा ने दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं लोहरदगा जिले के सभी प्रखंडो मे आयोजित शिविर में पांच करोड से अधिक परिसंपतियों का वितरण किया गया। जिसमें पीएम आवास योजना अंतर्गत 10 लाभुकों के बीच 13 लाख रुपए, जेएसएलपीएस द्वारा स्वरोजगार के लिए 88 लोगों के बीच 262 लाख रुपए, कृषि विभाग द्वारा 10 पावर स्पेयर और 12 पंपसेट, जिला उद्योग केन्द्र द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत 6 लाभुक के 31.04 लाख रुपए, श्रम विभाग द्वारा 210 लाभुकों के बीच 5.5 लाख रुपए, जिला आपूर्ति शाखा द्वारा 20 नए राशन कार्ड, समाज कल्याण विभाग द्वारा 35 लाभुकों के बीच 4.88 लाख रुपए, पशुपालन विभाग द्वारा पशुधन योजना अंतर्गत 10 लाभुकों के बीच 2.51 लाख रुपए, सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा 20 लाभुकों के बीच कई योजनाओं का वितरण किया गया।

# रक्षाबंधन भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है : मंजू देवी



- विद्या मंदिर स्कूल में राखी मेहंदी एवं कलश निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में शनिवार को राखी, मेहंदी एवं कलश निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा षष्ठ से दशम तक की बहनें भाग ली। मेहंदी प्रतियोगिता में बहनों ने भाग लेकर एक दूसरे के हाथों पर मेहंदी की विभिन्न आकृतियां बनाई। यह प्रतियोगिता कार्यक्रम प्रमुख मंजू देवी एवं श्वेता संदेश के दिशा निर्देशन में आयोजित हुई। दूसरे चरण में राखी बनाओ प्रतियोगिता में बहनों के द्वारा विभिन्न प्रकार की राखियां बनाई गई ।जिसमें बहनों के द्वारा मौली धागा, मोती, रेशम के धागे, ऊन,अन्य विभिन्न घरेलू सामग्री के द्वारा राखी निर्माण किया गया। रक्षाबंधन का महत्व एवं पौराणिक कथाओं से भी अवगत कराया गया। विद्यालय की वरिष्ठ आचार्या मधुमिता शर्मा ने कहा कि हर बच्चों में कुछ खास गुण होते हैं सभी की अपनी अलग-अलग प्रतिभा होती है अपने गुणों और प्रतिभा को परखना चाहिए। सभी प्रतिभागी बहनों को विद्यालय के तरफ से प्रशस्ति पत्र दिया गया। शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### नाग पंचमी कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया : बजरंग दल

**लोहरदगा।** नाग पंचमी के शुभ अवसर पर छतर बगीचा स्थित स्वयंभू महादेव शिव मंदिर प्रांगण में बजरंग दल के द्वारा महाआरती अनुष्ठान बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बजरंग दल के युवा कार्यकर्ता ने महाआरती कर अनुष्ठान को पूर्ण किया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में माताएं बहने एवं शिव भक्त शामिल होकर महाआरती अनुष्ठान को सफल बनाया। मंत्र उच्चारण अनुष्ठान सूर्य नारायण पाठक के द्वारा किया गया एवं मंदिर पुजारी गोपाल जी के द्वारा विधि व्यवस्था की गई। मौके पर श्रवण सिंह ने कहा कि नाग पंचमी के शुभ अवसर पर मंदिर प्रांगण में जो अनुष्ठान और महा आरती का कार्यक्रम किया जा रहा है यह बहुत ही शुभ मंगल है।

# बारिश के कारण गांव का पुराना पुल टूटा

- स्कूली छात्र छात्राओं और गंभीर रोगियों के लिए हुई मुसीबत
- ग्रामीणों ने नए पुल निर्माण के लिए गुमला उपायुक्त से लगाई गुहार



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला - गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा प्रखंड स्थित चामा चमेली ग्राम जाने वाला रास्ता में पड़ने वाला पुल अधिक बारिश होने और पानी के तेज बहाव के कारण उक्त पुराना पुल के नीचे से , मिट्टी बह जाने के कारण उक्त पुराना जीर्ण-शीर्ण पूल धंस गया। फलस्वरूप उक्त के आसपास के ग्रामीणों और स्कूली बच्चों के आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा हैं, इस संबंध में संबंधित ग्रामीणों और स्कूली छात्र छात्राओं ने गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी से सीधे गुहार लगाते हुए कहा हैं की आपने गांव का रास्ता तो नया बनवा दिया पर उक्त पूराने पुल का नया निर्माण नहीं करवाया अतः उपायुक्त उक्त पुल को अविलंब बनवाने का कृपया कष्ट करेंगे। उक्त पुल टूटने से विशेषकर छात्र-छात्राओं और गंभीर रोगियों को अस्पताल तक पहुंचाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा हैं।

### नगर परिषद गुमला के प्रशासक के साथ चैंबर प्रतिनिधियों की हुई बैठक

**गुमला।** गुमला आज दिन शनिवार को चेंबर ऑफ कॉमर्स गुमला के अध्यक्ष दामोदर कसेरा की अध्यक्षता में चेंबर का एक प्रतिनिधिमंडल गुमला नगर परिषद के नवनियुक्त प्रशासक संजय मराण्डी से औपचारिक मुलाकात किया और फूलों का गुच्छा देकर उनका स्वागत किया , उक्त मुलाकात के दौरान शहर के विभिन्न समस्याओं से संबंधित कई बिंदुओं पर चर्चा हुई अध्यक्ष ने संजय मरांडी का ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा की , गुमला के हृदय स्थली टावर चौक के शहीद स्मारक में विभिन्न वाहनों के टक्कर लगने से उक्त शहीद स्मारक की स्थिति बाद से बत्तर और काफी जर्जर हो गई है, अतः उक्त शहीद स्थल की अभिलंब जीर्णोद्धार कराई जाए क्योंकि 15 अगस्त के दिन उक्त स्थान पर शहीदों को नमन किया जाता है।

# सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाएगी युवा कांग्रेस : इशिता शेढ़ा




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी बैठक का आयोजन कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में किया गया। बैठक मे मुख्य रूप से प्रदेश प्रभारी इशिता शेढ़ा,राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ ,जिला कोर्डिनेटर सत्यव्रत दास, जिला प्रभारी संदीप कुमार , जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग उपस्थित थे` प्रदेश प्रभारी इशिता शेढ़ा ने कहा की युवा कांग्रेस हर घर खटा-खट के तहत झारखंड सरकार के द्वारा जनकल्याणकारी योजना जो जनता के हित के लिए लाई गई है जैसे कृषि ऋण माफी योजना, 200 यूनिट बिजली फ्री, महिलाओं को स्वलभ बनाने के लिए मुख्यमंत्री मैया समान योजना, सभी को पेंशन, धोती लूंगी साड़ी आदि अनेक कार्य झारखंड सरकार के महागठबंधन की सरकार ने की है इन सभी कार्य को युवा कांग्रेस हर घाट खटक कार्यक्रम के तहत हर घर के दरवाजे जनता के बीच जाकर बताने का काम करेगी।

# जिला शिक्षा अधीक्षक ने दी स्क्रेच कोडिंग से बच्चों की रचनात्मकता में विकास की जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला जिले के बच्चों को स्क्रेच कोडिंग सिखाने के उद्देश्य से सिकछा कर भेंट गतिविधि अंतर्गत आज दिनांक 10 अगस्त 2024 को जिले के मुख्यमंत्री उत्कृष्ट एस एस बालिका उच्च विद्यालय गुमला में जिले के चयनित आईसीटी इंस्ट्रक्टर के लिए रिफलेक्शन मीटिंग का आयोजन जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां की अध्यक्षता में किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला शिक्षा अधिक्षक द्वारा स्क्रेच कोडिंग से बच्चों की क्रिएटिविटी में विकास होने की जानकारी देते हुए सभी से आह्वान किया गया कि बेहतर तरीके से कार्यों का निर्वहन करते हुए उपायुक्त की अपेक्षाओं पर खरा उतरें । ज्ञात हो कि गत वर्ष भी उपायुक्त के निर्देश अनुसार स्क्रेच कोडिंग की कक्षाएं आयोजित की गई थी । सहायक नोडल पदाधिकारी दिलदार सिंह द्वारा सभी को जानकारी देते हुए बताया गया कि आज के आधुनिक समय में कम्प्यूटर की दुनिया में भविष्य बनाने हेतु कोडिंग सीखना बहुत ही महत्वपूर्ण है तथा उपायुक्त महोदय के निर्देश अनुरूप आधुनिक तकनीक के साथ कदम से कदम मिलाते हुए रचनात्मक एवं सुरुचिपूर्ण तरीके से कोडिंग सिखाए जाने के लिए फिर से स्क्रेच कोडिंग कक्षाओं की शुरूआत कराई जा रही है जो दिनांक 12 अगस्त 24 से जिले के चयनित विद्यालयों में आरंभ किया जा रहा है ।

# चार-चार भालूओं ने एक वृद्ध व्यक्ति को किया घायल

## शरीर के कई हिस्सों को नोचा, सदर अस्पताल में भर्ती



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला जिला अंतर्गत स्थित बसिया थाना क्षेत्र के गंगड़ा व्दारसेनी ग्राम के समक्ष स्थित आसपास के क्षेत्रों में चार भालूओं का आतंक दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा हैं, फलस्वरूप उक्त वन क्षेत्रों एवं आसपास के क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों की जान आफत में आ गया हैं। गंगड़ा व्दारसेनी ग्राम निवासी 60 वर्षीय वृद्ध वंशिका टोप्पो अपने उक्त गांव के जंगल में शौच करने गया हुआ था, इसी क्रम में उक्त जंगल के चार भालूओं ने एकाएक हमला कर दिया, और शनिका टोप्पों के शारीर के विभिन्न हिस्सों को नोच नोच कर गंभीर रूप से घायल कर दिया हैं, उसके द्वारा जोर-जोर से चिल्लाने और ग्रामीणों के आने की आहट सुनने पर उक्त चारों जंगली भालू जंगल में घुस गये। बाद में ग्रामीणों के सहयोग से उसे आनन-फानन में इलाज के लिये रेफरल अस्पताल बसिया ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल गुमला रेफर किया गया हैं जहां डॉक्टरों के देखरेख में शनिका टोप्पों का इलाज चल रहा हैं, उक्त सूचना मिलते ही वन विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें सर्वप्रथम इलाज के लिए उक्त क्षेत्र के वनपाल लेबनुस कुल्लू के माध्यम से पांच हजार रूपया प्राथमिक उपचार के लिए दिया गया हैं और मुआवजा सहयोग राशि बाद में दी जायेगी , फिलहाल वन विभाग द्वारा उक्त वन क्षेत्रों में ग्रामीणों को जान नहीं जानें की सलाह दी गई हैं, ज्ञातव्य हैं की गुमला जिले के विभिन्न वन क्षेत्रों में निवास करने वाले ग्रामीणों का आरोप हैं की प्रतिवर्ष जंगली हांथियों सहित विभिन्न आकार प्रकार से वन प्राणियों जैसे बाध, चीता , भालू आदि जानवरों द्वारा समय समय पर किये गये हमलों से रूबरू होते रहते हैं और घायल होकर अपनी जान गवाने को मजबूर हैं , फिर भी उक्त सरकार, वन विभाग एवं संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों की आक्रमान्यता एवं कार्य शिथिलता के कारण दशकों से अपनी बेबसी और लाचारी पर आठ आठ आंसू बहाने को मजबूर हैं और भगवान भरोसे अपने और अपने परिवार एवं परिजनों को छोड़ दिये हैं।

### आजसू पार्टी की जिला समिति का किया गया विस्तार

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला आजसू पार्टी के संगठन का विस्तार किया गया। जिसमें जिला कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में संजय विश्वकर्मा एवं रंथु उरांव ,जिला उपाध्यक्ष आशीष प्रसाद विनोद सिंह, सुमन कुमार साहू ,आदित्य संजय कुजूर, मुस्तफा अंसारी, जिला सचिव इकरामुल अंसारी, मनीष चौधरी ,जिला संगठन सचिव दिनेश कुमार साहू, जिला प्रवक्ता मनोज गुप्ता मन्ना, जिला प्रवक्ता सह -मीडिया प्रभारी सागर वर्मा जिला कोषाध्यक्ष रामजी प्रसाद, जिला कार्यकारिणी सदस्य रामनंद सिंह ,सुनील खत्री एवं विजय प्रसाद का मनोनयन किया गया। इन सबों को जिम्मेवारी सौंपी गयी तथा गांव-गांव तक आजसू पार्टी की विचारधारा एवं जन कल्याणकारी कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना है।

मेगा लीगल इम्पावरमेंट कैंप में पहुंचे एडीजे अखिलेश तिवारी, कहा

# कानून का उद्गम स्थल और सभी कानूनों का स्त्रोत है हमारा संविधान



**नवीन मेल संवाददाता। कुड़ू - लोहरदगा**

कानून का उद्गम स्थल और सभी कानूनों का श्रोत भी हमारा संविधान है, और इसमे किसी का दखल नही हो सकता है। इसी से हमे अपने अधिकारों के साथ साथ अपने कर्तव्यों को भी जानकारी मिलती है। उक्त बातें झालसा के निदेर्शानुसार झारखण्ड विधिक सेवा प्राधिकार रांची (झालसा) के तत्वावधान विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा (डालसा) द्वारा प्रखंड मुख्यालय परिसर कुडू में शनिवार 10 अगस्त को विधिक सेवा सशक्तीकरण कैंप (मेगा लीगल इम्पावरमेंट कैंप) में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम अखिलेश कुमार तिवारी ने कही। उन्होंने कहा कि सभी को शुलभ और सस्ता न्याय दिलाना ही प्राधिकार का मुख्य उद्देश्य है। न्याय की जानकारी रखनी होगी। न्याय हम सभी की जरूरत है और सबको मिलना भी चाहिए, हमे सिर्फ इसकी सही जानकारी रखने की आवश्यकता है। कार्यक्रयम को सीओ मधुश्री मिश्रा, बीडीओ प्रवेश कुमार साव, पैनल अधिवक्ता कुमार चंद्रशेखर, मोमिन खातून आदि ने भी संबोधित किया और कानून से जुड़ी जानकारियां बताई। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का फलदार पौधा देकर स्वागत किया गया। मौके पर पंचायती राज पदाधिकारी सुनील चंद्र कुंवर, कल्याण पदाधिकारी अवध किशोर प्रसाद, पीएलवी जितनारायण शाही, उधोग विभाग की एकरा जबीं खानम, सबरेज आलम एवं लाभुक उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### गोस्वामी तुलसीदास एक महान संत व हिंदू संस्कृति के संवाहक थे : सुरेश चंद्र पांडेय

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती मनाई गई। प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे व अखिलेश कुमार के द्वारा गोस्वामी तुलसीदास के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन किया गया। मौके पर सुरेश चंद्र पांडे ने कहा गोस्वामी तुलसीदास एक महान संत एवं राम चरित्र मानस के रचयिता है। गोस्वामी जी हिंदू संस्कृति के संवाहक एवं महान धरोहर थे। मुगल काल में भी रामचरित्र मानस की रचना करके अपनी महान प्रतिभा का परिचय दिए। उनके द्वारा बताएं भक्ति मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। गोस्वामी जी का व्यक्तित्व एवं कृतित्व विश्व विख्यात है।

### लोहरदगा युवा आजसू नगर कमेटी का किया गया विस्तार

**लोहरदगा।** आजसू युवा नगर कमेटी का विस्तार करते हुए युवा साथियों की संयोजक मंडली बनाई गई । जिसमें नगर संयोजक कौशल सिंह नगर सहसंयोजक आकाश सिंह, राणा शुभम ,दिग्गज सिंह, मंगलेश्वर उरांव एवं विक्रम सिंह नगर संयोजक सचिव दीपक साहू, शुभम गुप्ता,राजू साहू नगर संयोजक सह सचिव सूरज सिंह, आशीष प्रजापति, विकास सिंह, उत्तम यादव, हरिओम सिंह, सुशांत पौराणिक, आशीष उरांव, मीडिया प्रभारी अनिकेत उपाध्याय, विकास प्रजापति, पृथ्वी तमेडा संयोजक सदस्य दीपक कंडू, सुनील यादव ,अमर साहू ,रवि अग्रवाल, संजीत ठाकुर, अर्जुन सिंह ,आकाश जायसवाल, विष्णु महतो ,लालू प्रजापति ,नवीन ठाकुर का मनोनयन किया गया।

### कुडू में तीन दिवसीय विशेष पल्स पोलियो अभियान 25 से

**कुडू - लोहरदगा।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 25 अगस्त से पल्स पोलियो अभियान आयोजित किया जाएगा उक्त आशय की जानकारी सिएचसी प्रभारी डॉ सुलामी होरो ने बताया की 25 अगस्त से 27 तक चलने वाले इस प्लस पोलियो अभियान के लक्ष्य को पुरा करने के लिए 140 बूथ व 1 ट्रांजिट टीम आर 8 सब डिपो बनाया गया है। इसमें कुल 14 सुपरवाइजर, 280 टिका कर्मी प्रतिनियुक्त किये गए हैं। अभियान के दौरान प्रखंड के 25595 घरों 131321 जनसंख्या में 0 से 05 वर्षों के कुल 16 हजार 821 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने जाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि 25 अगस्त को सभी बूथों पर बच्चों को पोलियो से प्रतिरक्षण को लेकर खुराक दी जाएगी। इसके अगले दो दिन 26 तथा 27 अगस्त को स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों का यह खुराक पिलाएंगे।

### गोस्वामी तुलसीदास कवि, दार्शनिक एवं समाज सुधारक थे : प्रधानाचार्य




**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत गोस्वामी तुलसीदास की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन कर किया गया. प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास एक कवि दार्शनिक, एवं उत्कृष्ट समाजसुधारक थे. संत तुलसीदास जी जन्म का प्रमाण नही है.परन्तु बताया जाता है की 11 अगस्त 1511 ई. में उत्तर उत्तरप्रदेश के वाराणसी में जन्मे तुलसीदास ने पावन ग्रंथ रामचरितमानस की रचना के साथ साथ प्रसिद्ध लेख के रूप में गीतावली,कवितावली,विनय पत्रिका की रचना कर समाज मे समरस और प्रेम का भाव जगाने का कार्य किया था. तुलसीदास का सम्पूर्ण जीवन संघर्ष से भरा रहा। इनकी संघर्ष के साथ इनकी उपलब्धि से भैया बहनों को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है. मौके पर प्रतिभा देवी,सुषमा देवी,डॉली कविता,मीना देवी,खुशबू कुमारी,रिंकी कुमारी,मालती कुमारी,जयप्रकाश सिंह,सुधीर उराँव सहित सभी आचार्य आचार्या और भैया बहन उपस्थित थे।

### जिला पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह ने प्रस्तावित टोटो थाना परिसर में किया पौधरोपण



**गुमला।** गुमला अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ( एसडीपीओ ) सुरेश प्रसाद यादव ने बताया की आज पुलिस अधीक्षक महोदय ( गुमला जिला पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह) के द्वारा प्रस्तावित टोटो थाना के प्रांगण में टोटो अंतर्गत सभी पंचायत के जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में एक बैठक बुलाई गई। जिसमें टोटो थाना के विधिवत अधिसूचना प्राप्त होने के पूर्व तक बीट प्रभारियों की प्रतिनियुक्ति की गई। जिससे ग्रामीण लोगों की पहुंच थाना तक एवं पुलिस की पहुंच सुदूर ग्रामीण की आम जनता तक हो सके साथ ही साथ इस बैठक में महत्वाकांक्षी कार्यक्रम थाना परिसर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा किया गया।

# झारखंड के नौ जिलों में चलेगा एमडीए प्लान : बन्ना गुप्ता



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

फाइलेरिया मुक्त अभियान के तहत स्वास्थ्य और खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने शनिवार को केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रताप राव जाधव के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से डीसी ऑफिस स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में झारखंड राज्य की तैयारियों की जानकारी दी। मंत्री बन्ना गुप्ता ने एमडीए प्लान 2024 की जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड के कुल नौ जिलों चतरा, दुमका, गोड्डा, हजारीबाग, जामताड़ा, लातेहार, पलामू, सरायकेला एवं पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में चलाया जायेगा। इसमें कुल एक करोड़ 41 लाख 37 हजार 2 सौ 28 लोग की कुल आबादी हैं, जिसमें हमने एक करोड़ 24 लाख 40 हजार सात सौ 60 लोगों को दवा देने का लक्ष्य हैं। हमलोगों ने कुल एक हजार सात सौ 77 स्वास्थ्य केंद्र बनाया गया हैं, इसके तहत 14 हजार 95 गांव को चिन्हित कर प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से तीन करोड़ 11 लाख दवा देने की योजना बनाई हैं। मंत्री बन्ना गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि यह रोग आमतौर पर गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों को होता है इसलिए मैं मांग करता हूं कि प्रभावित जिलों में जल्द से जल्द प्रधानमंत्री आवास बनाने का लक्ष्य पूर्ण करें। साथ ही बरसात का मौसम चल रहा है। इसलिए प्रत्येक राज्य में खासकर झारखंड में मच्छरदानी का आवंटन जल्द करने की कृपा करें। मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि तय समय और लक्ष्य पर राज्य से फाइलेरिया खत्म होगा।

# आसमानी बिजली का कहर, एक की मौत, पांच महिलाएं झुलसीं

**दुमका।** जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के बभनखेता गांव निवासी श्रवण मिर्धा (30) की मौत शनिवार को वज्रपात की चपेट में आने से हो गई। जानकारी के अनुसार श्रवण हंसडीहा रेलवे स्टेशन के समीप खेत में धान की रोपाई करने गया था। इसी बीच बिना बारिश के ही वज्रपात हो गई और घटनास्थल पर ही श्रवण की मौत हो गई। वहीं धान की रोपाई करने पहुंची तेतरी देवी शिला देवी अमृता देवी लखी देवी और निशा मरांडी वज्रपात के झटके से झुलस कर घायल हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना मृतक व घायलों के परिजनों सहित पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के तुरंत बाद मृतक व घायलों के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। कुछ देर बाद हंसडीहा थाना के एसआई शिव जी सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच शव का पंचनावा कर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया। इधर वज्रपात से झुलसे पांच महिला में से तेतरी देवी की हालत गम्भीर है ,जिसे उसके परिजन द्वारा इलाज के लिए बाहर ले जाया गया है।

# नक्सलियों की साजिश नाकाम एक आईईडी बरामद



**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के जराईकेला थाना क्षेत्र के तिरिलपोसी जंगल में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की साजिश को नाकाम कर दिया। सुरक्षाबलों ने शनिवार को एक आईईडी बरामद और उसी स्थान पर नष्ट कर दिया गया। सुरक्षाबलों ने दस अक्टूबर, 2023 से गोईलकेरा थाना क्षेत्र के कुईड़ा, छोटा कुईडा, मारादिरी, मेरालगड़ा, हाथीबुरू, तिलायबेड़ा बोयपाईससांग, कटम्बा, बायहातु, बोरोय, लेमसाडीह के सीमावर्ती क्षेत्र और टोन्टो थाना क्षेत्र के हुसिपी, राजाबासा, तुम्बाहाका, रेगड़ा, पाटातोरब, गोबुरू, लुईया के सीमावर्ती क्षेत्र में अभियान प्रारंभ किया है।

# गिरिडीह में धावा दल ने दो बाल श्रमिक कराए मुक्त



**गिरिडीह।** पैन-इंडिया बाल मजदूर रेस्क्यू एवं पुनर्वास अभियान के तहत धावा दल ने बाल श्रमिकों के काम कराने की सूचना पर शुकवार को गिरिडीह जिले के चिरकी प्रखंड के विभिन्न प्रतिष्ठानों, होटलों, ढाबों का निरीक्षण किया। इस दौरान गौरव फास्ट फूड कॉर्नर पिरटांड तथा सहाबुद्दीन ऑटो पार्ट्स चिरकी पिरटांड में नियोक्ता द्वारा बच्चों से काम कराते हुए देखा गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि बच्चे चाय बनाने, ग्लास, कप, प्लेट धोने, बाइक की मरम्मत व साफ-सफाई के काम में लगे हुए थे। रेस्क्यू किए जाने के बाद दोनों बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। धावा दल में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी बसंत नारायण महतो, जिला बाल संरक्षण इकाई की सोभा कुमारी, बचपन बचाओ आंदोलन नीति आयोग के जिला समन्वयक अंजली बिन, एक्सेस टू जस्टिस, जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी संगठन बनवासी विकास आश्रम के निकेश कुमार, सीएसडब्ल्यू रूपा कुमारी, उत्तम कुमार एवं पीरटांड़ थाना के पुलिस बल इत्यादि शामिल थे।

# गिरिडीह में युवती ने की आत्महत्या

**गिरिडीह।** नगर थाना क्षेत्र के कोलडीहा में स्वर्गीय अनिल केसरी की पुत्री रिया कुमारी (21) ने आत्महत्या कर ली। घटना शुक्रवार देर रात की है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतका के भाई दीपक केसरी ने पुलिस को बताया कि दोपहर में खाना खाने के बाद वह अपनी मिठाई की दुकान पर चला गया। अंधेरा होने के बाद जब वह वापस ऊपर के कमरे में आया तो देखा कि उसकी बहन रिया ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। शनिवार को युवती के शव को पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

### शुद्धि-पत्र

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के अन्तर्गत मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत् ई–निविदा संख्या– 07/2024-25/RWD/CHATRA, Identification No.- **RWD/CHATRA/33/2024-25** (पाराडीह स्कूल से ब्रह्मणा पंचायत भवन तक पथ निर्माण कार्य (लं॰– 4.700 कि॰मी॰)), दिनांक–19.07.2024, जिसकी प्राप्ति की अंतिम तिथि 17.08.2024 है तथा **P.R. No.** 330088 **Rural Work Department(24-25)#D** है, उसमें निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–

निविदा की शर्तें संख्या–

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 03.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–24.08.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 27.08.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे।

अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR.NO.332444 Rural Work Department(24-25):D

# साहिबगंज में राम मंदिर से बजरंग बली की अष्टधातु की मूर्ति चोरी

**साहिबगंज।** जिले के जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत सोतीचौकी खुटहरी में शनिवार सुबह राम मंदिर से अष्टधातु से बनी बजरंग बली की मूर्ति चोरी चली गई। चोरों ने बड़े नाटकीय ढंग से चोरी की घटना को अंजाम दिया।इस दौरान सजग हुए ग्रामीणों ने एक आरोपित को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया जबकि दो अन्य फरार हो गए। मंदिर के पुजारी भरत लाल मंडल को जब मूर्ति के चोरी होने की आहट मिली तो उन्होंने आवाज देकर ग्रामीणों को इकट्ठा किया। इसके बाद कई ग्रामीणों ने उन चोरों को पकड़ने के लिए उनके पीछे दौड़े। भागने के क्रम में एक चोर पकड़ा गया। वारदात को अंजाम देने वाले उसके दो अन्य साथी फरार हो गये।

## कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी चतरा।

### आम–सूचना

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड, रॉची द्वारा एल.पी.ए. संख्या 203/2022 एवं अन्य सम्बद्ध तथा सदृश्य वादों में पारित न्यायोदश के अनुपालन हेतु स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रॉची की अधिसूचना/संकल्प संख्या 283 दिनांक 28.02.2024 के आलोक में प्रारंभिक शिक्षक नियुक्ति नियमावली–2012 (यथा संशोधित) के आधार पर चतरा जिला अंतर्गत प्रकाशित विज्ञाप्ति पद के विरूद्ध दिनांक 03.06.2019 तक अंतिम कांउसिलिंग के अंतर्गत सहायक शिक्षकों की नियुक्ति के पश्चात शेष बचे रिक्त पदों पर एकबार अंतिम अवसर के रूप में काउंसिलिंग की प्रक्रिया संकल्प संख्या 283 दिनांक 28.02.2024 की कण्डिका–13 के क्रम संख्या **I-XII** में निहित शर्तों के अधीन दिनांक 01.08.2024 को की गई। निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक 1001 दिनांक 06.08.2024 के निदेशानुसार पुनः काउंसिलिंग की प्रक्रिया को निम्नांकित रूप से विस्तारित की जाती है।

| क्र.सं0 | काउंसिलिंग की प्रक्रिया | निर्धारित अवधि |
|---|---|---|
| 01 | जिले के अधिकारिक वेबसाईट **www.chatra.nic.in** पर प्रकाशित कोटिवार संशोधित रिक्ति एवं विचारण क्षेत्र अंतर्गत आनेवाले अभ्यर्थियों की संशोधित सूची कोटिवार (कटऑफ मार्क्स के साथ) पुनः अभ्यर्थियों से दावा/आपत्ति प्राप्त किए जाने हेतु जिले के अधिकारिक वेबसाईट **www.chatra.nic.in** पर प्रकाशन। | दिनांक 09.08.2024 |
| 02 | प्रकाशित विचारण अंतर्गत आनेवाले अभ्यर्थियों की संशोधित सूची जिले के अधिकारिक वेबसाईट **www.chatra.nic.in** पर देखी जा सकती है। दावा/आपत्ति जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, चतरा में देकर पावती प्राप्त करने की तिथि। | दिनांक 10.08.2024 से 17.08.2024 तक |
| 03 | दिनांक 01.08.2024 को काउंसिलिंग में भाग लिए अभ्यर्थी जिनका मूल प्रमाण पत्र/अंक पत्र जिले में समर्पित किया गया है के द्वारा आवेदन समर्पित कर मूल प्रमाण पत्र/अंक पत्र की मांग करने की स्थिति में उनको अपना अभ्यर्थित्व/दावेदारी/उपस्थिति समाप्त माने जाने का आवेदन कार्यालय को समर्पित कराना अनिवार्य होगा तथा मूल प्रमाण पत्र/अंक पत्र कार्यालय से प्राप्त करने के अंतिम तिथि। | दिनांक 21.08.2024 के पूर्व |
| 04 | विचारण क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अभ्यर्थियों की संशोधित सूची (कटऑफ मार्क्स के साथ) सूची जिले के अधिकारिक वेबसाईट **www.chatra.nic.in** पर प्रकाशन की तिथि | दिनांक 22.08.2024 |
| 05 | दिनांक 22.08.2024 को प्रकाशित विचारण क्षेत्र अंतर्गत आनेवाले अभ्यथियों की सूची के आलोक में अहर्ताधारी अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग की तिथि | दिनांक 25.08.2024 |
| 06 | अंतिम चयन सूची का जिले के सूची जिले के अधिकारिक वेबसाईट **www.chatra.nic.in** पर प्रकाशन की तिथि | दिनांक 01.09.2024 |

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, चतरा।

PR 332457 School Education and Literacy(24-25)D

## ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।

### ई– प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–**12/2024-25/EE/BCD/LATEHAR** दिनांक– 10.08.2024

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| **1** | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड हेरहंज के पंचायत हेरहंज में मध्य विद्यालय, मेराल में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | **99,49,000.00** | **09 (Nine) Months** |

1. कार्य पूर्ण करने की अवधि :– 09 (Nine) Months
2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 16/08/2024 को 11:00 बजे
3. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 29/08/2024 को 11:00 बजे
4. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पत्ता :–कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।
5. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान:– 30/08/2024 को 11:30 बजे
   नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, रॉची।
6. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9431501121
7. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8434414939
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. सूचना प्रौधोगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**Note :-** UCAN Registration in mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।

PR 332414 Building(24-25)D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार

### अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 09/2024–25

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 23.08.2024 के 1.00 बजे अपराह्ण तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 24.08.2024 के 3.00 बजे अपराह्ण तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 24.08.2024 के 3.30 बजे अपराह्ण तक।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
   2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
   3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7. .निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
   कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बरवाडीह के पंचायत मंगरा में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कल्याणपुर में चाहरदीवारी निर्माण। | 8,74,600.00 | 18,000/ - | 125 0/- | 04 (Four) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या **www.jharkhand.gov.in** पर देखें।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार

PR 332411 Building(24-25)#D

## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा (समाज कल्याण शाखा)

### ::प्रेस विज्ञप्ति::

एतद् द्वारा सूचित किया जाता कि महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड, रॉची के द्वारा झारखण्ड मंईयां सम्मान योजना के कियान्वयन हेतु मानक संचालन प्रकिया निम्नानुसार निर्धारित की जाती है–

1. झारखण्ड मंईयां सम्मान योजना अन्तर्गत क्षेत्र में Internet Connectivity अथवा सर्वर में आ रही परेशानी के दृष्टिगत रखते हुए महिला आवेदिकाओं से ऑनलाईन अथवा ऑफलाईन आवेदन प्रपत्र प्राप्त किया जाएगा।
2. ऑफलाईन प्राप्त आवेदन प्रपत्रों का Digitization एवं Aadhar Authentication ऑफलाईन मोड में किया जाएगा।
3. आवेदन प्रपत्र नजदीकी आंगनबाड़ी सेविका अथवा निर्धारित शिविर में जमा की जा सकती है। शिविर आयोजन की तिथि दिनांक–15.08.2024 तक विस्तारित की गयी है तथा शिविर के उपरान्त भी आवेदन संग्रहण की कार्रवाई नियमित रहेगी।
4. आवेदिकाओं से आवेदन पत्र प्राप्त कर पावती दिया जाएगा जिसमें प्राप्तकर्त्ता द्वारा अपना नाम, पदनाम तथा मोबाईल संख्या स्पष्ट अंकित किया जाएगा।
5. आवेदिका द्वारा आवेदन पत्र के साथ निम्न दस्तावेज समर्पित किया जाना अनिवार्य है–

- एक पासपोर्ट साईज फोटो।
- आधार कार्ड की छायाप्रति।
- बैंक पासबुक की छायाप्रति।
- राशन कार्ड की छायाप्रति।
- स्व घोषणा।

उपायुक्त,
चतरा

PR 332364 Social Welfare,Women and Child Development(24-25)#D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज

### शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि PR No.:-330388 (Building)24-25(D), Tender Reference No.-.-06BCD/DALTONGANJ,DIV/2024-25 DATE -22.07.2024 कार्य से संबंधित है, के कुछ तिथियों में तकनीकी एवं अपरिहार्य कारण वश संशोधन किया जा रहा हैं जिसका विवरणी निम्नवत हैः–

| क्रमांक | मद | पूर्व की तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 07.08.2024 | 12.08.2024 |
| 2 | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 14.08.2024 03:00 PM | 16.08.2024 03:00 PM |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 16.08.2024 3:00 PM | 17.08.2024 3:00 PM |

Nodal Officer, e–Procurement Cell
Building division ,daltonganj.

PR 332453 District(24-25)#D

## झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

### ई–अतिअल्पकालीन् निविदा आमंत्रण सूचना

ई–अतिअल्पकालीन् निविदा संख्या– 16/RI/2024-25/RWD/CHATRA दिनांक– 10.08.2024

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र॰ सं॰ | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल सं॰ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/CHATRA/STPKG/17/2023-24 | PMGSY रोड भगवनियाँ से कोरचा तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य (लं॰–4.130 कि॰मी॰)। | 1077.933 | दस करोड़ सतहत्तर लाख तिरानबे हजार तीन सौ मात्र | 15 माह | द्वितीय |
| 2 | | बेला से कोलटीकर तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य (लं॰– 5.160 कि॰मी॰)। | | | | |
| 3 | | कमताखूर्द से तुराग तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य (लं॰–1.600 कि॰मी॰)। | | | | |
| 4 | | गंझुटोला से सरैया तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य (लं॰– 2.800 कि॰मी॰)। | | | | |
| 5 | | मोक्तमा से डुमरी तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य (लं॰– 6.900 कि॰मी॰)। | | | | |
| 6 | | टटरा से तेलिया नावाडीह तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य (लं॰– 1.500 कि॰मी॰)। | | | | |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 13.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 18.08.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 20.08.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– **06541-296208**

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR.NO.332450 Rural Work Department(24-25):D

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू

### (सर्वसाधारण के लिए सूचना)

शहर थाना कांड सं0–512/2023, दिनांक–22.11.2023 के प्रा0 अभियुक्त राहुल कुमार वर्मा पिता अनिल राम सा0 नावागढ़ थाना पांकी जिला पलामू, झारखण्ड के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक पलामू के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदरः– 9431706239
थाना प्रभारी, शहरः– 7004498197

पुलिस अधीक्षक,
पलामू।

PR.NO. 332400 District(24-25):D

## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक ............... दिनांक ....................

### इच्छा की अभिवृति **Expression of Interest** (EOI) 10/2024–25

मेदिनीनगर नगर निगम अन्तर्गत बड़ा तालाब (अम्बेडकर पार्क) में STP (1 MLD) योजना हेतु PMC विशेषज्ञ की जरूरत है। इच्छुक परामर्शी **दिनांक 20.08.2024 को 1:00 बजे अपराह्न** तक कोटेशन के साथ सभी कागजातों (ITR, GST, अनुभव इत्यादि) सहित बन्द लिफाफे में अपना कोटेशन (PMC के दर) जमा कर सकते है। कोटेशन उसी दिन **3:00 बजे अपराह्न** में नगर निगम कार्यालय के e-procurement समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय तकनीकी विशेषज्ञ के साथ उपस्थित रहेगें। निविदा एवं शर्तें कार्यालय अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 332390 District (24-25)_D

## कार्यालयः– जिला शिक्षा अधीक्षक, गढ़वा
## समाहरणालय परिसर, विकास भवन–बी, प्रथम तल्ला

### आवश्यक सूचना

माननीय उच्च न्यायालय झारखण्ड, रॉची द्वारा प्राप्त न्यायादेश के अनुपालनार्थ स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (प्रा0शि0 निदेशालय), झारखण्ड, रॉची के विभागीय संकल्प संख्या 283 दिनांक 28.02.2024 एवं पत्रांक 786 दिनांक 19.06.2024 के आदेशानुसार दिनांक 31.07.2024 को जिले के बेवसाइट www.garhwa.nic.in पर प्रकाशित सूची से संबंधित निदेशक, प्रा0शि0 स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखण्ड, रॉची के पत्रांक 1001 दिनांक 06.08.2024 के आलोक में अंतिम चयनित अभ्यर्थी के मेधांक, कोटिवार रिक्ति एवं अभ्यर्थियों की सूची मेधांक के साथ प्रकाशित की जा रही है। इससे संबंधित दावा आपत्ति दिनांक 10.08.2024 से 17.08.2024 तक जिला शिक्षा अधीक्षक, गढ़वा के कार्यालय में या निबंधित डाक के माध्यम से जमा कराना सुनिश्चित करेंगे। दिनांक 17.08.2024 के उपरांत कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। जिन अभ्यर्थियों का दावा आपत्ती मान्य होगा उन्हे दिनांक 01.08.2024 को संम्पन्न काउंसिलींग के विस्तारित तिथि दिनांक 25.08.2024 को काउंसिलींग के लिए बुलाया जायेगा।

| कमांक | कोटि | रिक्त पद की सं0 | अंतिम काउंसिलींग (03.06.2019) में न्यूनतम कट ऑफ प्राप्तांक/प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 01 | पारा (1 से 5) अना0/म0 | 01 | 59.848 |
| 02 | पारा (1 से 5) अनु0ज0जा0 /पुरूष | 01 | 49.93 |
| 03 | पारा (1 से 5) अनु0ज0जा0 /महिला | 02 | 49.43 |
| 04 | गैर पारा (1 से 5) अना0/पु0 (दिव्यांग) | 01 | 50.35 |
| 05 | गैर पारा (1 से 5) अना0/म0 (दिव्यांग) | 02 | 57.274 |
| 06 | गैर पारा (1 से 5) अनु0जा0/पु0 | 19 | 51.49 |
| 07 | गैर पारा (1 से 5) अनु0जा0/म0 | 21 | 48.709 |
| 08 | गैर पारा (1 से 5) अनु0ज0जा0/पु0 | 08 | 52.69 |
| 09 | गैर पारा (1 से 5) अनु0ज0जा0/म0 | 15 | 55.156 |
| 10 | पारा (6 से 8) विज्ञान अनु0जा0/म0 | 01 | 61.423 |
| 11 | पारा (6 से 8) विज्ञान अनु0ज0जा0/म0 | 02 | – |
| 12 | गैर पारा (6 से 8) विज्ञान अना0/म0 | 01 | 72.633 |
| 13 | गैर पारा (6 से 8) विज्ञान अनु0ज0जा0/म0 | 01 | 64.77 |
| 14 | पारा (6 से 8) सामाजिक विज्ञान अनु0ज0जा0/म0 | 01 | 56.964 |
| 15 | गैर पारा (6 से 8) सामाजिक विज्ञान अना0/पु0 | 02 | 70.92 |
| 16 | गैर पारा (6 से 8) सामाजिक विज्ञान अना0/म0 | 01 | 68.570 |
| 17 | गैर पारा (6 से 8) सामाजिक विज्ञान अनु0जा0/म0 | 01 | 62.856 |
| 18 | गैर पारा (6 से 8) सामाजिक विज्ञान अनु0ज0जा0/म0 | 01 | 66.154 |
| 19 | पारा (6 से 8) भाषा अनु0जा0/म0 | 01 | 46.521 |

जिला शिक्षा अधीक्षक,
गढ़वा

PR 332354 Higher Education Directorate(24-25)#D

## मुद्दा

# भूजल का प्रबंधन

**भूजल** का गिरता स्तर और इसकी वजह से निकट भविष्य में गहराने वाले संकट के मसले पर पिछले कुछ वर्षों से निरंतर चर्चा होती रही है। इस चिंता के मद्देनजर न सिर्फ हिंदुस्तान, बल्कि वैश्विक पैमाने पर सम्मेलनों और सेमिनारों में आने वाले दिनों में पानी कि किल्लत को लेकर चेतावनी दी जाती रही है। लेकिन चिंता जताना और संकट का निदान करना अलग-अलग बातें हैं। यह सही है कि केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से जल संकट को लेकर तमाम कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं तो इनका मकसद चुनौतियों को पार पाना ही है। लेकिन यह भी कड़वा सच है कि स्थानीय हालात और जरूरत के आधार पर यदि कोई पहल कदमी होती है। तभी इस संकट से निजात पाने की उम्मीद की जा सकती है। इस लिहाज से देखें तो 25अकटूबर 2019को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 95वी जयंती के मौके पर अटल भूजल योजना की शुरूआत इस दिशा में एक अहम कदम है। इस योजना को वर्ल्ड बैंक मंजूरी दे चुका है। दिलचस्प बात है कि यदि उक्त योजना वृहद रूप में 2025तक भी पूर्ण रूप से धरातल पर उतरती है तो इससे फिलहाल सात राज्यों मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, राजस्थान, महाराष्ट्र के 8350 गांवों को लाभ मिलने की उम्मीद है। दरअसल भूजल के तेजी से गिरते स्तर को लेकर चिंता लंबे समय से जताई जाती रही है।लेकिन इस गहराती समस्या का निदान कैसे हो। इसकी दिशा अभी पूर्ण तौर पर स्पष्ट नहीं हैं।न सिर्फ वर्षा से जल के संरक्षण के पहलू पर कोई बड़ी कार्य योजना धरातल पर उतर सकी है।न अन्य स्त्रोतों की वास्तविक स्थिति का आकलन करके उसके समाधान को लेकर ठोस पहल हुई है। हालांकि लखनऊ में अटल भूजल योजना की शुरूआत से तकरीबन छह माह पहले प्रधानमंत्री ने पानी की एक एक बूंद के संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान प्रारंभ करने पर जोर दिया था। यह अपने आप में यह बताने के लिए काफी है कि भूजल के स्तर और समग्र पैमाने पर जल की उपलब्धता को लेकर सरकार फिक्रमंद अवश्य है। लेकिन इस संकट से निदान हेतु एक समग्र योजना के साथ जमीनी अमल अभी बाकी है। समस्या यह है कि बड़े पैमाने पर पानी का उपयोग और उसकी बबार्दी करने वालों पर किसी ने भी अभी तक लगाम नहीं लगाई है। यह गांवों और शहरों में बर्षा जल के संरक्षण को लेकर सजगता नहीं होने और इससे उत्पन्न होने वाली समस्या से इतर एक पहलू है। जिसमें भारी मात्रा में पानी की बबार्दी होती है। सवाल है कि जल संरक्षण को लेकर जताईं जाने वाली चिंता के मद्देनजर क्या इस समस्या के बुनियादी पहलूओ पर भी गौर किया जाएगा। हमारे मुल्क में ऐसे तमाम इलाके हैं। जहां भूजल का स्तर चिंता जनक स्तर तक नीचे चला गया है। इसका असर फसलों के उत्पादन के चक्र पर पड़ा है। जिसमें सिंचाई के लिए ज्यादा पानी की जरूरत वाली फसलें बुरी तरह प्रभावित हो रही है। हाल के दिनों में यह राय सामने आई है कि सिंचाई के लिए भूजल के बढ़ते संकट के मद्देनजर कम पानी की जरूरत वाली वैकल्पिक फसलें उगाने और सूक्ष्म सिंचाई की और कदम बढ़ाने की जरूरत है। हालांकि यह किसी से ढक छिपा नहीं है कि हमारे मुल्क में पानी के संरक्षण के कई पारंपरिक तौर तरीके चलन में रहे हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**


मुकेश तिवारी
लेखक-वरिष्ठ पत्रकार हैं

# नाटककार लोहा सिंह को सुनने सूनी हो जाती थी सड़कें

नाटक की अपनी रेडियो श्रृंखला की लगभग 400 कड़ियों से लोहा सिंह को जीवंत करने वाले सासाराम के रामेश्वर सिंह 'कश्यप' को असली नाम से कम जासूसी और बहादुरी के प्रतीक 'शरलॉक होम्स' और 'जेम्स बांड' की तरह उनकी कृति के नाम से ही जाना जाता था। अखिल भारतीय स्तर तक से प्रसारित उनके कालजयी डायलॉग आज भी लोग दोहराते हैं। उनका जन्म सासाराम के निकट सेमरा गांव में 12 अगस्त 1927 को अंग्रेजी सरकार के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी (डीएसपी) राय बहादुर जानकी सिंह और रामसखी देवी के पुत्र के रूप में हुआ था। शिक्षा-दीक्षा मुंगेर, नवगछिया और इलाहाबाद में हुई थी।


सुनील बादल

1948 में आकाशवाणी पटना की शुरूआत हुई, तो चौपाल कार्यक्रम में 'तपेश्वर भाई' के रूप में भाग लेने लगे। वातार्कार, नाटककार, कहानीकार और कवि के रूप में सैकड़ों विविध रचनाओं में इनकी सहभागिता रही। साहित्य, पाटल, ज्योत्सना, नयी धारा, दृष्टिकोण, प्रपंच, भारती, आर्यावर्त, धर्मयुग, इलस्ट्रेटेड वीकली, रंग, कहानी अभिव्यक्ति, नवभारत टाइम्स जैसी पत्रिकाओं में अनेक निबंध, कहानियां, कविताएं, आलोचनाएं और एकांकी प्रकाशित हुईं।

कश्यप जी मूलतः नाटककार थे और रचनाधर्मी लोगों का संसर्ग इन्हें भाता था। रेडियो ने इनके लिखे एक भोजपुरी नाटक का प्रसारण किया जिसका शीर्षक था 'तसलवा तोर कि मोर'. इसमें लोहा सिंह एक पात्र था जिसे बहुत पसंद किया गया और बहुत से लोगों ने पत्र लिखा कि लोहा सिंह नाटक फिर से सुनवाएं। दरअसल इनके डीएसपी पिता के एक नौकर के भाई


अमर नाटककार

रिटायर्ड फौजी थे जो गलत-सलत अंग्रेजी, हिंदी और भोजपुरी मिला कर एक नयी भाषा बोलते थे और गांव वालों पर इसका बड़ा रोब पड़ता था। वही भाषा वह नौकर भी बोलता था जिसे सुन कर कश्यप जी ने अपना टोन और चरित्र ही बना लिया। उस समय कश्यपजी बीए फाइनल इयर में थे। 1962 की भारत-चीन लड़ाई के फौजी लोहा सिंह (प्रोफेसर रामेश्वर सिंह 'कश्यप') जब अपनी फौजी और भोजपुरी मिश्रित हिंदी में अपनी पत्नी 'खदेरन को मदर' और अपने मित्र 'फाटक बाबा' (पाठक बाबा) को काबुल का मोर्चा की कहानी सुनाते थे, तो श्रोता कभी हंसते-हंसते लोट-पोट हो जाते थे तो कभी गंभीर और सावधान। कहानी सुनते समय उन्हें लगता था कि बाल विवाह, छूआछूत, धार्मिक विकृतियों पर किया जानेवाला लोहा सिंह का व्यंग्य कहीं उन्हीं पर तो नहीं!

सासाराम में प्राध्यापक डॉक्टर विजय शंकर सिन्हा बताते हैं- कश्यप जी निराला जी का बहुत सम्मान करते थे। उनके तथा निराला जी के बीच हुए पत्राचार को 'नीलकंठ निराला' और बाद में 'अपराजेय निराला' के नाम से काव्य रूपक में प्रकाशित किया गया। यह मगध विश्वविद्यालय में कोर्स में भी शामिल था। मनन बाबू स्वयं एक वरिष्ठ रंगकर्मी हैं और हर वर्ष अनेक कठिनाइयों के बाद भी उन्होंने अपराजेय निराला नाम की संस्था को ना सिर्फ जीवित रखा है, वरन हर वर्ष नाटक का मंचन भी कराते रहे हैं। प्राचार्य डॉक्टर गुरुचरण सिंह बताते हैं- तब यह नाटक देशवासियों के भीतर देशप्रेम और राष्ट्रीय चेतना का भाव भरता था। उस समय रेडियो सेट भी कम हुआ करते थे। इसलिए पान दुकानवाले लाउडस्पीकर पर रेडियो के इस अद्भुत नाटक को सुनवाया करते थे। इस दौरान आवागमन थम जाता था। विद्वानों के बीच यह नाटक लोकप्रिय था। ग्रामीण और अशिक्षितों ने भी इसे सर आंखों पर बैठाया था। आलोचक डॉक्टर निशांतकेतु ने लिखा था- लंदन काउंटी काउंसिल, नेपाल, जोहान्सथबर्ग और मॉरीशस की सरकारों की मांग पर भारत सरकार इसके कैसेट्स भेजती रही है। यूनेस्को ने 'रूरल ब्रॉडकास्टर' नामक अंतरराष्ट्रीय संस्था से कश्यपजी का 1960 में एक लेख प्रकशित किया था- 'अबाउट लोहा सिंह'। कश्यप जी इप्टा यानि भारतीय जन नाट्य संघ से जुड़े नाटककार, निर्देशक और अभिनेता तीनों थे। ऐसा संयोग बहुत कम होता है। बुलबुले, पंचर (बाद में बेकारी का इलाज संग्रह), बस्तियां जला दो, रॉबर्ट, आखिरी रात, कैलेंडर का चक्कर, सपना, रात की बात, अंतिम श्रृंगार, बिल्ली, चाणक्य संस्कृति का दफ्तर, स्वर्ण रेखा कायापलट, उलटफेर एवं दर्जनों उत्कृष्ट एकांकियां, कहानियां तथा निबंधों के साथ लोहा सिंह नाटक श्रृंखला में प्रमुख थे।

इनका पटना, दिल्ली, वाराणसी, मुंबई, लखनऊ जैसे कला मर्मज्ञ नगरों में सफल मंचन हुआ और इन्हें पुरस्कार भी मिले। पंचर और आखिरी रात को अखिल भारतीय नाट्य प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान भी मिले। कश्यप जी अपनी हर रचना एक नई कलम से लिखते और उसे बक्से में रख देते थे। लगभग बीस हजार पेन उनके घर में सजाकर रखे हुए थे! मुंगेरीलाल के हसीन लम्हे धारावाहिक की सफलता से उत्साहित फिल्म कार प्रकाश झा फिल्म या सीरियल के लिए उनके नाटक परिवर्त्तन के साथ लेना चाहते थे, पर कश्यप जी हिचकिचा रहे थे। उसी महीने 24 अक्टूबर 1992 को अचानक उनकी मृत्यु हो गई और एक अध्याय का अंत हो गया।

## सप्ताह की बात

# कैसे देश जीतेगा नशे के खिलाफ जंग?

**भारत** में सिगरेट और बीड़ी पीने का सिलसिला न जाने कब से चल रहा है। इनके पैकट पर वैधानिक चेतावनी देने का भी कोई असर नहीं हुआ। अब सूखा नशा लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। यह एक ऐसी बुराई है जो व्यक्ति की मानसिक और शारीरिक स्थिति को पूरी तरह से बिगाड़ देती है। यह आदतें न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती हैं, बल्कि समाज के ताने बाने पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। विभिन्न स्त्रोतों और सर्वे के नतीजे बताते हैं कि राजधानी दिल्ली में ही कम से कम 10 से 20 फीसदी युवा नशे की चीजों के आदी हो चुके हैं। सार्वजनिक स्थानों पर प्रतिबंध के बावजूद इसको रोकने के लिए अभी तक की गई कोशिशें नाकाम साबित हुई हैं। नशे की गिरफ्त में आकर लोग अकसर अपनी जिम्मेदारियों को लापरवाही पूर्वक नजरअंदाज कर देते हैं। इसके प्रभाव से बचने के लिए उचित शिक्षा और सक्रिय जागरुकता की परम आवश्यकता है। साथ ही नशे के खिलाफ ठोस आन्दोलन प्रयास करने की भी जरूरत है। केवल व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयास ही इस समस्या को समाप्त कर सकते हैं। अकेले, सरकार के बस का तो यह होने से रहा। आपको देश का शायद ही कोई शहर मिले, जहां के अत्यधिक सुरक्षित क्षेत्रों, हाई प्रोफाइल इलाकों और एलीट जोनों, बड़े माकेर्टों में नशा उपलब्ध न हो। नशे पर पूरी तरह से बैन ही नहीं लग पा रहा है। राजधानी दिल्ली तो नशे के कारोबार का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। इसके पीछे नशीले पदार्थों की आसान उपलब्धता तथा गरीबी, बेरोजगारी और सामाजिक तनाव के चलते हो रहे डिप्रेशन को कम करने में मदद मिलने जैसी बड़ी वजह भी है। इसके साथ ही मौजूदा पारिवारिक ढांचा और शिक्षा की कमी से हो रहे भटकाव तथा अज्ञानता भी नशे को बढ़ावा देने में मददगार बन रहा है। इसका सबसे बुरा असर हमारे कम उम्र के स्कूल और कॉलेज जाने वाले लड़के-लड़कियों पर भी बुरी तरह पड़ रहा है। थोड़ी सी मस्ती, अति उत्साह और सामाजिक आचार-विचार के प्रति बेरुखी के चलते खुद को बिंदास, बेपरवाह दिखाने के लिए ड्रिंक्स, स्मोकिंग, च्युइंग एडिक्शन जैसी आदतें अपनाने को वह अपने को आधुनिक और प्रगतिशील सिद्ध करने के लिये जरूरी मान बैठे हैं। दिल्ली और देश के शेष भागों में सूखे नशे में केवल तंबाकू या गुटखा ही नहीं इस्तेमाल हो रहा है। तस्करी चोरी के जरिए बड़े पैमाने पर गांजा, हेरोइन, स्मैक, चरस, कोकेन, मिथाइलीनडाइऑक्सी मेथाम्फेटामाइन (एमडीएमए), एक्स्टसी सिंथेटिक टैबलेट और पाउडर, मेफेड्रोन पाउडर और कैप्सूल तथा कोडीन मिला हुआ कफ सिरप को भी लाकर भी बेचा जा रहा है। एमडीएमए एक तरह का सिंथेटिक ड्रग है, जो उत्तेजक और बुद्धिभ्रष्ट कारक है। इस ड्रग के इस्तेमाल मात्र से शरीर पर बदलाव आने लग जाते हैं। सिंथेटिक ड्रग्स का उदय एक महामारी के रूप में हो रहा है जो कई लोगों के जीवन को प्रभावित कर रही है, खासकर युवा लोगों को। नए जमाने में सुरक्षा के नाम पर ई-सिगरेट का भी प्रचलन भी बढ़ता जा रहा है। इसमें धुआं भले ही न हो, लेकिन निकोटीन होने से स्वास्थ्य के लिए नुकसान में जरा सी भी कमी नहीं है। राजधानी के प्रतिष्ठित गंगा राम अस्पताल दिल्ली में वरिष्ठ चिकित्सक, मेडिसिन डॉ. मोहसिन वली कहते हैं, भारत में तंबाकू सेवन करने वालों, विशेष रूप से धूम्रपान करने वालों की बढ़ती संख्या के चलते इस पर नियंत्रण के लिए बनाई गई नीतियों की तुरंत समीक्षा की जरूरत है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**


आर.के. सिन्हा
लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं



## शिव दर्शन



# शिवजी का डमरू और तीनों लोक

**भारत** में सावन का महीना शिव उपासना का जलरस भरा मुहूर्त है। शिव सोम प्रेमी हैं। सोम प्रकृति की सृजन शक्ति है। सृजन की यही शक्ति शिव ललाट की दीप्ति है। शिव के माथे पर सोम चन्द्र हैं। ऋग्वेद के ऋषियों के दुलारे सोम वनस्पतियों के राजा हैं। सोम प्रसन्न होते हैं। वनस्पतियां-औषधियां उगती हैं। खिलती हैं। खिलखिलाती हैं। भारतीय सप्ताह में एक दिन सोम का। पहला दिन रविवार रवि का तो दूसरा दिन सोमवार सोम का। शिवभक्तों को सोमवार प्रीतिकर है। शिव भी सोमवार का दिन भक्तों के लिए ही खाली रखते होंगे। काशी बहुत जाता हूं। काशी मंदिर में शिव उपासना की मूर्ति है। शिव दर्शन कई बार हुआ। मैंने समूची वाराणसी को सोम शिव पाया। हर-हर महादेव की गूंज व लोक उल्लास। शिव भोले शंकर हैं। औघड़दानी हैं। गण समूहों के मित्र हैं। गणों के साथ स्वयं भी नृत्य करते हैं। वे रूद्र शिव एशिया के बड़े भूभाग में प्राचीन काल से ही उपासित हैं। शिव गूढ़ रहस्य हैं। युधिष्ठिर के मन में शिव जिज्ञासा थी। शर शैय्या पर लेटे भीष्म से उन्होंने तमाम प्रश्न पूछे थे। वे भीष्म से शिव गुण भी सुनना चाहते थे। भीष्म ने कहा, "शिवगुणों का वर्णन करने में मैं असमर्थ हूं। वे सर्वत्र व्यापक हैं। वे प्रकृति से परे और पुरुष से विलक्षण हैं। श्रीकृष्ण के अलावा उनका तत्व दूसरा कोई नहीं जानता।" फिर अर्जुन से कहा, "रूद्र भक्ति के कारण ही श्रीकृष्ण ने जगत को व्याप्त किया है।" यहां श्रीकृष्ण के विराट का कारण भी शिव तत्व का बोध है। मैं भारत के मन के साथ मन मिलाते हुए महादेव को नमस्कार करता हूं। ऋग्वेद वाले रूद्र शिव 'सुगंधिं पुष्टिवर्द्धनं' हैं। देवों को पुष्पार्चन किया जाता है लेकिन शिव को बेलपत्र और धतूरे का फल। शिव मस्त मस्त बिंदास देवता हैं। परम योगी। चरमोत्कर्ष वाले नृत्यकर्ता। श्रीकृष्ण की बांसुरी की धुन पर तीनों लोक मोहित हुए थे तो शिव के डमरू की धुन पर तीनों लोक अस्तित्व में रहते हैं। शिव जब चाहते हैं, रूद्र हो जाते हैं। प्रलयंकर हो जाते हैं लेकिन यही रूद्र शिव भी हैं। शिव महाकाल हैं। ऋग्वेद में "जो रूद्र है, वही शिव भी है।" त्रिशूल उनका हथियार। ये तीन शूल क्या हैं? ये दैविक, दैहिक और भौतिक कष्ट तो नहीं हैं? या भौतिक, आधिभौतिक और आध्यात्मिक वेदनाएं हैं। शिव दुख हारी हैं-त्रिशूल धारक जो हैं। लेकिन सोचने से मन नहीं भरता। मन यहां, वहां, जहां, तहां भागता ही है। मैं मन ही मन यजुर्वेद के शिव संकल्प मंत्र दोहराता हूं-"हमारा मन भागता है। यहां वहां। ऐसा हमारा मन शिव संकल्प से भरापूरा हो-तन्मे मनः शिव संकल्पं अस्तु।" मैं राजनीति में हूं सो मंच, माला, माइक का त्रिशूल भीतर तक धंसा हुआ है। सोम सामने है, भीतर ओम है। लेकिन सोम से वंचित हूं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**


हृदयनारायण दीक्षित
लेखक, यूपी विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।

# स्वदेश के लिए सबसे कम उम्र में फांसी पर चढ़े खुदीराम बोस

स्वाधीनता के अमृतकाल में महान क्रांतिकारी खुदीराम बोस के बलिदान की गाथा जन- जन तक पहुंचना ही चाहिए। इनकी केवल एक धुन राष्ट्र धुन थी और केवल एक लक्ष्य था भारत मां की स्वतंत्रता।

एक बार विदाई दे मां, घूरे आसी..हंसी हंसी पोरबो फांसी देखबे भारतवासी! (ओ मां मुझे एक बार विदा दो तनिक घूमकर आता हूं...हंसता-हंसता फांसी के फंदे में चढ़ जाऊंगा और सारे भारतवासी देखेंगे)। महान क्रांतिकारी खुदीराम बोस की ये पंक्तियां जहां एक मार्मिक संवेदना उत्पन्न करती हैं तो दूसरी ब्रितानी सरकार के विरुद्ध स्वदेश के लिए सर्वस्व अर्पित करने की प्रेरणा देती हैं। सन 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के उपरांत महारथी खुदीराम बोस ही प्रथम क्रांतिकारी थे जो सबसे कम उम्र(18 वर्ष 8 माह 8 दिन) में फांसी पर चढ़ा दिये गये थे। ये वही बंगाल है जहां से राष्ट्रवाद की भावना प्रबल हुई थी, परंतु वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बंगाल बिखर रहा है, अपने ही अपनो को मिटा रहे हैं, यह देख कर खुदीराम बोस की आत्मा भी रोती होगी। इसलिए स्वाधीनता के अमृतकाल में महान क्रांतिकारी खुदीराम बोस के बलिदान की गाथा जन- जन तक पहुंचना ही चाहिए। वे लोग कोई और ही थे। कौन थे? ये दीवाने, कौन थे? वे पागल, जिन्हें केवल एक प्रेम, देश प्रेम था। जिन्हें केवल एक धुन राष्ट्र धुन थी और जिनका केवल एक लक्ष्य था भारत मां की स्वतंत्रता! फिर चाहे स्वयं का शरीर बेड़ियों में जकड़ कर कोड़ों से क्यों ने उधेड़ दिया, जाए लेकिन तेरा वैभव अमर रहे मां, हम दिन चार रहें न रहें गाते हुए फांसी पर झूल जाने वाले कई नामों को हम जानते भी नहीं। जिन्हें जानते हैं उन्हें भी प्रकारांतर से कभी आतंकवादी, लुटेरा डकैत और फासिस्ट कहा गया। इसी कड़ी में खुदीराम बोस भी आते हैं। 18 साल 8 माह 8 दिन की बांकी उम्र में फांसी का फंदा चूम लिया। इस उम्र में जब आज के अधिकतर नौजवान यारी-दोस्ती और मौज-मस्ती को ही जीवन का ध्येय और पर्याय समझ रहे होते हैं तब एक समय में इसी उम्र का नौजवान हाथ में गीता लेकर भारत माता की जय बोलते हुए फांसी के फंदे पर झूल गया। इस महारथी का नाम था खुदीराम बोस। पं. बंगाल के मिदनापुर जिले में बाबू त्रैलोक्यनाथ बोस धर्मात्मा कायस्थ थे। उनकी पत्नी लक्ष्मीप्रिया देवी भी एक हाथ से धैर्य-धर्म को थामें रखतीं और दूसरे हाथ में स्वदेश प्रेम की डोर लिए चलतीं। यह शुभ संस्कारों का ही प्रभाव था कि 3 दिसम्बर 1889 के दिन जब बोस दंपति के घर बालक ने जन्म लिया तो उसका नाम रखा खुदीराम अर्थात शुभ लक्षणों वाला यह राम खुद्दारी की परिभाषा सार्थक करने वाला था। तो फिर वह अंग्रेजों की दासता को कैसे स्वीकार कर लेता। जैसे उजियारे पक्ष का चंद्रमा एक-एक रोज करके बढ़ता रहता है, बालक भी एक-एक वर्ष बढ़ता गया और हर उम्र के साथ उसमें देश को स्वतंत्र करा लेने की जिजीविषा बढ़ती गई। यह जिजीविषा एक दिन इतनी बढ़ी की नवीं कक्षा के छात्र खुदीराम बोस ने पढ़ाई छोड़ दी और स्वदेशी आंदोलन में कूद पड़े। परंतु यह केवल प्रारंभ था, बालक बोस को अभी लंबी दूरी तय करनी थी। स्वदेशी आंदोलन जारी तो था, लेकिन बोस के विचारों में केवल इतना होना ही पर्याप्त नहीं था। यह आवश्यक था कि समग्र जनता में चेतना आए और वह घरों से निकल पड़ें और बरतानिया शासन को जड़ से उखाड़ फेकें। स्वदेशी आंदोलन में अनेक ऐसे ही क्रांतिकारियों का साथ बोस को मिला और मां के सपूतों का कारवां बढ़ चला। सन 1906 में अंग्रेज सिपाही को मुक्कामारने के साथ ही खुदीराम बोस में क्रांतिकारी बदलाव आया। मिदनापुर में एक औद्योगिक तथा कृषि प्रदर्शनी लगी हुई थी। खुदीराम ने इस प्रदर्शनी में आए लोगों को सोनार बांग्ला जिसे कि सत्येंद्रनाथ ने लिखा था। यह बेहद ज्वलंत विषय पर लिखा गया पत्रक था। एक पुलिस वाले ने उन्हें यह पत्र बांटते देखा तो पकड़ने दौड़ा, तेजतर्रार खुदीराम बोस ने सिपाही के मुंह पर घूंसा मार दिया और पत्रक को लेकर वहां से आसानी से भाग निकले। प्रकरण पर अभियोग चलाया गया, लेकिन गवाह न मिलने पर बोस निर्दोष छूट गए। सन 1905 में अंग्रेजों ने बंगाल का विभाजन कर दिया गया। लॉर्ड कर्जन इसे अंजाम देने वाला था, जिसके विरोध में लोग सड़कों पर उतर आए थे। इन क्रांतिकारियों के दमन के लिए मजिस्ट्रेट किंग्सफोर्ड को भेजा गया। किंग्सफोर्ड के दमनकारी तरीके बेहद क्रूर थे। उसने कई निदोर्षों को बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया। अंग्रेजी सरकार ने इस दरिंदे को बदले में सम्मान देकर मुजफ्फरपुर में सत्र न्यायाधीश बना दिया। अतः युगांतर समिति ने बदले की योजना बनाई। बंगाल में क्रांतिकारियों की एक समिति युगांतर इस पूरी दमनकारी नीति से रोष में थी। बोस पहले ही इससे जुड़ चुके थे। एक गुप्त बैठक में तय हुआ कि किंग्सफोर्ड को उसके किए की सजा तो मिलनी ही चाहिये और तब दो नाम क्रमशः प्रफुल्लकुमार चाकी और खुदीराम बोस के तय हुए। खुदीराम को एक बम और पिस्तौल दी गई। प्रफुल्लकुमार को भी एक पिस्तौल दी गई। अब दोनों को अपना लक्ष्य साधने के लिए रवाना किया गया। किंग्सफोर्ड को भी अपने विरुद्ध हो रही इस योजना की जानकारी कहीं से मिल गई थी। दोनों ही क्रांतिकारी बेहद सतर्क थे,सबसे पहले दोनों ने किंग्स फोर्ड के बंगले की निगरानी की। बघ्घी और घोड़े की पहचान की, खुदीराम तो किंग्स फोर्ड के कार्यालय तक भी हो आए थे। अगले दिन योजना के अनुसार दोनों अपनी-अपनी जगह तैनात हो गए। 30 अप्रैल 1908. को दोनों क्रांतिकारी किंग्सफोर्ड के बंगले के बाहर जमे हुए थे। रात साढ़े आठ बजे क्लब से एक बघ्घी निकली, खुदीराम बोस उसके पीछे भागने लगे। रास्ते में अंधेरा था, उन्होंने निशाना साधकर आगे जा रही बघ्घी पर बम फेंक दिया। यह सन 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के बाद हिंदुस्तान में किया गया पहले बम विस्फोट के तौर पर देखा जा सकता है। इतिहासकारों के अनुसार, इसकी आवाज तब तीन मील दूर तक सुनी गई और फिर कुछ दिनों बाद तो लंदन तक में सुनी गई। लेकिन सौभाग्य से उस दिन किंग्सफोर्ड बच गया क्योंकि उसकी बघ्घी क्लब से कुछ देर बाद निकली थी। खुदीराम तथा प्रफुल्लकुमार दोनों ही रातों-रात नंगे पैर 24 मील भागते चले गए और वैनी रेलवे स्टेशन जाकर रुके। अंग्रेज अफसर भी चुप नहीं बैठे थे। वैनी स्टेशन पर उन्हें घेर लिया गया। प्रफुल्लकुमार चाकी ने युगांतर का कोई भेद न खुल जाए इसलिए खुद को गोली मारकर वीरगति का मुख चूमा। इधर खुदीराम बोस गिरफ्तार कर लिए गए। कई बार अंग्रेजों को छकाने वाले खुदीराम को अब अंग्रेज नहीं छोड़ने वाले थे, इसलिए 11 अगस्त 1908 को उन्हें फांसी दे दी गई। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**


डॉ. आनंद सिंह राणा
लेखक, प्राध्यापक और इतिहास संकलन समिति के पदाधिकारी हैं



स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### प्रशिक्षु डॉक्टर की हत्या मामले की जांच करेगी एसआईटी

# पोस्टमार्टम में यौन उत्पीड़न और टॉर्चर की पुष्टि के बाद मचा बवाल

**एजेंसी। कोलकाता**

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक महिला स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर की जघन्य हत्या के सिलसिले में पुलिस द्वारा एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। कोलकाता के पुलिस आयुक्त विनीत गोयल ने शनिवार को कहा कि पीड़िता के यौन उत्पीड़न और हत्या के आरोपी को दोषी पाए जाने पर कड़ी से कड़ी सजा मिले। गोयल ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह एक जघन्य अपराध है और गिरफ्तार व्यक्ति कथित तौर पर परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर इसमें शामिल है, जिसमें रात्रि ड्यूटी के दौरान मौजूद अन्य डॉक्टरों के बयान भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, एक एसआईटी का गठन किया गया है और साक्ष्यों के आधार पर व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि उसे कड़ी से कड़ी सजा मिले। उसे अदालत में पेश किया जाएगा। घटना के संबंध में शीर्ष पुलिस अधिकारी ने यह भी कहा कि मामले की जांच पारदर्शी तरीके से की जाएगी और अगर परिवार मांग करता है, तो जांच किसी अन्य एजेंसी से भी कराई जा सकती है। कोलकाता पुलिस ने भी पुष्टि की है कि प्रारंभिक शव परीक्षण के नतीजों से पता चलता है कि हत्या से पहले पीड़िता का यौन उत्पीड़न किया गया था। यह निश्चित रूप से आत्महत्या का मामला नहीं है। पुलिस अधिकारियों ने कहा, यौन उत्पीड़न के बाद महिला की हत्या कर दी गई। मामले के संबंध में जारी की गई चार पन्नों की विस्तृत रिपोर्ट में चोटों की गंभीरता का भी खुलासा किया गया है, जिसमें बताया गया है कि पीड़िता की गर्दन की हड्डी टूटी हुई थी, जिससे पता चलता है कि पहले उसका गला घोंटा गया और फिर उसका गला घोंटकर हत्या की गई। रिपोर्ट में उसके निजी अंगों से खून बहने और उसकी आंखों, मुंह, चेहरे, नाखूनों, पेट और अंगों सहित शरीर के विभिन्न हिस्सों पर चोटों का भी उल्लेख किया गया है।

## जरूरत पड़ी तो अरोपी को दी जाएगी फांसीः ममता




**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर की मौत पर हंगामे पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो आरोपी को फांसी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि उन्होंने मामले को तेजी से निपटाने का निर्देश दिया है। घटना को दुर्भाग्यपूर्ण' बताते हुए बनर्जी ने दावा किया कि गिरफ्तार आरोपी अस्पताल में काम करता था। उन्होंने कहा कि उन्होंने पीड़िता के परिवार से बात की और उन्हें मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। बनर्जी ने कहा कि सबसे पहले, घटना दुर्भाग्यपूर्ण और घृणित है। यह मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति की तरह है। उनका (डॉक्टरों का) गुस्सा और मांग जायज है। मैं इसका समर्थन करता हूं। पुलिस ने भी उनकी मांगें मान ली हैं। उन्होंने कहा कि मैंने मामले को फास्ट-ट्रैक कोर्ट में ले जाने का निर्देश दिया है। अगर जरूरत पड़ी तो आरोपियों को फांसी दी जाएगी। लेकिन उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए। जो लोग विरोध कर रहे हैं, अगर उन्हें लगता है कि उन्हें राज्य प्रशासन पर भरोसा नहीं है, तो वे किसी अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसी से संपर्क कर सकते हैं। मुझे इससे कोई समस्या नहीं है। हम उचित और गहन जांच चाहते हैं और दोषियों के लिए कड़ी सजा चाहते हैं। बनर्जी ने डॉक्टरों से अपना विरोध जारी रखते हुए मरीजों का इलाज करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जैसे हमारी जिम्मेदारी है, वैसे ही अस्पताल के अधीक्षक की भी जिम्मेदारी है। हम यह भी जांच करेंगे कि क्या किसी तरफ से लापरवाही हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह मामले की जांच को लेकर पुलिस के संपर्क में हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या पीड़ित के परिवार ने केंद्रीय एजेंसी से जांच की मांग की है, "हमें कोई आपत्ति नहीं है क्योंकि हमारे पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। पुलिस आयुक्त अस्पताल में थे और वह मेरे संपर्क में थे।

# पैदल घूमकर जाना दुःख दर्द

**एजेंसी। वायनाड**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि हमारी प्रार्थनाएं वायनाड में भूस्खलन से प्रभावित लोगों के साथ हैं और केंद्र राहत प्रयासों में सहायता के लिए हर संभव सहायता का आश्वासन देता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सभी सहायता और राहत कार्यों के लिए राज्य सरकार के साथ खड़ी है। प्रधानमंत्री ने आज केरल के वायनाड में हवाई सर्वेक्षण के बाद भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों का दौरा और निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री ने प्राकृतिक आपदा में घायल हुए मरीजों से मुलाकात की और राहत शिविरों में रह रहे लोगों से बातचीत की। समीक्षा बैठक में मोदी ने भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार और देश इस दुख की घड़ी में आपदा प्रभावितों के साथ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे वायनाड में बचाव कार्यों पर कड़ी नज़र रख रहे हैं और अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन कोष पहले ही जारी कर दिया गया है और शेष राशि भी तुरंत जारी कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मौजूदा स्थिति से निपटने में सक्षम सभी केंद्रीय एजेंसियों को सक्रिय कर दिया गया है और वे प्रभावित लोगों की मदद कर रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना, राज्य पुलिस, स्थानीय चिकित्सा बल, एनजीओ और अन्य सेवाभावी संस्थाओं के कर्मियों की सराहना की, जो आपदाग्रस्त क्षेत्र में तुरंत पहुंचे और खोज एवं बचाव कार्य शुरू किया।



### कितने बच्चों ने अपने माता-पिता को खोया

भूस्खलन से तबाह हुए वायनाड के दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को क्षतिग्रस्त जीवीएचएस स्कूल वेल्लारमाला का दौरा किया और पूछा कि कितने बच्चों ने अपने अपने माता-पिता को खोया है। हवाई जहाज से कलपेट्टा में उतरने के बाद, वह सबसे पहले क्षतिग्रस्त सरकारी जीवीएचएस स्कूल वेल्लारमाला में पहुंचे। भावुक हुए प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी से पूछा, कितने बच्चों ने अपने प्रियजनों को खोया है।

### पीएम से बात कर बेहद खुश हैं वायनाड निवासी

वायनाड के लोगों ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर वे बहुत खुशी है। लोगों ने पीएम मोदी से अपनी समस्याओं के समाधान का अनुरोध किया। सेंट जोसेफ स्कूल में पीएम मोदी से मिलने वाले वायनाड निवासी अयप्पन ने कहा,पीएम मोदी ने मुझसे बात की और कहा कि वह उनके साथ हैं, इससे मैं बेहद खुश हूं। मेरे पास घर नहीं है। मेरी बात सुनने के बाद पीएम मोदी ने आश्वासन दिया कि वह उनकी समस्याओं का समाधान कराएंगे, इससे हम खुश हैं।

## कानून व्यवस्था सुधारें, नहीं प्रोजेक्ट रद्द कर देगा एनएचएआई

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेस-वे पर कानून व्यवस्था पर गंभीर चिंता जताते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को पत्र लिखकर आठ हाइवे परियोजनाओं को रद्द करने की चेतावनी दी है। केंद्रीय मंत्री ने ये भी कहा है कि ये सभी ग्रीनफील्ड कॉरिडोर हैं और अगर एक पैकेज भी रद्द होता है तो पूरा कॉरिडोर बेकार हो जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने पहले ही 104 किलोमीटर लंबी और 3,263 करोड़ रुपये की लागत वाले तीन राजमार्ग परियोजनाओं को भूमि की अनुपलब्धता का हवाला देते हुए समाप्त कर दिया है। गडकरी ने यह पत्र गुरुवार को लिखा। गडकरी ने अपने पत्र में कहा है कि यहां पर कार्यरत एनएचएआई अधिकारियों, ठेकेदारों और उनके कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर उन्हें चिंता है। उन्होंने यहां पर हुए हमलों की तस्वीरें भी संलग्न करते हुए प्राथमिकता के आधार पर इन्हें हल करने को लेकर मान से इस मामले में व्यक्तिगत हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने पत्र में यह भी लिखा है कि जैसा उनके संज्ञान में है कि इस संबंध में कोई प्रगति नहीं हुई है और स्थिति और खराब हो गई है। उन्होंने अपने पत्र में अनुरोध किया है कि राज्य सरकार तुरंत सुधारात्मक कदम उठाए।

## बेगूसराय में गला रेतकर पति-पत्नी और बेटी की हत्या

**एजेंसी। पटना**



बिहार के बेगूसराय में शुक्रवार रात एक ही परिवार के तीन लोगों की गला रेतकर हत्या कर दी गई। घटना बछवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत रसीदपुर के चिरंजीवीपुर गांव की है।

पुलिस के मुताबिक, सोए अवस्था में अपराधियों ने एक ही परिवार के चार लोगों का धारदार हथियार से गर्दन काट दी। इसमें पति-पत्नी और बेटी की मौत हो गई है जबकि पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पीएससी में भर्ती कराया, उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। इतना ही नहीं अपराधियों ने चारों के शरीर पर एसिड भी डाल दिया। मरने वालों की पहचान संजीवन महतो, संजीता देवी और सपना कुमारी के रूप में हुई है। बेटे अंकुश कुमार की हालत गंभीर है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बछवाड़ा थाने के मुताबिक, संजीवन महतो के परिवार के सदस्य घर में सो रहे थे। इस बीच अपराधियों ने घर में घुसकर धारदार हथियार से पति-पत्नी और उनके पुत्र-पुत्री की गर्दन काट दी। पति-पत्नी और पुत्री की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि संजीवन महतो ने दो शादी की थी। पहले से एक बड़ा लड़का है। ग्रामीणों का कहना है कि आपसी रंजिश में ही अपराधियों ने इस बड़ी घटना को अंजाम दिया है।

घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने बछवाड़ा थाना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस वारदात की जांच-पड़ताल कर रही है।

## बिना विलंब किए हो पीड़ितों की मदद : सीएम

- अधिकारियों को दिए गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिप्रद निस्तारण के निर्देश

**एजेंसी। गोरखपुर**



गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह जनता दर्शन में लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीड़ितों की मदद और पात्रों को शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने में विलंब नहीं होना चाहिए। इसमें किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी स्तर पर कोई दिक्कत आ रही है तो उसका पता लगाकर निराकरण कराया जाए और किसी स्तर पर जानबूझकर कर प्रकरण को लंबित रखा गया है तो वहां जिम्मेदारी सुनिश्चित कर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाए। गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित जनता दर्शन के दौरान समस्या लेकर सीएम योगी से मिलने पहुंचे लोगों को भरोसे का आत्मीय संबल मिला। इत्मीनान से सबकी बात सुनते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का वह प्रभावी निस्तारण कराएंगे। इसे लेकर उन्होंने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को मौके पर ही दो टूक समझाया कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 400 लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जा करने की शिकायत किए जाने पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। जमीन कब्जाने की शिकायतों पर विधि सम्मत कठोर कदम उठाएं जाएं। कहा कि प्रशासन का यह मंत्र होना चाहिए कि मनमानी किसी की नहीं चलेगी और न्याय सबको मिलेगा।

### ईडी ने शराब घोटाला मामले में भाई व आईटीएस अधिकारी को गिरफ्तार किया

**रायपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ में कथित शराब घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में रायपुर के महापौर व कांग्रेस के नेता ऐजाज धेबर के बड़े भाई अनवर धेबर और भारतीय दूरसंचार सेवा (आईटीएस) के एक निलंबित अधिकारी को दोबारा गिरफ्तार किया है। केंद्रीय एजेंसी ने पिछले साल मामले में अनवर धेबर और नौकरशाह अरुणपति त्रिपाठी को गिरफ्तार किया था। इसके बाद उच्चतम न्यायालय ने आयकर विभाग की शिकायत पर आधारित ईडी की आईसीआईआर (प्राथमिकी) रद्द कर दी थी। इसके बाद एजेंसी ने नया मामला दर्ज किया था। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि दोनों को इस मामले में बृहस्पतिवार को दोबारा गिरफ्तार किया गया, जिसके बाद रायपुर की एक विशेष धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत ने उन्हें 14 अगस्त तक के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया।

## शराबबंदी को एक घंटे में करूंगा खत्म : प्रशांत किशोर

**एजेंसी। पटना**



चुनावी रणनीतिकार और जन सुराज यात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने बिहार विधानसभा चुनाव के बड़ा ऐलान किया है। 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर नए राजनीतिक दल के गठन के पहले प्रशांत किशोर ने कहा कि यदि उनकी पार्टी को मौका मिला, तो एक घंटे के अंदर शराबबंदी खत्म कर दी जाएगी। प्रशांत किशोर ने एक मीडिया संस्थान को दिए इंटरव्यू में यह दावा किया। प्रशांत किशोर ने शराबबंदी के फैसले के बाद इस बात के प्रमाण मिले है कि इससे कोई फायदा नहीं हुआ, बल्कि इससे नुकसान हुआ है। प्रशांत किशोर ने कहा कि नीतीश कुमार के लोगों ने गांधी के नाम पर भ्रम फैला रखा है। शराबबंदी का प्रयोग कई देशों में हुआ, लेकिन इससे फायदा नहीं हुआ, नुकसान हुआ। अगर गांधी जी ने कहीं कहा है कि सरकार को कानून बनाकर शराबबंदी करना चाहिए, वो वाक्य दिखा दीजिए तो नीतीश कुमार का चरण छूकर माफी मांग लेंगे। उन्होंने कहा कि गांधीजी ने शराबबंदी को एक सामाजिक प्रयास के तौर पर दिखा और कहा कि समाज को जगाइए कि शराब की क्या खराबी है। प्रशांत किशोर ने कहा कि गांधीजी ने शाकाहार के फायदे बताए, लेकिन कल कोई सरकार कानून बना दे कि मांसाहार वालों को जेल में डाल देंगे, तो यह सही नहीं होगा। प्रशांत किशोर ने यह भी कहा कि बिहार में शराबबंदी प्रभावी नहीं है। शराब की दुकानें बंद हो गई, लेकिन अब होम डिलीवरी चालू हो गई।

## आज का राशिफल

**मेष :** आपके पूंजीगत निवेशों से भी लाभ होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेंगे। पदोन्नति मिलने का योग है। आमदनी में वृद्धि होगी। यात्रा में सावधानी बरतें। क्षमता से अधिक कार्य करने से मर्ज बिगड़ सकता है। मनचाहा स्थानान्तरण मिल सकता है।

**वृष :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। बौद्धिक कार्यों में दक्षता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मन: स्थिति से अधिक प्रभावित रहेगा।

**मिथुन :** पुरुषार्थ और कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यावसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक समय उपलब्धिकारक रहेगा।

**कर्क :** मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष से सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। पुरुषार्थ का सहारा लें।

**सिंह :** निकटस्त व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में बाधा को दूर करेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**कन्या :** कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**तुला :** ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**वृश्चिक :** विवादों व मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**धनु :** अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग मिलेगा। स्वयं को अधिक सक्रिय पाएंगे।

**मकर :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। धार्मिक यात्रा का योग है।

**कुंभ :** हरि करे सो खरी अत: हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी।

**मीन :** मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय व धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

## बैंकों को अपने मुख्य कारोबार पर ध्यान देने की जरूरत : सीतारमण

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि बैंकों को जमा राशि जुटाने और ऋण देने के अपने मूल कारोबार पर वापस लौटना होगा। उन्होंने कहा कि बैंकों को अपने डिपॉजिट को बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। बैंकों का सबसे अहम काम है डिपॉजिट लेना और फिर लोगों को लोन देना।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के केंद्रीय निदेशक मंडल के साथ नई दिल्ली में परंपरागत बैठक के बाद आयोजित एक साझा प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, "हम बैंकिंग विनियमन संशोधन ला रहे हैं। इस संशोधन अधिनियम लाने की कई वजह हैं। यह कुछ समय से लंबित था, इसका लंबे समय से इंतजार था। निदेशक मंडल की बैठक में वित्त मंत्री सीतारमण के साथ केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी भी मौजूद रहे। वित मंत्री सीतारमण ने कहा कि सहकारी क्षेत्र के बैंकिंग क्षेत्र के संबंध में कुछ पुनर्गठन भी किए गए हैं, नामांकन उन चीजों में से एक है जो ग्राहक-अनुकूल कदम है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि ग्राहकों के लिए यह विकल्प होना महत्वपूर्ण है और यह भी सुनिश्चित करना है कि बाद में नामांकित व्यक्ति को अपनी सही चीज का दावा करने में कोई कठिनाई न हो।।।। इस दौरान सीतारमण ने कई अहम बातें कहीं। उन्होंने कहा कि बैंकों को अपने कोर पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। बैंकों को अपने डिपॉजिट को बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। अभी बैंकों का डिपॉजिट धीरे चल रहा है। बैंकों को कुछ इनोवेटिव और आकर्षक पोर्टफोलियो लाने के बारे में विचार करना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोग बैंकों में पैसे जमा करें। उन्होंने कहा कि लोगों को अभी अधिक रिटर्न पाने के लिए कई रास्ते दिख रहे हैं, जिनमें से एक शेयर बाजार भी है। यही वजह है कि शेयर बाजार में खुदरा निवेश काफी बढ़ा है। लोग बैंकों में पैसे जमा करें, इसके लिए बैंकों को कुछ नया करने की जरूरत है।

### सर्राफा बाजार में तेजी से महंगा हुआ सोना

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज तेजी का रुख बना हुआ है। सोने के भाव में आज करीब 800 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी आई है। इस तेजी के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 70 हजार रुपये के स्तर को पार करके 70,250 रुपये से लेकर 70,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 64 हजार रुपये का स्तर पार करके 64,440 रुपये से लेकर 64,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना की तरह ही चांदी के भाव में भी आज करीब 1,700 रुपये तक की तेजी आई है। इस तेजी के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी आज 83,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 70,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 64,440 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई।

## एचडीएफसी बैंक का फोकस ग्राहकों के अनुभव सुधारने पर


**एजेंसी। नई दिल्ली**



निजी क्षेत्र का सबसे बड़ा ऋणदाता एचडीएफसी ग्राहकों के लिए व्यक्तिगत अनुभव को बेहतर बनाने और दीर्घकालिक ग्राहक संबंध मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। शुक्रवार को बैंक के शेयरधारकों की 20वीं सालाना आम बैठक को संबोधित करते हुए एचडीएफसी बैंक के अंशकालिक चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती ने कहा कि इससे बैंक को जमा में वृद्धि करने में आ रही चुनौतियों का सामना करने में भी मदद मिलेगी। चक्रवर्ती ने कहा, 'ग्राहक सेवा का स्तर बढ़ाना और ग्राहकों के अनुभव में सुधार लाना प्रमुख प्राथमिकता बनी हुई है।' उन्होंने कहा कि एचडीएफसी बैंक व्यक्तिगत अनुभवों के सृजन की दिशा में काम जारी रखेगा, जिससे भरोसा और दीर्घावधि के हिसाब से ग्राहकों से संबंध बनता है। उन्होंने कहा, 'इससे बैंक को जमा आकर्षित करने में आ रही चुनौतियों में मदद मिलेगी।' चक्रवर्ती का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब बैंकिंग क्षेत्र जमा में सुस्त वृद्धि की समस्या से जूझ रहा है, क्योंकि परिवारों को अपनी बचत के निवेश करने के लिए तमाम और विकल्प मिल रहे हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बैंकों को नवोन्मेषी उत्पादों और सेवाओं को पेश करने व और परिवारों की बचत में से जमा आकर्षित करने के लिए अपनी शाखा नेटवर्क का प्रभावी तरीके से इस्तेमाल करने के निर्देश दिए थे। नियामक ने यह ऐसे समय में कहा है, जब जमा में वृद्धि सुस्त रहने को लेकर चिंता बढ़ रही है और ऋण और जमा में वृद्धि के बीच अंतर बढ़ रहा है। इससे बैंकों के नकदी प्रबंधन को लेकर चिंता बढ़ी है।

## ब्याज दरें तय करने के लिए बैंकों को खुली छूट : शक्तिकांत दास

**एजेंसी। नई दिल्ली**



रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शनिवार को कहा कि ब्याज दरों पर फैसला के लिए बैंक स्वतंत्र हैं। बैंक में जमा राशि और कर्ज पर ब्याज दरें नियंत्रण मुक्त कर दी गई हैं। वे अपनी ब्याज दरें तय करने के लिए स्वतंत्र हैं। इस लिहाज से उन्हें ऐसे उत्पाद को लाने पर जोर देना चाहिए, जिससे जमा राशि को बढ़ाया जा सके। आरबीआई गवर्नर ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ केंद्रीय बैंक के निदेशक मंडल की 609वीं बैठक के बाद यहां आयोजित एक संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में यह बात कही। दास ने कहा कि बैंकों में नॉमिनी बढ़ाने का मसला लंबे समय से लंबित था। लेकिन, केंद्र सरकार अब बैंकिंग कानून संशोधन बिल 2024 संसद में पेश कर बैंक अकाउंट और लॉकर में चार नॉमिनी के नाम जोड़ने की व्यवस्था की है। सरकार के इस फैसले से बैंकों में पड़ा करीब 78 हजार करोड़ रुपये का अनक्लेम्ड डिपॉजिट लोगों को वापस किया जा सकेगा। इसके साथ ही अब लॉकर को एक्सेस करने के लिए 4 लोगों को नॉमिनेट किया जा सकेगा।शक्तिकांत दास ने कहा कि पिछले साल हमने एक विशेष अभियान शुरू किया था। इसके तहत हमने प्रत्येक बैंक को सलाह दी थी कि हर शाखा को उनके पास मौजूद दावा न किए गए जमा की गई राशियों की संख्या के आधार पर सक्रिय रूप से अपने स्तर पर आगे बढ़ना चाहिए।

## भारत में ब्रेजा-अर्टिगा से भी कम दाम में हुई लॉन्च सिट्रोएन बसॉल्ट

**नई दिल्ली। एजेंसी**

सिट्रोएन बसॉल्ट।।।। कंपनी के दावे के अनुसार भारत की पहली मेनस्ट्रीम एसयूवी कूपे और जिसका लोगों को लंबे समय से इंतजार था। जी हां, सिट्रोएन बसॉल्ट आखिरकार भारत में लॉन्च हो गई है और ह र दि ल




अजीज लीजेंड्री क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी ने इसकी कीमत का खुलासा कर दिया है। अब आप जैसे ही इसके दाम के बारे में गैस करना शुरू करेंगे, उससे पहले ही बता दें कि सिट्रोएन बसॉल्ट को भारतीय बाजार में महज 7 ।99 लाख रुपये की शुरुआती इंट्रोडक्ट्री प्राइस के साथ लॉन्च कर दिया गया है। सच बताएं तो किसी ने भी उम्मीद नहीं की होगी कि बसॉल्ट को इतने कम दाम में लॉन्च की जाएगी, क्योंकि यह मारुति सुजुकी की ब्रेजा और अर्टिगा जैसी एसयूवी-एमपीवी से भी सस्ती है। प्राइस अनाउंसमेंट के साथ ही सिट्रोएन बसॉल्ट (Citron Basalt) की देशभर के ला मेसन सिट्रोएन शोरूम में बुकिंग भी शुरू हो चुकी है। आप भी इस एसयूवी कूपे को 11,001 रुपये टोकन अमाउंट के साथ बुक करा सकते हैं। सिट्रोएन बसॉल्ट की डिलीवरी सितंबर में शुरू होगी। यहां एक बात बताना जरूरी है कि सिट्रोएन की शुरुआती एक्स शोरूम प्राइस 7 ।99 लाख रुपये इंड्रोडक्ट्री है और इसका लाभ 31 अक्टूबर तक डिलीवरी कराने वाले ग्राहकों को मिलेगा। ऐसे में आप भी अगर इन दिनों अपने लिए कोई एसयूवी कूपे खरीदने की सोच रहे हैं तो आपके पास कम दाम में सिट्रोएन बसॉल्ट खरीदने का मौका है। फिलहाल आपको सिट्रोएन बसॉल्ट के बारे में बताएं तो इस एसयूवी कूपे को गार्नेट रेड, कॉस्मो ब्लू, पोलर वाइट, प्लैटिनम ग्रे और स्टील ग्रे जैसे 5 सिंगल टोन कलर ऑप्शन में पेश किया गया है।

# कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम का हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम नए रिकॉर्डों से भरे पेरिस ओलंपिक अभियान से शनिवार को कांस्य पदक लेकर लौटी। 16 सदस्यीय टीम, जिसमें टोक्यो ओलंपिक में कांस्य जीतने वाली टीम के 11 सदस्य शामिल थे, ने म्यूनिख में 1972 ओलंपिक के बाद पहली बार लगातार पदक जीतकर इतिहास रचा।

आगमन पर परिवार और प्रशंसकों की भीड़ द्वारा स्वागत किए जाने पर, हरमनप्रीत सिंह अपनी भावनाओं को नियंत्रित करने में विफल रहे। उन्होंने कहा, "पेरिस 2024 ओलंपिक में कांस्य पदक के लिए भारतीय प्रशंसकों को हमारा स्वागत करने और बधाई देने के लिए आते देखना बहुत उत्साहजनक है। टीम ने ओलंपिक की तैयारी के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी और आपके प्रयासों को सफल होते देखना, पूरे देश को हमारी जीत पर खुशी मनाते देखना, एक अवर्णनीय अनुभूति है।" पेरिस 2024 ओलंपिक में भारतीय टीम ने कई बार शानदार हॉकी खेली; ऐसा प्रदर्शन जिसने ओलंपिक में 52 वर्षों के बाद पहली बार ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से हराया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ टीम के हर एक सदस्य द्वारा एक अवास्तविक प्रदर्शन, जहां उन्होंने 40 मिनट से अधिक समय तक 10 आदमी के साथ बचाव करते हुए पेनल्टी शूटआउट को मजबूर किया और गोलकीपर पीआर श्रीजेश की वीरता की बदौलत 4-2 से जीत हासिल की।

### कप्तान हरमनप्रीत ने कहा

पेरिस 2024 ओलंपिक एक अविस्मरणीय अनुभव बन गया, हम आने वाले कुछ समय तक इन यादों को संजोकर रखेंगे। इस कांस्य पदक के साथ टीम ने साबित कर दिया है कि भारतीय हॉकी पटरी पर लौट आई है। हम एक ताकत हैं और हमारे दिन पर हम वास्तव में अजेय हो सकते हैं। हमें बस अपनी टीम पर विश्वास और भारतीय हॉकी प्रशंसकों के अटूट समर्थन की जरूरत है।

### मंत्री मांडविया ने दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीतकर स्वदेश लौटी भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ियों से मुलाकात की। मांडविया ने खिलाड़ियों का स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। मनसुख मांडविया ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, आपने देश का नाम रोशन किया है, पूरे देश को आप सभी पर गर्व है।

## रांची जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन का ट्रायल 13 को

**रांची।** अस्मीता खेलो इंडिया की ओर से नारी शक्ति को योगासन के माध्यम से अधिक सशक्त और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 13 अगस्त को रांची में रांची जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में एक दिवसीय ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। यह ट्रायल मरांग गोमके जयपाल सिंह हॉकी स्टेडियम में रखा गया है। इसमें झारखंड के सभी जिलों से प्रतिभागी शामिल होंगे। योगासन खिलाड़ियों के लिए फेडरेशन की ओर से पूर्व में जारी सिलेबस के माध्यम से चार इवेंट होने वाले हैं, जिसमें ट्रेडिशनल योगासन, आर्टिस्टिक सिंगल, आर्टिस्टिक पेयर, रिदमिक पेयर है। इसमें दो ग्रुप होंगे 12 से 18 साल की लड़कियां और 18 से 55 साल की महिलाएं। इस ट्रायल के माध्यम से जितने भी खिलाड़ी चुने जाएंगे उनको 22 से 24 अगस्त को पटना में आयोजित होने वाले ईस्ट जोन खेलो इंडिया वूमेन लीग में भाग लेने का मौका मिलेगा, जहां विजेताओं को नकद राशि भी दी जाएगी। साथ ही नेशनल खेलो इंडिया वूमेन लीग में जाने का मौका मिलेगा, जो दिल्ली में आयोजित किया जाना है। सहजता पूर्वक कार्यान्वित करने के लिए पांच सदस्यों की एक टीम तैयार की गई है।

### खूबसूरती बना अभिशाप...

# महिला एथलीट को ओलंपिक से वापस भेजा



- **आपके यहां रहने से दल के अन्य खिलाड़ियों का ध्यान भंग हो रहा है। इसलिए आपको लौट जाना चाहिए : ओलंपिक समिति**

**एजेंसी। पेरिस**

पेरिस में चल रहे ओलंपिक खेलों में हर दिन तमाम मुकाबले हो रहे हैं। किसी को हार के बाद बाहर होना पड़ रहा है तो कोई जीत रहा है। इस बीच पराग्वे की एक एथलीट लुआना आलोंसो को इसलिए लौट जाने को कहा गया कि उनकी मौजूदगी से टीम का ध्यान भंग हो रहा था। 20 साल की लुआना बेहद खूबसूरत हैं और उनके ओलंपिक खेल गांव में रहने के दौरान कई अन्य खिलाड़ियों से रिश्ते बन गए थे। इसे गलत व्यवहार माना गया और उनके ही देश की ओलंपिक समिति ने कहा कि आपके यहां रहने से दल के अन्य खिलाड़ियों का ध्यान भंग हो रहा है। इसलिए आपको लौट जाना चाहिए।

पराग्वे ओलंपिक समिति की ओर से जारी बयान में कहा गया कि लुआना तैराक हैं और उन्होंने 100 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में हिस्सा लिया था, लेकिन महज 0.24 सेकेंड के अंतर से वह क्वॉलीफाई करने से चूक गई थीं। लुआना अलोंसो ने उन खबरों का खंडन किया है कि उन्हें अनुचित और भड़काऊ व्यवहार के कारण पेरिस ओलंपिक से निकाल दिया गया था। यह खंडन कई समाचार आउटलेट्स द्वारा एथलीटों के गांव से उनके निष्कासन की खबरें चलाने के बाद आया है। सबसे पहले इस खबर को ब्रिटिश टैब्लॉयड द सन ने पैराग्वे ओलंपिक समिति की प्रमुख लारिसा शायरर के हवाले से प्रकाशित किया था।

**लुआना पर क्या हैं आरोप**

सबसे पहले जानते हैं कि लुआना पर क्या आरोप लगे? आउटलेट द्वारा प्रकाशित एक बयान में लैरिसा शायरर ने कहा, "उनकी उपस्थिति टीम पराग्वे के भीतर एक अनुचित माहौल पैदा कर रही है। इसलिए हम उन्हें ओलंपिक में आगे जाने नहीं दे सकतें। यह सबकुछ उनकी अपनी स्वतंत्र इच्छा के बाद हुआ है क्योंकि उन्होंने एथलीट्स विलेज में रात नहीं बिताई।"

**ध्यान भटका रहीं थीं लुआना**

सन की रिपोर्ट में यह कहा गया कि 20 वर्षीय लुआना आलोंसो अपनी टीम के साथियों का उत्साहवर्धन करने के बजाय डिज्नीलैंड पेरिस जाने के लिए ओलंपिक विलेज से चुपके से निकल गई। डेली मेल की एक अलग रिपोर्ट में यह भी कहा गया है अपने साथी खिलाड़ियों के समक्ष "छोटे कपड़ों में घूम रही थीं और अन्य एथलीटों के साथ उनके रिश्ते बन गए"। एथलीट को दी जाने वाली आधिकारिक किट के बजाय वह विलेज में अपने कपड़ों में घूम रहीं थी।

### आलोंसो ने खबरों का खंडन किया


बुधवार को इंस्टाग्राम पर 20 वर्षीय तैराक ने ओलंपिक गांव से निष्कासन की खबरों को खारिज कर दिया। लुआना आलोंसो ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर स्पेनिश में लिखा, "मैं बस यह स्पष्ट करना चाहती हूं कि मुझे कभी भी कहीं से हटाया या निष्कासित नहीं किया गया।" "गलत जानकारी फैलाना बंद करें। मैं कोई बयान नहीं देना चाहती, लेकिन मैं झूठ को खुद पर हावी नहीं होने दूंगी।" पैराग्वे के आउटलेट एचओपी की रिपोर्ट के अनुसार, ओलंपिक से पहले सोशल मीडिया पर लाइव वीडियो के दौरान आलोंसो ने कथित तौर पर कहा था, "मैं संयुक्त राज्य अमेरिका का अधिक प्रतिनिधित्व करना चाहता हूं।"

## नॉकआउट में जगह बनाने के लिए मुंबई सिटी एफसी से भिड़ेगी पंजाब एफसी की टीम



**कोलकाता।** पंजाब एफसी की टीम 133वें डूरंड कप में नॉकआउट में जगह बनाने की उम्मीदें बरकरार रखने के लिए रविवार को ग्रुप सी के मुकाबले में आईएसएल ट्रॉफी विजेता मुंबई सिटी एफसी का सामना करेगी। यह मैच किशोर भारती क्रीड़ांगन में खेला जाएगा और शाम 4 बजे शुरू होगा। पंजाब एफसी के लिए एक जीत उन्हें सात अंकों पर पहुंचा देगी, जो उन्हें नॉकआउट में जगह दिलाने के लिए पर्याप्त हो सकती है, चाहे वह ग्रुप विजेता के रूप में हो या टूर्नामेंट में दूसरे स्थान की सर्वश्रेष्ठ टीम के रूप में। केरल ब्लास्टर्स, जो आज सीआईएसएफ प्रोटेक्टर्स इलेवन के खिलाफ खेल रहे हैं, भी सात अंकों के साथ समाप्त करेंगे, लेकिन उनका गोल अंतर बेहतर है। पंजाब एफसी ने अपने पहले मैच में सीआईएसएफ प्रोटेक्टर्स इलेवन को 3-0 से हराया और दूसरे मैच में केरल ब्लास्टर्स के खिलाफ एक रोमांचक 1-1 ड्रॉ खेला। वहीं मुंबई सिटी एफसी को पहले मैच में केरल ब्लास्टर्स ने 8-0 से मात दी थी और दूसरे मैच में उन्हें सीआईएसएफ प्रोटेक्टर्स से 2-0 की हार का सामना करना पड़ा था। पंजाब एफसी पिछले दो मैचों में आक्रमण में शानदार रहा है, जिसमें लुका माजसेन ने दो मैचों में तीन गोल करके गोल स्कोरिंग चार्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया है।

# रीतिका ने गंवाया क्वार्टर फाइनल अब रेपेचेज में मुकाबले की उम्मीद



- **22 वर्षीय भारतीय पहलवान ने मुकाबले की शुरुआत में ही अपनी आक्रामक शैली का प्रदर्शन किया और कुछ ही समय में 4-0 की बढ़त बना ली।**
- **अंतिम 2-पॉइंटर हासिल करके मुकाबला जल्दी समाप्त किया और तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 12-2 से जीत हासिल की।**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पेरिस ओलंपिक 2024 की कुश्ती स्पर्धा में भारतीय पहलवान रीतिका का 76 किलोग्राम वर्ग में सफर समाप्त हो गया है। क्वार्टरफाइनल में उनका मुकाबला किर्गिस्तान की एइपेरी मेतेट क्यजी से हुआ जिसमें उन्हें 1-1 की बराबरी में आखिरी अंक गंवाने के आधार पर हार का सामना करना पड़ा। रीतिका ने यह अंक 'पैसिविटी (अति रक्षात्मक रवैया)' के कारण अंक गंवाया जो इस मैच का आखिरी अंक साबित हुआ। नियमों के अनुसार मुकाबला बराबर रहने पर आखिरी अंक बनाने वाले खिलाड़ी को विजेता घोषित किया जाता है।किर्गिस्तान की पहलवान अगर फाइनल में पहुंचती है तो रीतिका के पास रेपेचेज से कांस्य पदक हासिल करने का मौका होगा।

बीती शुक्रवार रात अमन सेहरावत भारत के लिए पैरिस ओलिम्पिक में भारत के लिए कुश्ती में मैडल लाए थे। शनिवार को रितिका से भी उम्मीदें थीं लेकिन वह क्वार्टरफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाईं।

**ऐसा रहा था पहला मुकाबला**

रितिका ने हंगरी की बर्नाडेट नैगी के खिलाफ पहला मुकाबला खेला जिसमें 12-2 का स्कोर कर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई।

वह इस भारवर्ग में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली देश की पहली पहलवान हैं। 21 साल की रीतिका ने 12-2 से तकनीकी श्रेष्ठता से कुश्ती अपने नाम की। रीतिका पहले पीरियड में 4-0 से आगे थी लेकिन उन्होंने दूसरे पीरियड में शानदार प्रदर्शन कर हंगरी की पहलवान को ज्यादा मौके नहीं दिए। बर्नाडेट ने रीतिका के पैर पर आक्रमण किया लेकिन भारतीय पहलवान ने 'फ्लिप'कर शानदार बचाव के बाद पलटवार के साथ दो बार दो अंक हासिल करने में सफल रही।

### अरशद के साथ अपनी प्रतिद्वंद्विता पर नीरज ने कहा-

# मैं कामना करता हूं कि हमारी प्रतिस्पर्धा इतनी ही मजबूत बनी रहे



"मैं अपनी अधिकतम पहुंच तक पहुंचने के लिए संघर्ष कर रहा हूं, इसके लिए मुझे कड़ी मेहनत करनी होगी और खुद को फिट रखना होगा।"

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पेरिस ओलंपिक की भाला फेंक स्पर्धा में पाकिस्तान के अरशद नदीम से पिछड़ कर दूसरे स्थान पर रहने वाले भारत के नीरज चोपड़ा ने कहा कि वह कामना करते हैं कि उनकी प्रतिस्पर्धा इतनी ही मजबूत बनी रहे। जियोसिनेमा पर बोलते हुए, अरशद नदीम ने पाकिस्तान और भारत की पहली और दूसरी जीत के महत्व पर कहा: "मैं वास्तव में खुश हूं। भाग लेने वाले सैकड़ों देशों में से, पाकिस्तान और भारत ने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है। नीरज ने बुडापेस्ट में विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता , और यह मेरे लिए एक सुनहरा क्षण है। हमारी दोस्ती वास्तव में मजबूत है, और मैं चाहता हूं कि यह लंबे समय तक जारी रहे।" उनके बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा पर नीरज चोपड़ा ने कहा: "यह एक बहुत ही स्वस्थ प्रतिस्पर्धा थी, जिसमें अरशद ने बहुत अच्छा काम किया और ओलंपिक रिकॉर्ड तोड़ा। उन्हें बहुत-बहुत बधाई। मैं कामना करता हूं कि हमारी प्रतिस्पर्धा इसी तरह मजबूत बनी रहे, हम कड़ी मेहनत करते रहें, और हमारे देशों में उन बच्चों को प्रेरित करते हुए भाला फेंक में सहायता प्रदान करें जो इस खेल को अपनाना चाहते हैं।" चोपड़ा ने इस पर बात की कि क्या उनकी सफलता से दोनों देशों के लिए एथलेटिक्स में उछाल आएगा: "यह पहले से ही बहुत विकसित हो चुका है। हम पहले से ही भारत में अधिक प्रतिभाशाली भाला फेंकने वाले देख रहे हैं। पाकिस्तान में भी ऐसा ही हो रहा है। जब हम एशियाई खेलों में गए थे और अरशद घुटने की चोट के कारण प्रतिस्पर्धा नहीं कर सके, उनके स्थान पर आए यासिर सुल्तान ने बहुत अच्छा थ्रो किया। अरशद ने अभी जो पदक जीता है, वह और अधिक बच्चों को इसका अनुसरण करने के लिए प्रेरित करेगा, जो बहुत अच्छा है।"

नदीम ने बताया कि उन्होंने अपने ओलंपिक रिकॉर्ड थ्रो की क्लिप कितनी बार देखी है: "मैंने इसे कुछ बार देखा है, और मुझे लगता है कि मुझमें और भी बेहतर करने की क्षमता है। एक दिन मुझे उम्मीद है कि मैं इस क्षमता का प्रदर्शन कर सकता हूं।"

चोपड़ा ने अरशद के कई बार 90 मीटर के आंकड़े को पार करने के बारे में बात की: "मैं 2018 एशियाई खेलों के बाद से उस निशान को पार करना चाहता हूं जहां मैंने 88 मीटर फेंका था। मुझे लगता है कि मैं 90 मीटर को पार कर जाऊंगा, लेकिन मैं ऐसा क्यों नहीं कर पा रहा हूं इसके पीछे तकनीकी और चोट के कारण हैं।

# मैगनस कार्लसन ने स्पीड चैस 2024 सेमीफाइनल में किया प्रवेश

### भारत के अर्जुन को हराया



**एजेंसी। नई दिल्ली**

पिछले एक सप्ताह के दौरान विश्व टीम रैपिड और ब्लिट्ज में भारत के अर्जुन एरीगैसी और पूर्व विश्व चैंपियन और नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन के बीच तीन ऑन द बोर्ड मुक़ाबले खेले गए जिसमें कार्लसन नें दो और अर्जुन नें एक मुक़ाबला जीता था और अब कल रात दोनों के बीच स्पीड चैस 2024 के पेरिस में होने वाले सेमी फाइनल में पहुँचने के लिए ऑनलाइन 21 मुक़ाबले खेले गए जिसमें कार्लसन नें भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी को 12-9 के स्कोर से हराया। अब कार्लसन का सामना सेमीफाइनल में यूएसए के नीमन हंस नीमन से होगा। यह दोनों के बीच 2022 के बाद पहली बार आमने-सामने की भिड़ंत होगी, हालांकि पेरिस पर होने वाला यह मैच शतरंज बोर्ड पर नहीं, बल्कि कंप्यूटर पर खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट का अंतिम क्वार्टरफाइनल मैच जीएम हिकारू नाकामुरा और जीएम इयान नेपोमनिशी के बीच 9 अगस्त को खेला जाएगा। अर्जुन और कार्लसन ने पहले सेगमेंट में 5+1 मिनट के 7 मुकाबलों में 4.5-2.5 से बढ़त बनाई और दूसरे सेगमेंट में 3+1 मिनट के 7 मुकाबलों में उन्होने 5-2 से जीत दर्ज करते हुए अपनी बढ़त को 9.5-4.5 कर दिया हालाँकि बुलेट सेगमेंट में 1+1 मिनट के सात मुकाबलों में अर्जुन नें कार्लसन को 4.5-2.5 से हराया पर कुल मिलाकर 12-9 के स्कोर कार्लसन की जीत के लिए पर्याप्त था।

## आगामी घरेलू सीज़न से पहले पंजाब से त्रिपुरा जाएंगे मनदीप सिंह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दाएं हाथ के बल्लेबाज मनदीप सिंह, जिन्होंने 2016 में भारत के लिए तीन टी20 मैच खेले, ने पुष्टि की है कि वह आगामी 2024/25 घरेलू सीजन से पहले पंजाब से त्रिपुरा जाएंगे। मनदीप ने 2010 में घरेलू क्रिकेट सर्किट में पंजाब के लिए पदार्पण किया और 2023/24 घरेलू सीज़न में टीम को पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी खिताब दिलाया। वह एक पेशेवर खिलाड़ी के रूप में त्रिपुरा टीम में शामिल होते हैं और रिद्धिमान साहा द्वारा छोड़ी गई भूमिका में कदम रखते हैं, जो बंगाल में वापस जाने से पहले पिछले दो सीज़न से टीम में थे। "पीसीए में जूनियर स्तर से लेकर सीनियर स्तर तक मेरी यात्रा सबसे अद्भुत रही है, साथ ही 2023-2024 के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का विजेता कप्तान बनने का सौभाग्य भी मेरे पास है।" "मैं पीसीए के सचिव दिलशेर खन्ना, युवराज सिंह और हरभजन सिंह की वर्षों तक उनके निरंतर समर्थन के लिए सराहना करना चाहता हूं। मैं पीसीए प्रबंधन के सदस्यों और उन कर्मचारियों को भी धन्यवाद देना चाहता हूं जो वर्षों से मेरे साथ रहे हैं।'' "हालांकि, बहुत विचार-विमर्श के बाद, मुझे लगता है कि अब मेरे लिए अपने करियर में एक नया अध्याय शुरू करने का समय आ गया है।

## कंट्रोवर्सी में फंसने वाले थे अमन सेहरावत

**एजेंसी। पेरिस**

कुछ पाने के लिए कुछ खोना पड़ता है और पेरिस ओलंपिक में भारत को कुश्ती का कांस्य पदक दिलाने वाले अमन सेहरावत को 4.6 किलो वजन खोना पड़ा। सेमीफाइनल में जापान के रेइ हिगुची से हारने के बाद अमन का वजन 61.5 किलो तक पहुंच गया था जबकि वह 57 किलोग्राम वर्ग में चुनौती दे रहे थे। अब कांस्य पदक के प्लेआफ के लिए मैट पर उतरने से पहले उनके सामने वजन कम करने की चुनौती थी।

**अमन ने 4.6 किलो वजन कम किया**

ओलंपिक कांस्य पदक जीतने वाले भारत के सबसे युवा खिलाड़ी अमन ने 10 घंटे के भीतर 4.6 किलो वजन कम किया क्योंकि उन्हें 57 किलोवर्ग के मुकाबले में उतरना था। दूसरे दिन सुबह वजन किया गया तो कोच जगमंदर सिंह और वीरेंदर दहिया ने राहत की सांस ली क्योंकि अमन का वजन निर्धारित सीमा के भीतर आया। कुछ दिन पहले ही विनेश फोगाट 100 ग्राम वजन अधिक पाए जाने के कारण फाइनल से अयोग्य करार दी गई थी।

**सारी रात की कसरत, 5 सोना बाथ सत्र लिए**

अमन ने 'मिशन ' की शुरूआत डेढ़ घंटे अपने 2 सीनियर कोचों के साथ मैट पर अभ्यास करने के साथ की। इसके बाद एक घंटा गर्म पानी से स्नान किया। चूंकि पसीने से भी वजन कम होता है तो आधा घंटे के ब्रेक के बाद 5-5 मिनट के 5 'सौना बाथ' सत्र हुए। आखिरी सत्र के बाद अमन का वजन 900 ग्राम अधिक था तो उनकी मालिश की गई और कोचों ने उसे हल्की जॉगिंग करने के लिए कहा। इसके बाद 15 मिनट दौड़ लगाई। सुबह 4.30 तक उसका वजन 56.9 किलो आ गया। इस दौरान उसे गर्म पानी के साथ नींबू और शहद और थोड़ी कॉफी दी गई। अमन उसके बाद सो ही नहीं सका।

**विनेश के कारण तनाव में था स्टाफ**

उसने कहा कि मैंने कुश्ती के मुकाबलों के वीडियो पूरी रात देखे। कोच ने कहा कि हम हर घंटे उसका वजन जांचते रहे। पूरी रात और दिन भर भी नहीं सोए। विनेश के साथ जो हुआ, उसके बाद तनाव था।

# स्पेन ने फ़ुटबॉल में स्वर्ण पदक जीता

**एजेंसी। पेरिस**

- **स्पेनियों ने एक उत्साही फ्रांसीसी वापसी को काबू करते हुए 1992 के बाद अपना पहला ओलंपिक खिताब जीता।**
- **पुरुषों की अंडर-19 टीम ने पिछले महीने यूरोपीय खिताब जीता है,**
- **दूसरे हाफ में फ्रांस ने शानदार वापसी करते हुए स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया,**



फ़्रांस को हराकर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

स्पेन ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए मेजबान फ्रांस पर 5-3 की रोमांचक जीत के साथ पेरिस 2024 में ओलंपिक पुरुष स्वर्ण पदक हासिल किया। स्पेनियों ने एक उत्साही फ्रांसीसी वापसी को काबू करते हुए 1992 के बाद अपना पहला ओलंपिक खिताब जीता। थिएरी हेनरी द्वारा प्रबंधित मेजबान टीम ने मैच की शुरुआत में ही बढ़त हासिल कर ली, जिससे पेरिस की भीड़ खुशी से झूम उठी। हालांकि, स्पेन ने तुरंत जवाब दिया और हाफ टाइम की सीटी बजने से पहले तीन त्वरित गोल करके स्थिति बदल दी। ऐसा लग रहा था कि 3-1 की स्कोर रेखा ने स्पेनियों को नियंत्रण में कर दिया था, लेकिन फ्रांस घरेलू धरती पर समर्पण करने के लिए तैयार नहीं था। दूसरे हाफ में फ्रांस ने शानदार वापसी करते हुए स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया, जिससे मैच अतिरिक्त समय में चला गया। ऐसा प्रतीत हुआ कि गति फ्रांसीसियों के पास थी, लेकिन स्पेन के स्थानापन्न सर्जियो कैमेलो की अन्य योजनाएँ थीं। अतिरिक्त अवधि में, कैमेलो ने दो बार गोल किया, दोनों बार स्पेनिश खिलाड़ियों और प्रशंसकों के बीच जबरदस्त जश्न मनाया गया। रेयो वैलेकैनो फॉरवर्ड के निर्णायक हमलों ने स्पेन की जीत सुनिश्चित की और एक यादगार टूर्नामेंट का समापन किया। यह जीत अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्पेन की हालिया सफलता में इजाफा करती है। ठीक एक महीने पहले, उन्होंने फाइनल में इंग्लैंड को हराकर पुरुषों की यूरोपीय चैम्पियनशिप यूरो 2024 जीती थी। उनकी युवा टीमें भी चमक बिखेर रही हैं, पुरुषों की अंडर-19 टीम ने पिछले महीने यूरोपीय खिताब जीता है, और महिला टीम ने पिछले साल विश्व कप जीता है।

## मेरे पास अभी भी टेस्ट क्रिकेट खेलने का मौका है: एडम ज़म्पा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर एडम ज़म्पा को हाल के वर्षों में प्रथम श्रेणी में कम खेलने के बावजूद प्रतिष्ठित बैगी ग्रीन कैप पहनने की उम्मीद है। ज़म्पा, जो ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के सेटअप में एक प्रमुख सदस्य बन गए हैं, का मानना है कि उनका वर्तमान फॉर्म और अनुभव उन्हें टेस्ट चयन के लिए एक मजबूत दावेदार बना देगा, खासकर उपमहाद्वीप दौरों के लिए। ज़म्पा की टेस्ट आकांक्षाओं को पहली बार पिछले साल बल मिला जब उन्हें ऑस्ट्रेलिया के भारत के टेस्ट दौरे के लिए एक मजबूत उम्मीदवार माना गया। हालाँकि, चयनकर्ताओं ने अंततः क्वींसलैंड के मिशेल स्वेप्सन को चुना, जिससे ज़म्पा निराश नहीं हुए। उन्होंने फाइनल वर्ड पॉडकास्ट को बताया, "मुझे लगता है, वास्तविक रूप से, (मेरे पास) अभी भी टेस्ट क्रिकेट खेलने का मौका है मैं जिस तरह से गेंदबाजी कर रहा हूं, जैसा गेंदबाज हूं, अगर मैं इस समय बहुत अधिक शील्ड क्रिकेट खेल रहा होता, तो सोचता कि मैं ठीक होता, मैं वास्तव में अच्छा प्रदर्शन कर रहा होता। पिछले कुछ वर्षों में मैंने जो कुछ मैच खेले हैं, इस बात के सूचक हैं।" साउथ ऑस्ट्रेलिया के साथ सात साल के कार्यकाल के बाद 2020 में राज्य में वापसी के बाद, 31 वर्षीय लेग स्पिनर ने 2019 के बाद से केवल दो प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं, दोनों न्यू साउथ वेल्स के लिए। उनकी भारी सफेद गेंद प्रतिबद्धताओं ने लंबे प्रारूप में उनके अवसरों को सीमित कर दिया है, लेकिन ज़म्पा को विश्वास है कि उनका कौशल टेस्ट क्रिकेट में प्रभावी ढंग से काम करेगा। w

# आदिवासी महोत्सव का समापन, दिखी मिनी भारत की झलक

- *पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख और ज्योति साहू के गीतों पर झूमे दर्शक*
- *देश के कई राज्यों के कलाकारों ने दी अपनी प्रस्तुति*





**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड आदिवासी महोत्सव-2024 के दूसरे दिन शनिवार को समापन हो गया। मौके पर देशभर के कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी। कलाकारों ने ऐसा समां बांधा कि कार्यक्रम में मिनी भारत की झलक दिखाई दी। नृत्य-गीत के जरिए कलाकारों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख, ज्योति साहू, विवेक नायक समेत अन्य कलाकारों की जीवंत प्रस्तुति पर दर्शक झूम उठे। द सजनीग्रुप नागपुरी बैंड द्वारा आधुनिक नागपुरी और कुड़ुख गीत की प्रस्तुति दी गयी। गायक विवेक नायक ने दिलकश आवाज से दर्शकों का मनोरंजन किया।

झारखंड की बेटी ज्योति साहू की शानदार प्रस्तुति लोगों को लुभाया। महाराष्ट्र के ट्राइबल कलाकारों ने कार्यक्रम की शुरूआत में बांसुरी की धुन से दर्शकों को मोहित किया। कलाकारों द्वारा महाराष्ट्र का आदिवासी पारंपरिक नृत्य खापरी पेश किया गया।

असम से आए ट्राइबल कलाकारों द्वारा कार्बी नृत्य की प्रस्तुति दी गयी। असम के पारंपरिक परिधान, वाद्ययंत्र, अद्भुत संस्कृति, परंपरा, एवं इतिहास का अनूठा संगम दिखा। राजस्थान से आए कलाकारों द्वारा होली ढोल नृत्य की प्रस्तुति दी गयी।

## मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित विभिन्न जनजातीय खेल प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा सम्मानित किया गया। 9-10 अगस्त को जिला में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न जनजातीय खेल (यथा, तीरंदाजी, गेड़ी दौड़, गुलेल एवं सेकोर) प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक आयोजन सम्पन्न हुआ। बता दें कि तीरंदाजी में




धनबाद की प्रियंका कुमारी हांसदा, गेड़ी दौड में दुमका के बिनोद सोरेन, गुलेल में सिमडेगा की गांगी बारला और सेकोर में चाईबासा की लेबिन बिरूली को प्रथम स्थान मिला।

## एक नजर

### सेवा से बर्खास्त कर्मचारी भी सभी लाभ पाने का हकदार : हाईकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने एक फैसले में कहा है कि बर्खास्त कर्मचारी सभी प्रकार के लाभ पाने का अधिकार है। कर्मचारी का बर्खास्तगी आदेश कोर्ट के द्वारा रद्द कर दोबारा नियुक्त करने के आदेश पर यह लागू होगा, भले ही कोर्ट ने बर्खास्तगी अवधि के दौरान का वेतन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभ देने का निर्देश नहीं दिया है। जस्टिस डॉ एसएन पाठक की अदालत ने यह निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि काम नहीं करने की अवधि के दौरान नो वर्क नो पे का सिद्धांत लागू होता है, लेकिन जब बर्खास्तगी को अवैध घोषित कर दिया जाए, कर्मचारी की सेवा को निरंतर मानते हुए उस अवधि के वेतन और उसकी सेवानिवृत्ति लाभ में बर्खास्तगी अवधि के लाभ की कटौती नहीं की जा सकती। इसके साथ ही अदालत ने सरकार को प्रार्थी की बर्खास्तगी अवधि 23.7.1992 से 30.11. 2009 की अवधि का सभी बकाया और सेवानिवृत्ति लाभ छह सप्ताह में भुगतान करने का निर्देश देते हुए याचिका निष्पादित कर दी।

# हेमंत को संन्यास दिलाने के लिए युवा संकल्पित : बाबूलाल मरांडी

- *राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त, जल जंगल जमीन को लूटा और लुटवाया*
- *पांच साल में विकास का एक उदाहरण भी हेमंत सरकार नहीं दे सकती*



### सरकार के खिलाफ रैली नहीं रैला होगा : कर्मवीर सिंह

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि आगामी 23 अगस्त को युवाओं की रैली नहीं रैला होगा। युवाओं का जन सैलाब हेमंत सरकार को गद्दी छोड़ने को मजबूर कर देगा। युवा मोर्चा अध्यक्ष शशांक राज ने कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सेवा और संघर्ष के लिए हमेशा तैयार रहता है। राज्य की युवाओं की आवाज आज युवा मोर्चा है। साथ ही कहा कि प्रदेश भ्रष्ट निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए युवा शक्ति तैयार है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के एक सभागार में शनिवार को आयोजित प्रदेश भाजयुमो की 23 अगस्त को होने वाले रैली की तैयारी बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज राज्य में आम जनता परेशान है। कानून व्यवस्था ध्वस्त है। राज्य के युवाओं को ठगा। किसानों को ठगा। बहन-बेटियों की इज्जत लुटवाई। जल जंगल जमीन को लूटा और लुटवाया। ऐसी सरकार को राज्य हित में एक क्षण भी बने रहने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि पांच साल में विकास का एक उदाहरण भी हेमंत सरकार नहीं दे सकती। अब जनता का भरोसा इस सरकार से उठ चुका है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के झूठ को चौक चौराहों पर बार बार दोहराएं। उन्होंने कहा कि ये सरकार मोदी सरकार की नकल करने को चली वह भी नहीं कर सकी। जनता को ग्रीन कार्ड से राशन देने की बात की लेकिन एक कदम भी आगे नहीं बढ़ सकी। जल जीवन मिशन भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। युवा शक्ति आज कमर कसकर राज्य सरकार के खिलाफ खड़ी है। हेमंत सोरेन अब खुद संन्यास नहीं ले रहे तो हमें 23 अगस्त को युवा शक्ति उन्हें सन्यास लेने केलिए बाध्य कर देगी।

### युवा नए उलगुलान व हूल के लिए संकल्पित : बाउरी

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि झारखंड की युवा शक्ति राज्य को लुटेरों, भ्रष्टाचारियों से बचाने के लिए नए उलगुलान और हूल करने के लिए तैयार है। हेमंत सरकार ने ठग कर जनादेश लिया लेकिन न रोजगार दिया, न बेरोजगारी भत्ता दिया। यही मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने कहा था कि मेरी सरकार में कोई संविदा कर्मी जैसा शब्द नहीं होगा लेकिन



आज संविदा कर्मी, पारा शिक्षक दर की ठोकरें खा रहे। लाठियां खा रहे। उन्होंने कहा कि पहली बार विधानसभा में युवाओं के मुद्दे पर ऐतिहासिक आंदोलन हुआ लेकिन यह सरकार तानाशाही रवैए से बाज नहीं आए। अध्यक्ष की ताकत का दुरुपयोग किया। विधायकों के धरने के दौरान सदन की बिजली पानी कटा। उन्होंने कहा कि अब राज्य का युवा लाठी गोली से डरने वाला नहीं। 23 अगस्त को राज्य के युवा हेमंत सरकार का जड़ हिला देंगे।

## न्यूज बॉक्स

### रक्षामंत्री से राज्यपाल ने की मुलाकात



**रांची।** राज्यपाल संतोष गंगवार ने शनिवार को नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। राज्यपाल और रक्षा मंत्री की यह शिष्टाचार मुलाकात बताई गई है।

### आदिवासी महोत्सव मेले में लोगों ने कराई निःशुल्क स्वास्थ्य जांच



**रांची।** बिरसा मुण्डा स्मृति उद्यान में आयोजित झारखंड आदिवासी महोत्सव 2024 में जहां चारों तरफ हर्ष और उल्लास का माहौल था। परिसर में तरह-तरह के स्टॉल लगाए गए थे। खाने-पीने से लेकर सजावटी सामानों के अलावे स्वास्थ्य जांच की भी सुविधा लोगों को मिली। मेले में आने वाले लोग निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कराया। मेले में मंदिर के पास अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग संस्था द्वारा संचालित निःशुल्क प्राथमिक एवं आकस्मिक चिकित्सा कल्याण अस्पताल द्वारा स्टॉल लगाया गया था। दुमका से आए चिकित्सक डॉ अधीश कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य जांच के लिए आए लोगों को उचित सलाह भी दी गयी। मेले में आने वाले लोग स्वास्थ्य सुविधा का लाभ उठा कर बहुत खुश दिखाई दे रहे हैं।

### रिंग रोड, भारत माला प्रोजेक्ट की सड़क पुलिस-मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में बनेगी

**रांची।** रांची जिले में विभिन्न परियोजनाओं के लिए अधिग्रहित हो चुकी जमीनों के रैयतों को मुआवजा देकर काम शुरू करने का निर्देश दिया गया। शनिवार को समाहरणालय में उपायुक्त ने रांची रिंग रोड प्रोजेक्ट के तहत तुरूप, हेसल, बेड़वारी में सड़क बनाने में बाधा नहीं हो इसके लिए पुलिस बल और दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त करने के निर्देश दिए। वहीं, भारत माला परियोजना के तहत तापे में सड़क बनाने में आ रही बाधा के समाधान के लिए पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की नियुक्त का निर्देश अधिकारी को दिया गया। सरकारी पट्टा प्राप्त रैयतों के पट्टे का अभिलेख से जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने को भी कहा। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से कुटियातू मोड़ तक सड़क निर्माण (रिंग रोड़ कोचबोंग तक वाया हुंडरू हेतु, चंदाघासी, मरियातू, इटे) की समीक्षा करते हुए जरूरी प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने को कहा। अंचल अधिकारियों को आवेदकों के राजस्व कागजात और वंशावली की जांच प्रतिवेदन शीघ्र भेजने को कहा। पलमा-गुमला सेक्शन परियोजना पर कहा कि अंचल निरीक्षक का सीओ पद पर पदस्थापित हो जाने से किसी योग्य सेवानिवृत्त कानूनगो को नियुक्त कर इस परियोजना के शेष रैयतों का मुआवजा देने के निर्देश दिए। अरगोड़ा से कटहल मोड़ वाया पुंदाग सड़क चौड़ीकरण में आ रही समस्या को भी शीघ्र दूर करने को कहा। बैठक में अपर समाहर्ता रामनारायण सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सुनील चंद्र, रांची जिले के सभी अंचल अधिकारी, पथ निर्माण के कार्यपालक अभियंता, रेलवे के कार्यपालक अभियंता, एनएचएआई के सभी परियोजना निदेशक, कानूनगो आदि मौजूद थे।

### जमीन घोटाला के आरोपी शेखर कुशवाहा सहित 3 पर ईडी ने दायर की चार्जशीट




**रांची।** बड़गाई अंचल के 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा उर्फ शेखर महतो सहित तीन पर शनिवार को पीएलएमए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में चार्जशीट दायर हुआ। यह चार्जशीट जमीन घोटाले के अनुसंधानकर्ता ईडी के डिप्टी डायरेक्टर देवव्रत झा ने दायर किया है। ईडी ने 12 जून को पूछताछ के बाद उसी दिन शाम को शेखर कुशवाहा को गिरफ्तार किया था। अगले दिन उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था। गिरफ्तारी के 60वें दिन चार्जशीट दाखिल की गई है। शेखर कुशवाहा को ईडी ने रिमांड पर लेकर 10 दिनों तक पूछताछ की थी। उस पर 4.83 एकड़ जमीन का फर्जी दस्तावेज बनाने में भूमिका सामने आई है। शेखर कुशवाहा ने सहयोगी प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह, इरशाद अंसारी, अफसर अली सहित अन्य से मिलकर राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद की मिलीभगत से 1971 का फर्जी डीड बनाया था। गैरमजरूआ को सामान्य खाते की जमीन में बदल कर 22.61 करोड़ की जमीन को 100 करोड़ से अधिक कीमत पर बेचने की तैयारी थी। इसी मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित 14 के खिलाफ चार्जशीट हो चुकी है। 12वें आरोपित के रूप में शेखर कुशवाहा की गिरफ्तारी हुई है। मामले में सिर्फ हेमंत सोरेन जमानत पर हैं।

## पेज एक के शेष

**इंजीनियरिंग कॉलेज में...**

पाली में सिक्स सेमेस्टर का परीक्षा अपने निर्धारित समय से एक घंटा बिलंब से शुरू किया गया है। परीक्षा ले रहें शिक्षकों ने नाम नही छापने की शर्त पर बताया कि उन लोगों के साथ छात्रों द्वारा रूम में धक्का मुक्की व मारपीट की गई है। बता दें कि इंजीनियरिंग कॉलेज में डीएवी इंजीनियरिंग कॉलेज डालटनगंज का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य ने बताया कि मामला काफी गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि पूरे मामले में जांच कर जो भी दोषी पाया जायेगा उप पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कानूनी पचड़े में कोई निर्दोष व अनुशासन में रहने वाला छात्र नहीं फंसे इसका भी ध्यान रखा जाएगा। फिलहाल कॉलेज में द्वितीय पाली की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से लिए जाने की खबर है।

**भाजपा विधायक 10 सालों में...**

भव्य तरीके से सैकड़ों मोटरसाइकिल के साथ स्वागत कर कार्यक्रम स्थल तक ले गए। मुख्य अतिथि राजेंद्र सिन्हा ने स्व सुरेश प्रसाद व उर्मिला देवी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि राजेंद्र प्रसाद सिन्हा की लोकप्रियता पलामू में तेजी से बढ़ी है। उनके कार्य करने के शैली और मदद के लिए 24 घंटे तत्पर रहने के सौभाग्य ने उन्हें लोकप्रिय बनाया है। मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष ने झामुमो की सभी योजनाओं से अवगत कराते हुए कहा मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मंईयां सम्मान योजना की सौगात महिलाओं को दी हैं। सभी लोग योजना का लाभ लें। 200 यूनिट फ्री योजना भी हेमंत सोरेन ने दिया है। भाजपा ने तो सतबरवा को पिछड़ने पर मजबूर किया है। इनके विधायक सांसद हैं लेकिन वो लोग अपना पांच काम भी नहीं बता पा रहे हैं। झामुमो कार्यकर्ताओं और माटी की पार्टी है। कार्यकर्ता सभी पंचायत के एक-एक घर में जाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताएं और लाभ दिलाएं। झामुमो डालटनगंज सहित पलामू के अन्य सीटों पर भी चुनाव लड़ेगी। पार्टी में शामिल होने वाले नेता विनय सिंह और अन्य ने कहा कि झारखंड का विकास सिर्फ झामुमो से ही संभव है। हेमंत सोरेन ने झारखंड का मान सम्मान बढ़ाया है। गरीबों के हक के लिए कार्य किया है। कार्यक्रम में केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी, सचिव सन्नू सिद्धिकी, युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष लल्लन चौधरी, झामुमो मोर्चा के कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज, संगठन सचिव अरविंद चौधरी, प्रखंड उपाध्यक्ष जमिल अहमद खान, मुस्ताक खान, करीम अंसारी, निवास चौधरी, बिहारी मेहता, मो फैजल, मो निजाम, अनिल राम, अजय राम, राम बाबू, राम अवतार सिंह, अनिल सिंह, सोल्जर सिंह, अजीत यादव, अरविंद भुइयां गोविंद कुमार सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सतबरवा प्रखंड अध्यक्ष श्रवण गुप्ता ने की। संचालन प्रखंड उपाध्यक्ष मेघनाद प्रसाद ने किया।

**कांग्रेस, भाजपा नेता झामुमो में शामिल :** कार्यक्रम में कांग्रेस नेता विनय सिंह, भाजपा नेता विकास गुप्ता, विनोद गुप्ता अपने समर्थकों के साथ पार्टी में शामिल हुए। दोनों झामुमो जिला अध्यक्ष ने पार्टी का अंगवस्त्र व माला पहना कर झामुमो परिवार में शामिल कराया।

**जेजेएमपी के दो उग्रवादी...**

मणिभूषण के निर्देश पर चैनपुर थाना के नेतृत्व टीम का गठन कर छापामारी की गई। दोनों को तत्काली हिरासत में लेकर उनके तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में पूछताछ के क्रम में दोनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। स्वीकारोक्ती बयान में गुमला थाना अंतर्गत कनक ज्वेलर्स में अपने अन्य सहयोगियों के साथ हथियार के बल पर लूट करने का प्रयास। डंडा थाना अंतर्गत एक बाईक सवार पर अपने अन्य दो सहयोगियों के साथ फायरिंग कर अपाची मोटर साईकल लूट की घटना में शामिल होने की बात स्वीकार की है। उनकी निशानदेही पर गढ़वा जिला के डंडा थाना में लूटा गया अपाची मोटर साईकिल को भी बरामद कर लिया गया है। दोनों के उपर पलामू लातेहार में तीन-तीन अपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

**अब होमगार्डस को मिलेगा..**

का समान वेतन का लाभ देने के लिए छह माह का समय मांगा था। इस बीच सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने जुलाई में इस मामले में फैसला सुनाया और होमगार्ड जवानों को पुलिसकर्मियों की तरह समान काम, समान वेतन देने के हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सरकार की अर्जी को खारिज कर दिया। इसके साथ ही होमगार्ड जवानों को पुलिसकर्मियों के समान वेतन का रास्ता साफ हो गया था। राज्य में होमगार्ड के लगभग 19 हजार जवान हैं। इनमें से 3527 जवान लॉ एंड ऑर्डर की ड्यूटी में प्रतिनियुक्त हैं।

**मुख्यमंत्री ने जन्मदिन पर...**

अंकित है। ये वो कैदी का निशान है जो मुझे जेल से रिहा होते समय लगाया गया था। उन्होंने आगे लिखा कि ये निशान केवल मेरा नहीं है, बल्कि लोकतंत्र की वर्तमान चुनौतियों का प्रतीक है। जब एक चुने हुए मुख्यमंत्री को बिना किसी सबूत, शिकायत और अपराध में 250 दिनों तक जेल में डाल सकते हैं तो फिर ये आम आदिवासियों-दलितों-शोषितों के साथ क्या करेंगे। यह मुझे कहने की जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लिखा कि आज मैं कृतसंकल्पित हूं कि हर शोषित, वंचित, दलित, पिछड़ा, आदिवासी, मूलवासी के पक्ष में लड़ूंगा। मैं हर उस व्यक्ति-समुदाय के लिए आवाज उठाऊंगा, जिसे दबाया और न्याय से वंचित रखा गया है, जिसे उसके रंग, समुदाय, खान पान, पहनावे के आधार पर सताया जा रहा है। हमें एकजुट होकर एक ऐसे समाज का निर्माण करना होगा जहां कानून सभी के लिए समान हो, जहां सत्ता का दुरुपयोग न हो। उन्होंने लिखा कि हां, यह रास्ता आसान नहीं होगा। हमें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा लेकिन मुझे विश्वास है कि हम मिलकर इन चुनौतियों को पार कर सकते हैं। क्योंकि, हमारे देश की एकता, विविधता में ही हमारी शक्ति है। आप सब के स्नेह एवं आज के दिन दी जा रही दुआ, आशीर्वाद और अपनापन के लिए धन्यवाद देता हूं। इधर प्रधानमंत्री मोदी, राहुल गांधी और खरगे ने दी मुख्यमंत्री हेमंत को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी है।

**झारखंड के कलाकारों के लिए...**

का क्षेत्र हो, डॉक्टर्स, इंजीनियर्स का क्षेत्र हो, चाहे आईएएस, आईपीएस की बात करें तो भी इन क्षेत्रों में आदिवासी समाज के गिने-चुने लोग ही अपनी जगह बना पाए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा नहीं है कि हमारे आदिवासी समाज के लोग आगे नहीं बढ़ रहे हैं। अब आदिवासी समाज के नौजवान युवक-युवतियां एवं छात्र-छात्राएं अलग-अलग क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड सिर्फ नदी, पहाड़, पर्वत या खनिज संपदा के लिए ही नहीं जाना जाता है बल्कि यहां एक समृद्ध मानव बल के लिए भी जाना जाता है।

**अतिथियों ने उठाया सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुत्फ :** हेमन्त सोरेन सहित सभी अतिथियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुत्फ उठाया तथा झारखंड एवं अन्य राज्यों से पहुंचे कलाकारों का मनोबल भी बढ़ाया। मंत्री हफीजुल हसन, सांसद राज्यसभा महुआ माजी, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक अनूप सिंह, विधायक मंगल कालिंदी, विधायक अम्बा प्रसाद, विधायक भूषण तिर्की, मुख्य सचिव एल०खियांग्ते, प्रधान सचिव श्रीमती वंदना दादेल, सचिव कृपानंद झा, आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा, आईजी अखिलेश झा, डीआईजी अनूप बिरथरे, राज्य सरकार के अन्य वरीय पदाधिकारीगण सहित अन्य गणमान्य अतिथिगण उपस्थित थे।

**आदिवासियों की नहीं...**

गरीबों, आदिवासियों, दलितों को ठगना क्या यही अस्मिता की रक्षा है?

**मंइयां और कृषि ऋण माफी योजना धोखा :** मंइयां योजना को धोखा बताते हुए हिमंता ने कहा कि हेमंत दो महीने तक दो हजार देने की बात कर रहे लेकिन बेटी-बहनों से दलाल-बिचौलिए फार्म भरने में ही एक हजार लूट ले रहे हैं। हेमंत सरकार को कंप्यूटर ने भी रिजेक्ट कर दिया है। कहा कि राज्य की माताओं बहनों को 2 हजार रुपये नहीं बल्कि भाई और बेटे को नौकरी चाहिए। उन्होंने कहा, किसानों की ऋण माफी की बात भी धोखा है, जबतक राज्य सरकार बैंक को पैसा नहीं देगी तब तक बैंक एनओसी नहीं देता।

**बेरोजगार युवाओं का 3-3 लाख बकाया :** हेमंत सोरेन के पास राज्य के बेरोजगार युवाओं का पिछले 60 महीना का 3 लाख बकाया है। जिसे ब्याज सहित मांगने के लिए राज्य का युवा बेताब है। युवाओं का उधार पैसा हेमंत सोरेन के घर में फंसा है। उन्होंने कहा ये वादा करने में माहिर सरकार है लेकिन निभाती तो भाजपा की सरकार है। भाजपा की सरकार जो वादा करके आती है उसे निभाती है। चाहे केंद्र की हो या फिर प्रदेशों की।

# अमर बाउरी ने सीएम से पूछा, क्या हुआ तेरा वादा

**नौकरी नहीं, तो बेरोजगारों को 5000 से 7000 का बेरोजगारी भत्ता**

**पांच लाख सरकारी नौकरियां दी जाएंगी, नहीं तो राजनीति से संन्यास**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने हेमंत सोरेन पर तंज कसते हुए कहा कि शिकारी आयेगा, जाल बिछायेगा, दाना डालेगा पर लोभ में आकर फंसना नहीं। उन्होंने शनिवार को ट्वीट कर सवाल करते हुए पूछा है कि 2019 से 2024 इन पांच सालों का हिसाब और आपने जो वादा किया था, उसका जवाब कौन देगा मुख्यमंत्री जी। पूरे राज्य को याद है कि 2019 चुनाव से पूर्व अमर शहीद निर्मल महतो के शहादत दिवस पर मुख्यमंत्री ने जो वादा किया था कि युवाओं को पांच लाख सरकारी नौकरियां दी जायेगी, नहीं तो राजनीति से संन्यास ले लेंगे। उसका क्या हुआ।

बाउरी ने ट्वीट में लिखा है कि यदि नौकरी नहीं तो बेरोजगारों को महीने का 5000 से 7000 का बेरोजगारी भत्ता। उसका क्या हुआ। इन्होंने गरीब परिवारों से यह वादा किया था कि सरकार बनते ही गरीबों के खातों में सालाना 72 हजार हजार रुपये दिये जाएंगे, उसका क्या हुआ। सरकार बनते ही संविदा कर्मियों को नियोजित किया जाएगा और स्थायी समाधान यथाशीघ्र निकाला जाएगा। उसका क्या हुआ। मुख्यमंत्री जी ध्यान रहे काठ की हांडी एक बार ही चढ़ती है। वर्ष 2019 का चुनाव ये ठगबंधन ने झूठे वादों पर लड़ा, इस बार यह चुनाव प्रलोभन के सहारे लोगों को ठग कर लड़ने की तैयारी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा का 2019 चुनाव का निश्चय पत्र इतिहास में ठगी पत्र के नाम से जाना जाएगा।

# एसबीयू और एकेयू में एमओयू, शोध और परामर्श के बिंदु शामिल



**नवीन मेल संवददाता। रांची**

सरला बिरला विश्वविद्यालय रांची और आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय पटना के बीच 10 अगस्त को एमओयू हुआ। समझौता ज्ञापन पर एसबीयू के डायरेक्टर जनरल प्रो. गोपाल पाठक और एकेयू के कुलपति प्रो. शरद कुमार यादव ने हस्ताक्षर किए। एमओयू में दोनों विश्वविद्यालयों के बीच शोध, परामर्श और शैक्षणिक आदान-प्रदान के बिंदु सम्मिलित हैं। वएकेयू परिसर में संक्षिप्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय की ओर से विवि के कुलसचिव डॉ. रामजी सिंह भी सम्मिलित हुए। इस एमओयू से दोनों विवि के छात्रों को वृहत शैक्षणिक परिवेश में अध्ययन करने का अवसर मिल सकेगा। साथ ही दोनों विवि के विभिन्न विशेषज्ञों के सान्निध्य में छात्रों को नवीनतम और शोधपरक जानकारियां भी उपलब्ध हो पाएंगी। दोनों विश्वविद्यालयों के बीच हुए इस एमओयू पर एसबीयू के कुलाधिपति बिजय कुमार दलान, डॉ. प्रदीप वर्मा और प्रभारी कुलपति प्रो. एस.बी. डांडिन ने शुभकामनाएं दी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com



## प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व शेर दिवस की बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को विश्व शेर दिवस पर वन्य जीव संरक्षण से जुड़े सभी लोगों को एक्स हैंडल पोस्ट पर बधाई दी है। साथ ही फरवरी 2024 में अंतरराष्ट्रीय बिग कैट एलायंस की स्थापना के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी का भी जिक्र किया है। यह स्थापना राजसी बड़ी बिल्लियों की रक्षा के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराती है। प्रधानमंत्री मोदी ने सभी वन्यजीवप्रेमियों को गिर राष्ट्रीय उद्यान की यात्रा और गुजरात के लोगों के आतिथ्य का अनुभव करने करने के साथ शेर की रक्षा के लिए किए गए प्रयासों को देखने के लिए आमंत्रित किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा है, ''विश्व शेर दिवस पर मैं शेर संरक्षण के लिए काम करने वाले सभी लोगों की सराहना करता हूं।

## भारत की विकास साझेदारी मालदीव की जरूरतों से प्रेरित

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ। एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि भारत की विकास साझेदारी मालदीव के लोगों और सरकार की जरूरतों और प्राथमिकताओं से प्रेरित है और यह अनुदान, ऋण, बजटीय सहायता, क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण सहायता का एक विवेकपूर्ण मिश्रण है। अब हम एक ऐसे चरण में प्रवेश कर रहे हैं जहां इनमें से कई परियोजनाएं जमीन पर साकार हो रही हैं, जिससे आम लोगों को ठोस लाभ मिल रहा है। विदेश मंत्री ने उक्त बातें आज भारत की सहायता से तैयार मालदीव के 28 द्वीपों में जल एवं स्वच्छता परियोजनाओं के उद्घाटन पर कहीं। इस परियोजना से 32 द्वीपों में सुरक्षित पेयजल पहुंचेगा और 17 द्वीपों में सीवरेज प्रणाली शुरू होगी। इसका सीधा असर मालदीव के 28 हजार लोगों के जीवन पर पड़ा है।

## क्रीमी लेयर को आरक्षण से बाहर रखने के पक्ष में नहीं है कांग्रेस : खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति(एससी) व अनुसूचित जनजाति (एसटी) के क्रीमी लेयर को आरक्षण से बाहर रखने के पक्ष में नहीं है। वे यह भी चाहते हैं कि उच्चतम न्यायालय के क्रिमी लेयर संबधित फैसले को मान्यता न मिले इसके लिए वे भरसक प्रयास करेंगे। शनिवार को खरगे ने अपने निवास पर मीडिया से बातचीत में यह प्रतिक्रिया दी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे ने कहा कि पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट के 7 जजों ने एक फैसला दिया है, जिसमें उन्होंने एससी-एसटी वर्ग के लोगों के सब-कैटेगराइजेशन के साथ ही क्रीमीलेयर की भी बात की है।

### बांग्लादेश के हिंदुओं ने निकाला प्रतिवाद मार्च

# हम यहीं पैदा हुए, यहीं मरेंगे

**एजेंसी। ढाका**

बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद हिन्दुओं पर हो रहे हमलों के विरोध में आवाज उठने लगी है। अल्पसंख्यक समुदाय के लोग एकजुटता दिखाते हुए सड़क पर उतरने लगे हैं। शनिवार भी देश में कई जगह छिटफुट प्रदर्शन हुए हैं। बांग्लादेश में रह रहे हिन्दुओं का कहना है कि हम यहीं पैदा हुए हैं, यही मरेंगे। हम अपना देश छोड़कर नहीं जाएंगे और अपने पर हो रहे जुल्मों का प्रतिकार करेंगे। बांग्लादेश हिन्दू जागरण मंच के नेतृत्व में शुक्रवार सायंकाल भी हिन्दुओं व अन्य अल्पसंख्यक समुदाय पर हो रहे हमलों, आगजनी और लूटपाट के विरोध में राजधानी ढाका के शाहबाग में प्रदर्शन किया गाय। शुक्रवार को हुए इस प्रदर्शन में हजारों हिन्दुओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान देश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं के खिलाफ हो रही हिंसा के खिलाफ आवाज उठाई गई। समाचार पत्र ढाका ट्रिब्यून के अनुसार इस वजह से शाम चार बजे से शाम साढ़े सात बजे तक शाहबाग चौराहा बंद रहा। प्रदर्शनकारियों ने हाल ही में हुए हिंदुओं पर हमलों की खिलाफत की। इस प्रदर्शन के दौरान दिनाजपुर में चार हिंदू गांवों को जलाने की कड़ी आलोचना की गई। प्रदर्शनकारी दोपहर लगभग तीन बजे नेशनल प्रेस क्लब के सामने जमा हुए और मार्च करते हुए शाहबाग चौराहे पर पहुंचे। इन लोगों ने नई अंतरिम सरकार के सामने चार मांगें रखीं- अल्पसंख्यक मंत्रालय की स्थापना, अल्पसंख्यक संरक्षण आयोग का गठन, अल्पसंख्यकों के खिलाफ हमलों को रोकने के लिए सख्त कानून और अल्पसंख्यकों के लिए 10 प्रतिशत संसदीय सीटों का आवंटन। द डेली स्टार अखबार के अनुसार, नौ अगस्त को ठाकुरगांव में हिन्दुओं ने रैली निकालकर जुल्म का विरोध किया। इस रैली में चार हजार से ज्यादा लोग शामिल हुए। इसके बाद ठाकुरगांव सदर उपजिला के निबार्ही अधिकारी बेलायत हुसैन, सेना के अधिकारियों के साथ पहुंचे। उन्होंने हिन्दुओं की सुरक्षा का वादा किया। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एक्य परिषद ने शुक्रवार को कहा था कि शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद बांग्लादेश के 64 जिलों में से 52 जिलों में अल्पसंख्यकों के साथ अत्याचार हुए हैं। अल्पसंख्यकों के साथ ज्यादती की 205 घटनाएं हुई हैं। संगठन ने अंतरिम सरकार के नेता मोहम्मद यूनुस को खुला पत्र लिखा। इसमें कहा गया कि अल्पसंख्यकों में गहरी चिंता और अनिश्चितता है। सरकार को तत्काल इसका संज्ञान लेना चाहिए।



▸ 52 जिलों में अल्पसंख्यकों के साथ ज्यादती की 205 घटनाएं हुई

**▸ अंतरिम सरकार के सामने चार मांगें रखीं**

1। अल्पसंख्यक मंत्रालय की स्थापना
2। अल्पसंख्यक संरक्षण आयोग का गठन
3। अल्पसंख्यकों के खिलाफ हमलों को रोकने के लिए सख्त कानून
4। अल्पसंख्यकों के लिए 10 प्रतिशत संसदीय सीटों का आवंटन

## क्रीमीलेयर पर स्थिति स्पष्ट करे केंद्र : मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने केंद्र सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार आरक्षण में क्रीमीलेयर लागू करने और उपवर्गीकरण को लेकर दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ संसद में कानून लाकर अपनी स्थिति स्पष्ट करे। उन्होंने कहा कि केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में अनुसूचित जाति और जनजाति से जुड़े इस बेहद महत्वपूर्ण मामले पर मजबूती से पैरवी नहीं की, नहीं तो इस तरह का निर्णय न होता। इसी सत्र में संविधान में संशोधन न लाकर सत्र को स्थगित करना केंद्र सरकार की सोची समझी साजिश है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला अब बना रहेगा। पीएम ने अभी तक अधिकृत तौर पर कोई आश्वासन भी नहीं दिया है। केंद्र की सरकार ने समय समय पर आरक्षण को खत्म करने की साजिश की है।

## नौसेना को मिला अग्निवीरों का चौथा बैच

**नई दिल्ली।** आईएनएस चिल्का से पास आउट 1389 अग्निवीरों का चौथा बैच भारतीय नौसेना को मिला गया है। इनमें 214 महिलाएं और 1175 पुरुष हैं। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के। त्रिपाठी ने पासिंग आउट कोर्स को राष्ट्र निर्माण के अपने प्रयास में नौसेना के मूल मूल्यों कर्तव्य, सम्मान और साहस को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अग्निवीरों से प्रशिक्षण के अपने अगले चरणों पर ध्यान केंद्रित करने और तकनीकी रूप से कुशल समुद्री योद्धा बनने का आग्रह किया। आईएनएस चिल्का पर प्रशिक्षण पूरा होने के बाद अग्निवीरों का यह बैच भारतीय नौसेना में शामिल होने के लिए तैयार है।



## कमला हैरिस की बढ़ती प्रसिद्धि से ट्रंप को हारने का डर

### भारत के लिए कमला ज्यादा फेवरेबल

**-ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अमेरिका में बीते माह हुए एक सर्वेक्षण में राष्ट्रपति की उम्मीदवार कमला हैरिस को 37 प्रतिशत लोगों ने समर्थन देने की बात कही। जबकि डोनाल्ड ट्रंप को 34 प्रतिशत लोगों का समर्थन मिला। इससे साफ है कि जैसे जैसे चुनाव प्रचार आगे बढ़ रहा है, कमला हैरिस की बढ़त मजबूत हो रही है।और वह डोनाल्ड ट्रंप को पछाड़कर आगे निकल गई हैं। इसी तरह अगस्त में बीते गुरुवार को जारी हुए पोल सर्वेक्षण में कमला हैरिस को 42 प्रतिशत लोगों का समर्थन मिला है, जबकि डोनाल्ड ट्रंप पांच पॉइंट से पिछड़कर 37 प्रतिशत लोगों की पसंद बने हुए हैं। राष्ट्रीय स्तर पर हुए ताजा सर्वेक्षण में 2045 व्यस्क शामिल हुए। यह सर्वेक्षण 2-7 अगस्त के बीच कराया गया। सर्वेक्षण में चार प्रतिशत लोगों ने निर्दलीय उम्मीदवार रॉबर्ट केनेडी जूनियर का समर्थन किया है। हालांकि जुलाई में हुए सर्वेक्षण में कैनेडी जूनियर को 10 प्रतिशत लोगों का समर्थन मिला था। अपने को पीछड़ते देख डोनाल्ड ट्रंप व उनकी टीम चिंतित हो गई है। सो बौखलाए ट्रंप लगातार कमला हैरिस व उनकी योग्यता पर सवाल उठा रहे हैं। बीते दिनों ट्रंप ने कमला हैरिस पर नस्लभेदी टिप्पणी की थी और उनके अश्वेत मूल का होने पर सवाल उठाए थे। अब ट्रंप ने कहा है कि दुनियाभर में हालात खराब हो रहे हैं और दुनिया विश्वयुद्ध की तरफ बढ़ रही है। ट्रंप ने कहा कि कमला हैरिस हालात को संभालने के लिए सक्षम नहीं हैं। ट्रंप ने कमला हैरिस को बाइडन से भी खराब उम्मीदवार बताया। अभी कुछ समय पहले तक डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति पद की रेस में सबसे आगे दिख रहे थे। खासकर पेंसिल्वेनिया में उन पर हुए जानलेवा हमले के बाद ट्रंप के प्रति सहानुभूति की लहर उठी थी। हालांकि बाइडन द्वारा राष्ट्रपति पद की रेस से हटने और कमला हैरिस को समर्थन देने के बाद हालात बदल गए और अब कमला हैरिस, ट्रंप पर भारी पड़ती नजर आ रही हैं।इसलिए भी ट्रंप और उबलने लगे हैं। वैसे तो कमला जीतें तो भी भारत का रिश्ता अमेरिका से खराब नहीं होगा। क्योंकि कमला का खून का रिश्ता भारत से हैं।इस वजह से अमेरिका में रहने वाले भारतीय उनके पक्ष में एकजुट होने लगे हैं।

## एजुकेशन/करियर

# होम साइंस की पढ़ाई कर बना सकते हैं अपना करियर

**रजनीश।** गृह विज्ञान शिक्षा की वह विधा है जिसके अन्तर्गत पाक शास्त्र, पोषण, गृह अर्थशास्त्र, उपभोक्ता विज्ञान, बच्चों की परवरिश, मानव विकास, आन्तरिक सज्जा, वस्त्र एवं परिधान, गृह-निर्माण आदि का अध्ययन किया जाता है। यह मानव विकास और विज्ञान के क्षेत्र में अन्य विभागों से जुड़े विज्ञान के बारे में एक अध्ययन है। गृह विज्ञान भारत में चयनात्मक विश्वविद्यालयों और कॉलेजों द्वारा प्रदान किया जाने वाला एक ग्रेजुएशन, मास्टर्स, डिप्लोमा और प्रमाणन कोर्स है। होम साइंस शिक्षा की वह विधा है जिसके अन्तर्गत पाक शास्त्र, पोषण, गृह अर्थशास्त्र, उपभोक्ता विज्ञान, बच्चों की परवरिश, मानव विकास, आन्तरिक सज्जा, वस्त्र एवं परिधान, गृह-निर्माण आदि का अध्ययन किया जाता है।

### होम साइंस का महत्व

घर परिवार व संसाधनों का उचित उपयोग करने के लिए, आर्थिक सम्बलता आदि के लिये होम साइंस का ज्ञान होना अत्यन्त आवश्यक है। बदलती स्थितियों के अनुकूल पारिवारिक जीवन को बनाना- यह एक ऐसा विषय है जो हम को साहस के साथ बदलते वक्त की चुनौतियों का सामना करने के लिये भी प्रशिक्षित करता है।

व्यक्तिगत जीवन में महत्व– इसमें पढ़ाए जाने वाले सभी विषय व्यक्ति विशेष के जीवन के लिए महत्वपूर्ण है जिससे उसे जीवन निर्वहन में आसानीं होगी।

पारिवारिक जीवन के लिये महत्व-यह विषय व्यक्तिगत जीवन के लिये ही उपयोगी नहीं हैं बल्कि इसमें पढ़ाए जाने वार्ले विषय गृहप्रबन्ध, वस्त्रविज्ञान, शरीर विज्ञान, सम्पूर्ण परिवार्र के लिये महत्वपूर्ण है।

आर्थिक महत्व-इस विषय के द्वारा कोई भी व्यक्ति वैतनिक यार् स्वरोजगार्र स्थार्पित करके अपना जीवनयापन करके परिवार की आर्थिक स्थिति को सुधार सकता है।

बदलती स्थितियों के अनुकूलूल पार्रिवार्रिक जीवन को बनाने– यह एक ऐसा विषय है जो हम को सार्हस के सार्थ बदलते वक्त की चुनौतियों क सार्मनार् करने के लिये भी प्रशिक्षित करता है।

### होम साइंस के जन्मदाता कौन है

होम साइंस एक घर का विज्ञान है और इसमें सभी चीजें शामिल हैं जो व्यक्ति, घर, परिवार के सदस्यों और संसाधनों की चिंता करती हैं। यह "बेहतर जीवन यापन" के लिए शिक्षा है और इस शिक्षा का मूल परिवार पारिस्थितिकी तंत्र है। यह परिवार और उसके प्राकृतिक और मानव निर्मित वातावरण के बीच पारस्परिक संबंधों से भी संबंधित है। इसका उद्देश्य आपके संसाधनों के कुशल और वैज्ञानिक उपयोग के माध्यम से व्यक्ति और उनके परिवार के सदस्यों के लिए अधिकतम संतुष्टि प्राप्त करना है। यह व्यक्ति को घर को सुंदर बनाने में शामिल वैज्ञानिक प्रक्रियाओं का सारा ज्ञान देता है। गृह विज्ञान मानव पर्यावरण, परिवार पोषण, संसाधनों के प्रबंधन और बाल विकास में सुधार के लिए विभिन्न विज्ञानों और मानविकी के अनुप्रयोग को एकीकृत करता है।

### होम साइंस में करियर

एक बार जब छात्र अपना बैचलर्स पूरा कर लेते हैं, तो आप सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में नौकरी की कई संभावनाएं खोज सकते हैं। प्रमुख रोजगार क्षेत्रों में सरकारी मेस, रेस्तरां, कैफेटेरिया, सामुदायिक केंद्र, अस्पताल, कल्याण संगठन, परामर्श, शैक्षणिक संस्थान, फैशन पत्रकारिता, परिधान मर्चेंडाइजिंग इत्यादि शामिल हैं। यहां कुछ प्रमुख नौकरी प्रोफाइल हैं जिन्हें गृह अर्थशास्त्र स्नातक मानते हैं:

- रिसर्च साइंटिस्ट
- एक्सहिबीटर
- न्यूट्रिशनिस्ट
- डाइटिशियन
- अस्सिटेंट डाइटिशियन
- फूड एनालिस्ट
- हेल्थ एंड न्यूट्रिशन जर्नलिस्ट
- होस्टेस एंड रिसेप्शनिस्ट
- कॉउंसलर, प्रोफेसर एंड रिसर्चर



### होम साइंस कोर्सेज

ऐसे कई कोर्स हैं जो छात्र विदेश के विश्वविद्यालयों से कर सकते हैं। इस क्षेत्र में पेश किए जाने वाले कुछ कोर्सेज की सूची नीचे दी गई है

- डिप्लोमा इन होम साइंस
- बीएससी इन होम साइंस
- एमएससी इन होम साइंस
- एमए इन होम इकोनोमिक्स
- एमएससी फूड साइंस एंड बायोटेक्नॉलॉजी
- एमएससी इन न्यूट्रीशिएन साइंस
- एमएससी इन न्यूट्रीशिएन एंड फूड साइंस
- मास्टर ऑफ फूड साइंस एंड टेक्नोजोजी

### होम साइंस में विज्ञान बैचलर्स

होम साइंस में बीएससी एक स्नातक कार्यक्रम है जिसमें छात्र बदलते परिवेश के संबंध में घर और पारिवारिक जीवन को लाने के लिए विज्ञान के अनुप्रयोग का अध्ययन करते हैं। लोकप्रिय विषयों में पर्यावरण विज्ञान, भौतिक विज्ञान, वस्त्रों के मूल तत्व, संसाधन प्रबंधन, पोषण के मूल तत्व, परिवार के लिए पोषण, जीवन काल विकास आदि शामिल हैं।

### होम साइंस में डिप्लोमा

एक खुशहाल घर और एक स्वस्थ जीवन शैली प्राप्त करने के लिए संसाधनों और विज्ञान के प्रबंधन के लिए डिप्लोमा कोर्सेज का अध्ययन करने वाले छात्र। कोर्सवर्क में कुछ महत्वपूर्ण विषयों में खाद्य विज्ञान, बाल विकास, हाउसकीपिंग, वित्तीय प्रबंधन और उपभोक्ता अध्ययन, पाक विज्ञान, उद्यमिता आदि शामिल हैं।

### होम साइंस में मास्टर ऑफ आर्ट्स

मास्टर ऑफ आर्ट्स एक मास्टर्स कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य किसी व्यक्ति की मानसिकता और समग्र सोच को विकसित करना है। यह उन्हें अधिक व्यवस्थित और विस्तृत तरीके से भलाई की रोजमर्रा की वास्तविकताओं को समझने में मदद करता है। डिग्री प्रोग्राम के तहत शामिल विभिन्न विषयों में अनुसंधान के तरीके और सांख्यिकी, बाल विकास, ऊर्जा प्रबंधन और घरेलू उपकरण, सामुदायिक पोषण, वस्त्र और वस्त्र, उन्नत खाद्य विज्ञान आदि शामिल हैं।

### भारतीय विश्वविद्यालय

- लेडी इरविन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय
- जेडी बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ होम साइंस, कोलकाता
- एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय, मुंबई
- गृह विज्ञान विभाग, कलकत्ता विश्वविद्यालय
- गवर्नमेंट होम साइंस कॉलेज, पंजाब यूनिवर्सिटी
- बनस्थली विश्वविद्यालय, राजस्थान
- गृह विज्ञान महाविद्यालय, निर्मला निकेतन, मुंबई
- इसके अलावे भारत के सभी राज्यों के विश्वविद्यालय में भी पढ़ाई होती है।